बैशाख कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


सोमवार, 6 मई 2024
वर्ष-34, अंक-99, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



स्वियातेक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता 15

24 को रिलीज होगी मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी 16

## ईडी ने मांगी यूट्यूबर एल्विश की संपत्तियों की जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- रेव पार्टियों में सांपों के जहर की सप्लाई के मामले में है आरोपी

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोन के अधिकारियों ने यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने एल्विश के बैंक खातों का ब्योरा, वाहनों एवं अन्य संपत्तियों की जानकारी मांगी है। यादव के खिलाफ लखनऊ जोन में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

बताते चलें कि भाजपा नेता मेनका गांधी की संस्था पीपुल्स फॉर एनीमल्स की ओर से रेव पार्टियों एवं अन्य स्थानों पर सांपों के जहर की सप्लाई करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद नोएडा की सेक्टर-49 पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बीती 17 मार्च को एल्विश यादव को भी जेल भेजा गया था। ईडी लखनऊ जोन में मामला दर्ज होने के बाद अब यहां से भी एल्विश पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है।

# यादव परिवार बनाम भाजपा के मंत्री-सांसदों की अग्निपरीक्षा कल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मैनपुरी में मोदी की गारंटी व मुलायम की विरासत के बीच मुकाबला
- सपा के तीन सदस्यों, भाजपा के दो मंत्री और चार सांसदों की प्रतिष्ठा दांव पर



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव परिवार के तीन सदस्यों तो, भाजपा के दो मंत्री और चार सांसदों की मंगलवार को अग्निपरीक्षा होनी है। ऐसे में दोनों ही दलों की प्रतिष्ठा दांव पर है। खासकर मैनपुरी सीट पर इस बार मोदी की गारंटी और मुलायम की विरासत के बीच मुकाबला है। मुलायम की बहू डिंपल यादव के साथ यहां पूरा यादव परिवार जुटा है। जबकि मोदी-योगी से लेकर पूरी भाजपा सपा से यह सीट छीनने को मंत्री जयवीर सिंह के साथ है।

उप्र. में मैनपुरी एकमात्र सीट है जिस पर पिछले तीन दशक में किसी लहर का असर नहीं रहा और सपा हमेशा जीतती रही। बदायूं से शिवपाल यादव के पुत्र आदित्य यादव और रामगोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव फिरोजाबाद से प्रत्याशी हैं। परिवार के इन सदस्यों को विजयी बनाने को यादव कुनबे ने प्रचार में कोर-कसर नहीं छोड़ी है।

भाजपा के दो मंत्रियों में से एक हाथरस सु.सीट से राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि हैं तो मैनपुरी से पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह हैं। डिंपल के मुकाबले बसपा से गुलशन कुमार शाक्य भी मैनपुरी के मैदान में हैं। उधर, भाजपा के चार सांसद उम्मीदवारों में आगरा सु. से एसपी सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर, एटा से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह और आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप शामिल हैं। बदायूं सीट पर कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। दरअसल, सपा ने बदायूं सीट से पहले धर्मेंद्र यादव, फिर शिवपाल यादव और बाद में उनके बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया। उधर, भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर दुर्विजय शाक्य को प्रत्याशी घोषित किया। वहीं, बसपा ने मुस्लिम खान को उतार कर मुस्लिम कार्ड खेला है। भाजपा के सामने इस चरण में चुनौती सपा के चक्रव्यूह को तोड़ते हुए 2019 में जीती हुई सीटों को बचाए रखने की है। जिन 10 लोकसभा सीटों पर मंगलवार को मतदान है वहां पिछली बार भाजपा ने आठ सीटें जीती थीं। सपा केवल दो सीटों संभल और मैनपुरी तक सिमट कर रह गई थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में भाजपा ने इन 10 में से 7 सीटें जीती थीं।

### अखिलेश के लिए भी कड़ी परीक्षा का समय

सपा पहली बार लोकसभा चुनावों में बिना मुलायम सिंह यादव के मैदान में है। इसलिए अखिलेश यादव के लिए भी ये समय कड़ी परीक्षा का है। सपा के गठन के बाद से अब तक जितने भी चुनाव हुए, उसमें मुलायम की अहम भूमिका रहती थी। मुलायम की अगुवाई में मुस्लिम और यादव बहुल इन सीटों पर ही काबिज होकर पार्टी ने अपना राजनीतिक झंडा बुलंद किया था।

### तीसरे चरण का प्रचार थमा, मतदान कल

तीसरे चरण में प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों के लिए रविवार की शाम चुनाव प्रचार खत्म हो गया। मतदान के लिए छह मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मतदान सात मई को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों संभल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली सीटों पर मतदान होगा।




# अपने-अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे सपा और कांग्रेस : मोदी

## इटावा के ककराई ढकपुरा में आयोजित चुनावी रैली में बोले प्रधानमंत्री, दोनों से रहें सावधान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कहा, वैज्ञानिकों ने टीका बनाया, विपक्षियों ने बदनाम किया
- देश को हजार वर्ष तक मजबूत राष्ट्र बनाने की नींव रखनी है

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा है कि ये दोनों पार्टियां अपने-अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रही हैं। लोगों को इन दोनों से सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस ओबीसी, एससी और एसटी का आरक्षण छीनकर धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं। कर्नाटक में रातों-रात मुस्लिम जातियों को ओबीसी घोषित कर दिया गया। वहां ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिला था। उसमें डाका डाल दिया। सोचिए, यूपी में ऐसा हुआ तो यहां के ओबीसी के हक का क्या होगा। यह बहुत बड़े खतरे की घंटी है। प्रधानमंत्री रविवार को इटावा लोकसभा क्षेत्र के ककराई ढकपुरा में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।



अयोध्या में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह।

इटावा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, कन्नौज से सुब्रत पाठक और मैनपुरी से जयवीर सिंह के समर्थन में आयोजित इस रैली में मोदी ने कहा कि पांच साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार मंदिर-मंदिर घूम रहा था। कांग्रेस के शहजादे ने तो कोट के ऊपर जनेऊ पहन लिया था। इस बार मंदिर का दर्शन बंद हो गया है। प्रधानमंत्री ने परिवारवाद की राजनीति पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले एक परिवार के ही लोग पीएम और सीएम बनते थे। एक चाय वाले ने इस कुप्रथा को तोड़ दिया है। सपा-कांग्रेस की बातें झूठीं, वादे भी झूठे हैं। सपा-कांग्रेस के नारे झूठे और नीयत में भी खोट है। मोदी ने कहा कि देश के वैज्ञानिकों ने टीका बनाया, लेकिन सपा व कांग्रेस के लोग इसको भी बदनाम करते थे। खुद चोरी चुपके टीके लगवाते थे, लेकिन टीवी पर लोगों को भड़काते थे, ताकि हाहाकार फैले और पाप मोदी के माथे पर लगे। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी परिवार के लिए नहीं, बल्कि देश के निर्माण और विकास के लिए काम कर रहे हैं। मोदी रहे न रहे पर ये देश रहेगा। अब 15 साल नहीं बल्कि 25 साल तक काम करना है। 2047 तक हमें देश को आने वाले हजार वर्ष तक मजबूत राष्ट्र बनाने की नींव रखने का काम करना है। पीएम मोदी ने तीनों प्रत्याशियों के लिए जनता से समर्थन मांगा।

### मोदी ने रामलला का पूजन कर उतारी आरती, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**अयोध्या कार्यालय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम श्रीराम मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इसके बाद रोड-शो किया, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। मोदी शाम 6 :55 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से श्रीराम मंदिर पहुंचे। रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद प्रधानमंत्री वाहन से राम मंदिर के मुख्य गेट से बाहर आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीले रंग का शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद रथ पर सवार होकर लगभग आठ बजे उन्होंने राम पथ पर रोड-शो शुरू किया।

## प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी

बेंगलुरु, एजेंसी

**सेक्स स्कैंडल मामला**

- कर्नाटक के गृहमंत्री परमेश्वर ने दी जानकारी
- रेवन्ना को भारत लाने को ली जा रही इंटरपोल की मदद

कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने रविवार को कहा कि अनेक महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है और हासन लोकसभा सीट से राजग के उम्मीदवार को भारत लाने के लिए इंटरपोल की मदद ली जा रही है। किसी अपराध के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग निकाय द्वारा किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान या गतिविधियों के बारे में अपने सदस्य देशों से अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है।

मंत्री ने कहा कि 'सेक्स स्कैंडल' की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) इस बात पर फैसला करेगा कि प्रज्ज्वल को कैसे वापस लाया जाए। परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पहले ही ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है। इंटरपोल सभी देशों को सूचित करेगा और उनका पता लगाएगा।

### दुष्कर्म पीड़िताओं को आर्थिक मदद देगी सरकार

**बेलगावी।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार जद (एस) नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकार बनाई गईं महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की मौजूदगी में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मांग की थी कि आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सैकड़ों की संख्या में दुष्कर्म पीड़िताओं को वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

## सीआईएससीई बोर्ड के आज आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) सोमवार 6 मई को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम सुबह 11 बजे घोषित करेगा। यह जानकारी बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुएल ने रविवार को दी। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट, कैरियर्स पोर्टल और डिजीलॉकर पर उपलब्ध होंगे। बोर्ड ने इस सत्र से 10 वीं और 12वीं कक्षा के लिए कंपार्टमेंट परीक्षा बंद करने का भी निर्णय लिया है। इमैनुएल ने कहा कि जो अभ्यर्थी परीक्षा के एक ही वर्ष में अपने अंक या ग्रेड में सुधार करना चाहते हैं, वे अधिकतम दो विषयों में सुधार परीक्षा दे सकते हैं।अंक सुधार परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी।

## बेकाबू ट्रक ने पंक्चर डम्पर में मारी टक्कर, तीन की मौत, एक घायल



हादसे के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी व अन्य लोग।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिजनौर के अली नगर खुर्द स्थित किसान पथ पर पंक्चर हो गया था मौरंग लदा डम्पर
- टायर बदलते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बिजनौर के अली नगर खुर्द स्थित किसान पथ पर रविवार दोपहर बेकाबू टाइल्स लदे ट्रक ने पंक्चर डम्पर को टक्कर मार दी। हादसे में डम्पर का टायर बदल रहा चालक सफीक अहमद (30) डम्पर के नीचे आ गया। वहीं, ट्रक चालक महेंद्र जांगिड़ (33) और खलासी राजू सैनी (40) केबिन में फंस गए। हादसे में तीनों की मौत हो गई। जबकि, सफीक का हेल्पर रामसेवक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रभारी निरीक्षक बिजनौर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि हमीरपुर से मौरंग लादकर बाराबंकी जा रहा डम्पर रविवार दोपहर 12 बजे के करीब अली नगर खुर्द स्थित किसान पथ (आउटर रिंग रोड) पर बीचोबीच पंक्चर हो गया। डम्पर का चालक हमीरपुर के मौदहा थानाक्षेत्र के माचा गांव का सफीक अहमद , हेल्पर उन्नाव सोहरामऊ के हीराखेड़ा निवासी रामसेवक के साथ टायर बदलने लगा। इसी बीच गुजरात से टाइल्स लादकर नेपाल जा रही ट्रक ने ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सफीक डम्पर के पहिये के नीचे आ गया। मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हेल्पर रामसेवक भी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि, टक्कर होने से ट्रक का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। राजस्थान के अलवर स्थित थानागाजी निवासी ट्रक चालक महेंद्र जांगिड़ और खलासी राजू सैनी केबिन में ही फंस गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल हेल्पर रामसेवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

### केबिन काटकर निकाले गए दो शव

प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा के मुताबिक ट्रक चालक महेंद्र व खलासी राजू सैनी केबिन में बुरी तरह फंसे थे। जिसके बाद दोनों की मौत हो गई थी। दोनों के शव निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद इलेक्ट्रानिक कटर मंगाकर ट्रक के केबिन को काटकर दोनों के शवों को निकाला गया। दोनों के शरीर का निचला हिस्सा पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दी है।

## देहरादून में इस्कॉन के वरिष्ठ संन्यासी गोपाल कृष्ण गोस्वामी का निधन

- आज वृंदावन में होगा अंतिम संस्कार

**देहरादून।** इस्कॉन के वरिष्ठ सन्यासी और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का रविवार सुबह उपचार के दौरान, उत्तराखंड के देहरादून स्थित एक निजी अस्पताल में देहावसान हो गया।

गोस्वामी ने सुबह करीब साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर है। सूत्रों ने बताया कि गोपाल महाराज दो मई को डोईवाला अंतर्गत, दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके पसलियों में फ्रेक्चर हो गया था। तीन दिनों से उनका इलाज सिनर्जी अस्पताल में चल रहा था जहां रविवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को उनका पार्थिव शरीर वृंदावन ले जाया जाएगा, जहां अंतिम क्रिया की जाएगी।

## मायावती पर की अमर्यादित टिप्पणी सपा महासचिव शिवपाल पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं





- वीडियो वायरल होने पर बसपा जिलाध्यक्ष ने दी थी तहरीर

**अमृत विचार :** बसपा सुप्रीमो मायावती के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बसपा जिलाध्यक्ष आरपी त्यागी ने पार्टीजनों के साथ सिविल लाइन कोतवाली पहुंचकर शिवपाल के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वायरल वीडियो की जांच के बाद कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता आरपी त्यागी ने सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव बदायूं लोकसभा सीट से प्रत्याशी हैं। शिवपाल यादव ने एक कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में बेटे की हार के डर से बौखलाहट में बसपा प्रमुख मायावती के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। जो एक टीवी चैनल के अलावा सोशल साइट्स पर प्रसारित हुआ। बसपा जिलाध्यक्ष ने 3 मई दोपहर तीन बजे वह वीडियो देखा। उनका कहना है कि सपा नेता के बयान से बसपा के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इसकी वजह से सामाजिक माहौल बिगड़ने की प्रबल संभावना है। मामला गंभीर होने पर सिविल लाइन पुलिस ने शिवपाल यादव के खिलाफ जानबूझकर अपमानित करने और दो वर्गों के बीच द्वेष व शत्रुता पैदा करने को बढ़ावा देने का बयान देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

> बसपा जिलाध्यक्ष आरपी त्यागी की ओर से तहरीर प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। -**आलोक मिश्रा**, सीओ सिटी

## बुलंदशहर की नहर में मिला चार दिनों से ग्रेटर नोएडा से लापता किशोर का शव

- कार सवार बदमाशों ने 1 मई को किया था अगवा

**बुलंदशहर।** ग्रेटर नोएडा से चार दिन पहले अपहरण किए गए किशोर की लाश पुलिस ने बुलंदशहर में एक नहर से रविवार को बरामद किया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व एक मई को कार सवार बदमाशों ने गावं मियाना निवासी कुनाल (15) पुत्र कृष्ण कुमार का अपहरण कर लिया था। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी ।

घटना से आक्रोशित परिजनों ने 2 दिन पहले बीटा 2 थाने का घेराव भी किया था। अपहृत बालक का शव बुलन्दशहर कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत नहर में पड़ा देखा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है तथा गौतम बुद्ध नगर पुलिस और परिजनों को भी सूचना कर दी गई है।

**मदरसा बोर्ड** — 13 लाख छात्र पढ़ेंगे संशोधित पाठ्यक्रम, उप्र मदरसा शिक्षा परिषद ने दिया व्यवस्थाओं को विस्तार

# एनसीईआरटी आधारित पाठ्यक्रम से तालीम लेंगे मदरसा छात्र

जीशान कदीर, लखनऊ



- मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल के छात्रों के पाठ्यक्रम और पुस्तकों में संशोधन

**लखनऊ :** यूपी मदरसा बोर्ड में नए सत्र का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को आधार बनाते हुए शुरू किया जा रहा है। इस बार 13 लाख छात्र संशोधित पाठ्यक्रमों के सहारे अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। इसमें मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल के छात्र शामिल हैं।

उप्र मदरसा बोर्ड के अंतर्गत 16,513 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। इनमें से 560 मदरसे अनुदानित रहे हैं। कुल मदरसों में 13 लाख के करीब छात्र पंजीकृत हैं। इनमें मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल के छात्र हैं।

रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी बताती हैं कि आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मदरसों में शुरू होने वाली नई व्यवस्थाओं को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के अनुसार स्थापित कराया जा रहा है। शिक्षा विभाग से सामंजस्य बनाकर पाठ्यक्रमों में आंशिक संशोधन किए गए हैं। अब तक मदरसों में कक्षा एक में पढ़ाई जा रही उर्दू जुबां पुस्तक के स्थान पर इस बार शहनाई पुस्तक से जुड़े पाठ्यक्रमों को छात्र पढ़ सकेंगे। परिषदीय स्कूलों और मदरसों में गणित और अंग्रेजी की पढ़ाई को संयुक्त पुस्तक के आधार से हटाकर अलग-अलग पुस्तकों के आधार पर पढ़ाया जाएगा।

**छुट्टियों का भी किया निर्धारण :** मदरसों में यूनिफॉर्म सहित अन्य व्यवस्थाएं भी निर्धारित की जा रही हैं। इसमें छुट्टियां भी शामिल की गई हैं। साप्ताहिक अवकाश के साथ जल्द ही बोर्ड कैलेण्डर भी जारी करने पर चर्चा कर रहा है।

### इन संशोधित पुस्तकों से होगा अध्ययन

मदरसा बोर्ड ने पुस्तकों में भी बदलाव किया है। कक्षा एक के छात्रों के लिए उर्दू जुबां के स्थान पर शहनाई पुस्तक को तैयार किया गया है। छात्र गणित विषय आनंदमय-रियाजी पुस्तक के साथ पढ़ेंगे। अंग्रेजी विषय मृदंगम प्रथम के आधार पर शामिल की गई है। कक्षा दो के लिए मृदंगम द्वितीय पुस्तक भी संशोधित पाठ्यक्रम में शामिल है।

### 9,646 शिक्षकों को मिली जिम्मेदारी

प्रदेश में संचालित 560 अनुदानित मदरसों में कार्यरत 9,646 शिक्षकों को नए पाठ्यक्रमों के अनुसार छात्रों को पढ़ाने के लिए रजिस्ट्रार की ओर से निर्देश दिए गए हैं। जनपदवार जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से कहा गया है कि शिक्षकों के साथ-साथ कार्यरत 554 शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से विस्तार व्यवस्था में मदद ली जाए।

### वैकल्पिक विषयों पर दिया जाएगा जोर

मदरसा बोर्ड में मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल में अरबी, फारसी व उर्दू, हिंदी, अंग्रेजी विषयों के साथ विकल्प के रूप में शामिल सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, नागरिक शास्त्र, कंप्यूटर विषयों पर भी इस बार जोर दिया जाएगा।

### सवा लाख छात्रों का परीक्षा परिणाम जल्द

मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षाओं का परिणाम इसी सप्ताह आना है। विभागीय तैयारी पूरी कर ली गई हैं। रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि सभी परिणाम घोषित होते ही मदरसों की पढ़ाई शुरू करा दी जाएगी।

## एक नजर

### भाजपा में शामिल हुए व्यापारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** रविवार को नीलमथा बाजार उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मलखान सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी भाजपा में शामिल हुए। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा और लोकसभा सहसंयोजक राकेश श्रीवास्तव और पुष्कर शुक्ला ने व्यापारियों का पार्टी में स्वागत किया। अतुल शुक्ला के नेतृत्व में अन्य दलों से आए ऋषि पांडे, अनुज जयसवाल, संदीप भंडारी एवं अन्य समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ पूर्वी सीट पर विधानसभा उप चुनाव प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी जनसंपर्क किया। समुदीपुर गांव के महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ मुलाकात की। इसके साथ ही बी ब्लॉक इंदिरानगर में बैठक का आयोजन किया गया।

# जॉब नहीं सिर्फ पहचान के लिए बनवाए गए कार्ड

## सत्यापन में न मिल रहे श्रमिक न आधार कार्ड, कई बाहर कर रहे काम



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 1.52 करोड़ श्रमिकों में 83.56 फीसद सत्यापित सक्रिय में 82.31 का सत्यापन

**अमृत विचार :** प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत बने जॉब कार्ड का 100 फीसद सत्यापन नहीं हो पाया है। इसमें ज्यादातर श्रमिक गांव के बाहर काम कर रहे या फिर सत्यापन के दौरान नहीं मिलते हैं। कुछ की मृत्यु हो चुकी है तो कई सत्यापन के लिए आधार कार्ड नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। इस कारण कुल 1,52,21,426 श्रमिकों में 1,27,18,286 (83.56 फीसद) का सत्यापन हो पाया है। जबकि शेष की गिनती 100 दिन के रोजगार में नहीं है।

यह कह सकते हैं कि जॉब कार्ड रोजगार के लिए नहीं योजनाओं का लाभ और पहचान के लिए बनवाएं हैं। वहीं, सक्रिय श्रमिकों में 1,00,56,810 में 82,77,761 (82.31 फीसद) का सत्यापन हुआ है। यह श्रमिक बराबर काम करने वाले हैं। कारण कुछ भी हो 100 फीसद सत्यापन के लिए संयुक्त आयुक्त (मनरेगा) अनिल कुमार पांडेय ने सभी जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

### मृतक व डुप्लीकेट जॉब कार्ड होंगे डिलीट

मृतक, डुप्लीकेट जैसी अन्य स्थिति वाले जॉब कार्ड डिलीट किए जाएंगे। ग्राम पंचायतों में समिति द्वारा जरूरतमंदों के नये कार्ड भी बनाए जाएंगे। दरअसल, जॉब कार्ड से गांव में मनरेगा के तहत श्रमिक व उनके परिवार के सदस्यों को रोजगार मिलता है। जॉब कार्ड धारक को आवास, पेंशन, शौचालय जैसी अन्य योजनाओं का लाभ भी मिलता है। बैंक खाता खोलना हो या अन्य पहचान के तौर पर भी जॉब कार्ड का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए योजना का लाभ लेने के बाद ज्यादातर के जॉब कार्ड कोरे हैं।

### इन जिलों में कम सत्यापन

| जिला | कुल श्रमिक | सक्रिय श्रमिक |
|---|---|---|
| बागपत | 79.87 | 48.96 |
| चंदौली | 63.72 | 61.41 |
| संतरविदास नगर | 64.70 | 61.78 |
| औरैया | 64.18 | 61.83 |
| बांदा | 67.09 | 67.07 |
| गाजीपुर | 64.04 | 63.43 |
| गौतमबुद्ध नगर | 53.91 | 63.73 |

(आंकड़े फीसद में)

### यहां 99 फीसद सत्यापन

| जिला | कुल श्रमिक | सक्रिय श्रमिक |
|---|---|---|
| बुलंदशहर | 99.22 | 98.96 |
| सिद्धार्थ नगर | 98.96 | 99.06 |
| मथुरा | 99.13 | 99.08 |
| ललितपुर | 99.47 | 99.62 |
| अयोध्या | 99.66 | 99.64 |
| आगरा | 99.62 | 99.76 |
| प्रतापगढ़ | 99.80 | 99.88 |

(आंकड़े फीसद में)

# गहरी डाली जाएगी पाइप लाइन, लीकेज करेंगे दूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिकायतों का शासन ने लिया संज्ञान, कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में गहरी पाइप लाइन नहीं डाली जा रही है। लीकेज की भी तमाम शिकायतें हैं। शासन ने संज्ञान लेकर खराब गुणवत्ता व मानक विपरीत कार्य होने पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ग्रामीण इलाकों में हर घर नल योजना का कार्य दिसंबर 2024 तक पूर्ण कर सभी घरों में जलापूर्ति करने का लक्ष्य है। जिलों पर मानक विपरीत और खराब निर्माण सामग्री के इस्तेमाल होने की शिकायतें हैं। कहीं गहरी पाइप लाइन नहीं डाली जा रही तो कहीं लीकेज है। शासन ने इन शिकायतों का संज्ञान लेकर समीक्षा, जिसमें गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुसार काम करने के निर्देश दिए हैं। जहां कमियां हैं, वहां फर्म द्वारा तत्काल सुधार किया जाएगा। सभी जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश किए गए कि जहां कनेक्शन कर जलापूर्ति की जा रही है, वहां नियमित पानी की टेस्टिंग की जाए। आपूर्ति वाले गांवों का पोर्टल पर सत्यापन रिपोर्ट, लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने संबंधित निर्देश दिए गए हैं। जो परियोजनाएं पूर्ण हो गईं हैं, वे ग्राम पंचायतों को हैंडओवर की जाएंगी।

# इंडी गठबंधन बनने के बाद से ही विवादों में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने कहा, स्वार्थ के लिए लगातार विवादास्पद बयान दे रहे गठबंधन के नेता



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरदोई और इटावा में जनसभा से पहले रविवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन बनने के बाद से ही विवादों में है। यही वजह है कि इनके नेताओं के लगातार विवादास्पद बयान सामने आ रहे हैं। यह इनके लिये नई बात नहीं है। यही इनका चरित्र है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन स्वार्थ का गठबंधन है। जो बयान भारत के दुश्मनों को अच्छे लगे, जिससे देश में विखंडन की स्थिति पैदा हो। यह लोग अपने स्वार्थ के लिए लगातार ऐसे विवादास्पद बयान दे रहे हैं। इसके जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय अखंडता को अपूर्णीय क्षति भी पहुंचा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विकास की एक नई धारा के साथ जुड़ कर बेहतरीन लोकतांत्रिक माहौल की ओर जा रहा है। यहां पहले जो परिवारवादी सत्ता हावी थी, आज उसके दिन लद चुके हैं। वर्तमान में जनता के प्रतिनिधि सही मायने में चुने जा रहे हैं। इसका उदाहरण पंचायत चुनाव में देखने को मिला है। इसकी वजह से इनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक चुकी है। इससे ये लोग हताश-निराश हैं और इस तरह के बयान दे रहे हैं। इनके इन बयानों से पाकिस्तान खुश होता है, इसलिए वह इंडी गठबंधन से जुड़े राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं के समर्थन में बयान देता है।

## एक लाख सुरक्षाकर्मी आज होंगे रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव-2024 के तीसरे चरण में 10 संसदीय सीटों के लिए मंगलवार को मतदान होना है। सकुशल मतदान संपन्न कराने के लिए उप्र. पुलिस मुख्यालय एक लाख सुरक्षा कर्मियों को चुनाव क्षेत्र में भेज रहा है। सभी कार्मिक सोमवार को गंतव्य की ओर रवाना हो जाएंगे।

गौरतलब हो कि कल संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली में मतदान होना है। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की मुस्तैदी के लिए एक लाख सुरक्षा कर्मियों को भेजा जा रहा है। इसमें सीआरपीएफ, पीएसी, उप्र. पुलिस, होमगार्डस के जवान शामिल हैं। सात हजार के करीब नागरिक पुलिस के निरीक्षक और उपनिरीक्षक भेजे जा रहे हैं, जबकि 60 हजार उप्र. पुलिस के आरक्षी शामिल हैं। इसके अलावा पीएसी, होमगार्डस और केंद्रीय बलों के कार्मिकों को संख्या करीब 40 हजार के आसपास हैं।

# 5वां चरण : 149 लोस प्रत्याशियों के नामांकन खारिज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर दो नामांकन रद
- आज नाम वापसी, 20 मई को होगा मतदान

**अमृत विचार :** पांचवें चरण के चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच में 149 लोकसभा प्रत्याशियों के नामांकन खारिज हो गये, जबकि 147 नामांकन वैध पाये गये। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए दाखिल दो नामांकन रद्द हो गये। चार नामांकन वैध पाये गये। खारिज होने वाले नामांकनों में ज्यादातर निर्दलीय व छोटे दलों के प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों के प्रत्याशी छह मई को नाम वापस ले सकेंगे। 20 मई को मतदान होगा। इस चरण के दिग्गज लोकसभा प्रत्याशियों में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, राहुल गांधी आदि शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा सीटों के लिए कुल 296 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए कुल छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। उन्होंने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) सीट पर 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिसमें 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए। लखनऊ सीट के लिए कुल 41 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जांच में 31 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए। रायबरेली क्षेत्र के लिए कुल 24 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 16 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए। अमेठी सीट के लिए कुल 31 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जांच में 18 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए।

## सपा प्रत्याशी सहित कई के नामांकन खारिज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजनाथ सहित 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए

**अमृत विचार :** लोकसभा लखनऊ सीट पर नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच शुक्रवार देर रात पूरी हो गई। जिसमें सपा प्रत्याशी डॉ. आशुतोष सहित 31 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच में खारिज हो गए।

यह जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा सहित 10 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाए गए। लखनऊ लोकसभा सीट पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान कुल 41 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सोमवार को दोपहर तीन बजे तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे।

### रविदास मेहरोत्रा को पर्चा खारिज होने का था डर



लखनऊ लोकसभा सीट से 29 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने नामांकन किया था। इसके दूसरे ही दिन एक मई को इंडी गठबंधन से सपा के रविदास मेहरोत्रा ने पर्चा भरा। रविदास को नामांकन पत्र खारिज होने का डर था। इसलिए उन्होंने एक सेट में और पर्चा भरा। पर्चा खारिज होने के डर से सपा प्रत्याशी के तौर पर डॉ. आशुतोष ने 3 मई को नामांकन किया।

## आचार संहिता के उल्लंघन में 114 पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब तक 114 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है, जबकि कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आचार संहिता का पालन कराने के लिए सघन जांच की जा रही है। 16 मार्च से अब तक पुलिस विभाग की ओर से आपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये हैं। 4703 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये हैं। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में 26,70,394 लोगों को पाबंद किये जाने के लिए नोटिस भेजी गई, जिसमें 23,30,837 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग की ओरसे 8730 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8817 कारतूस, 3019.32 किग्रा विस्फोटक व 485 बम बरामद कर सीज किये गये हैं।

# ऊर्जा निगमों के परिसर से हटेंगे माइक्रोवेब टॉवर

## शक्ति भवन परिसर में टॉवर हटाने का काम शुरू, अनुपयोगी हो चुके हैं सभी टॉवर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



राजधानी स्थित शक्ति भवन के परिसर में माइक्रोवेब टॉवर हटाने के लिए की गई तैयारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन के मुख्यालय शक्ति भवन परिसर में लगे सौ मीटर ऊंचे माइक्रोवेब टॉवर समेत प्रदेश में लगे सभी टॉवर हटाए जाएंगे। शक्ति भवन के टॉवर को हटाने का काम शुरू हो गया है। इसको हटाने में करीब एक माह का समय लगेगा।

पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में पूरे प्रदेश की बिजली व्यवस्था तत्कालीन राज्य बिजली बोर्ड के जिम्मे थी। 41 साल पहले शक्ति भवन परिसर में सौ मीटर ऊंचा माइक्रोवेब टॉवर लगाया था, इसके अलावा बिजली उत्पादन इकाइयों ओबरा, अनपरा, हरदुआगंज, पनकी आदि जगहों पर भी ऐसे टॉवर लगाये गये थे। दूरसंचार के लिए बनाये गये इन माइक्रोवेब टॉवरों के जरिये बिजली अभियंता आपस में बातचीत कर बिजली उत्पादन, पारेषण व वितरण की जानकारियां साझा करते थे, वर्तमान में यह व्यवस्था बंद हो चुकी है। ऑप्टिकल फाइबर के तहत शक्ति भवन मुख्यालय को उत्पादन व पारेषण केंद्रों से जोड़ दिया गया है। ऐसे में माइक्रोवेब व्यवस्था अनुपयोगी हो गई है।

अधिकारियों का कहना है कि पहले चरण में शक्ति भवन में लगे टॉवर को हटाने के लिए पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने निर्देश दिये हैं, इसी के तहत इस टॉवर को हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। टॉवर हटाने के लिए बरेली से विशेषज्ञ बुलाये गये हैं। अभियंताओं को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं। इस टॉवर को हटाने में करीब एक माह का समय लगने की संभावना है।

## सीएससी और आरआरसी से बढ़ेगी पंचायतों की आय

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राम पंचायतों की आय सुविधाओं और सेवाओं से बढ़ाई जाएगी। कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का संचालन मददगार बनेगा।

निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने आय बढ़ाने की योजना बनाई है। चुनाव बाद जिलों पर काम होगा। पंचायत भवनों में सीएससी संचालित होने से ग्रामीणों के आय, जाति, निवास बनवाना व अन्य योजनाओं के फार्म भरना आसान हो गया है। इसकी एवज में जो शुल्क आता है, वह ग्राम पंचायत की आय है। इसे और बेहतर तरह से संचालित किया जाएगा। वहीं, गांवों में संचालित कूड़ा कलेक्शन सेंटर (आरआरसी) की क्षमता और दायरा बढ़ेगा। इसके शुल्क से आय में इजाफा होगा। इसी तरह प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में अपशिष्ट प्लास्टिक का कलेक्शन कर सड़क निर्माण के लिए दाने बनाकर बिक्री की जाएगी। गोशालाओं से वर्मी कंपोस्ट खाद की बिक्री, मंदिरों पर पार्किंग, किराये पर दुकानें, पेयजल शुल्क आदि का पूरी तरह से संचालन कराया जाएगा।

# महिलाओं को मोदी पर भरोसा

## भाजपा के महिला सम्मेलन में कमल का बटन दबाने की अपील




भाजपा के महिला सम्मेलन को संबोधित करते पार्टी के नेता नीरज सिंह।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में पारा स्थित राज स्टेट लॉन में महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और महापौर सुषमा खर्कवाल ने महिला कार्यकर्ताओं को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिला कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। 20 मई को कमल का बटन दबाकर राजनाथ सिंह को विजयी बनाने की अपील की।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा ने कहा कि आज देश की महिलाओं का भरोसा नरेन्द्र मोदी पर है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने महिलाओं के संपूर्ण विकास के लिए ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आधी आबादी के वोट के बल पर मोदी चुनाव में हैट्रिक लगाने जा रहे हैं।

नीरज सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी को सिर्फ वादों की नहीं, कर्मों की भी पहचान है। उन्होंने सोच ईमानदार, काम दमदार, लखनऊ बोले 5 लाख पार, फिर एक बार मोदी सरकार के नारे के साथ जनता का आह्वान किया।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाकर अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया है। महापौर ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण का फैसला मील का पत्थर साबित होगा। आरक्षण का कानून बन जाने से 33 प्रतिशत महिलाओं को विधानसभा और संसद पहुंचने का अवसर मिलेगा।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि सम्मेलन में समाज सेविका नम्रता पाठक, महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष सीता नेगी, प्रसून जोशी आदि महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## अधूरे रह गए वादों पर बात नहीं कर रहे मोदी : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अधूरे रह गये वादों पर कोई बात नहीं कर रहे हैं।


प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने कहा कि कांग्रेस जनता की ओर से प्रधानमंत्री से लगातार सवाल कर रही है, पर वह खामोशी अख्तियार किए हुए हैं। कांग्रेस देशहित में उनसे सवाल पूछना जारी रखेगी। सीतापुर अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर सात साल से बंद क्यों है? यह भवन पिछली प्रदेश सरकार के कार्यकाल में बनाया गया था लेकिन भाजपा ने सत्ता में आने के बाद से इसकी उपेक्षा की है। नतीजा यह है कि मरीजों को इलाज के लिए अक्सर लखनऊ आना पड़ता है।

## राज्यपाल ने जताया दुख

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस्कॉन भारत के प्रमुख गोपाल कृष्ण गोस्वामी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में राज्यपाल ने कहा कि गोस्वामी का जीवन सर्व शांति व मानव कल्याण के लिए समर्पित था।

**कवायद** बीते तीन वर्षों के आधार पर सबसे ज्यादा मौतों वाले जिलों में बनाई जाएंगी 'मॉडल सेफ रोड'

# जीरो फैटिलिटी कॉरीडोर के जरिए दुर्घटनाएं रोकने की तैयारी



नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** सर्वाधिक दुर्घटना और मौतों वाले जिलों में अतिशीघ्र 'जीरो फैटिलिटी कॉरीडोर' विकसित किया जाएगा। इसके लिए बीते तीन वर्षों के आधार पर सबसे ज्यादा मृत्यु वाले जिलों में 'मॉडल सेफ रोड' बनाई जाएंगी। एक मार्ग एनएच (नेशनल हाइवे) को तय करना है तो दूसरी सड़क एसएच (स्टेट हाइवे) को चिह्नित करनी है।

प्रदेश में बीस जिले ऐसे हैं जिनमें सबसे अधिक करीब 43 प्रतिशत मौतें सड़क हादसों के दौरान होती हैं। मार्गों को चिह्नित कर सभी स्टेक होल्डर को जल्द से जल्द सड़क सुरक्षा समिति के 4-ई मॉडल (इंजीनियरिंग, इनफोर्समेंट, एजूकेशन और इमरजेंसी केयर) के तहत कार्यवाही शुरू कर परिणाम देना है। इसके लिए मुख्य सचिव की ओर से समिति के अध्यक्ष प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। सभी स्टेक होल्डर अथवा विभागों को कार्यवाही के लिए समयबद्ध 12 बिंदुओं की एक गाइडलाइन जारी की गई है। साथ ही जिला सड़क सुरक्षा कोष से एआरटीओ प्रशासन और प्रवर्तन को 5 लाख रुपये का बजट भी दे दिया गया है।

### प्रमुख बिंदु जिस पर सड़क सुरक्षा समिति को बढ़ना है आगे

- जिलों की सीमा के अंतर्गत एचएचएआई और लोनिवि के अधीन चयनित की गई रोड का सेफ्टी ऑडिट किया जाए।
- ऑडिट रिपोर्ट में दिए गए सुझावों पर तत्काल क्रियान्वयन शुरू कराया जाए। बजटीय प्राविधान सड़क सुरक्षा कोष में शामिल किया जाए।
- अल्पकालिक (एक वर्ष में) और दीर्घकालिक (एक साल से अधिक) कार्ययोजना को वर्गीकृत कर कार्यों के लक्ष्य का निर्धारिण कर परिणाम दिया जाए।
- मॉडल सेफ रोड पर एएनपीआर (आटोमेटेड नंबर प्लेट रिकगनिशन) कैमरा और वे-इन-मोशन स्थापित कर ई-चालान किया जाए।
- पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, ड्रंकन ड्राइविंग, गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल फोन प्रयोग, हेलमेट व सीट बेल्ट पर कार्यवाही।
- हाइवे पर तकनीकी खराबी के कारण वाहनों को खड़ा न होने दिया जाए। लगातार पेट्रोलिंग कर ऐसे वाहनों को तत्काल हटवाया जाए।
- दुर्घटना होने पर घायलों को त्वरित चिकित्सा के लिए ट्रामा केयर की व्यवस्था, इसमें आईएमए की भी सहायता ली जाए।
- खतरनाक स्थलों और मार्ग के अलग-अलग जगहों पर जागरूक करने वाले बैनर, होर्डिंग लगें। वॉल पेंटिंग से भी प्रचार प्रसार।
- ग्रामीण क्षेत्रों में हाइवे पर बने अवैध कट बंद करने, सीट बेल्ट व हेलमेट को लेकर स्कूलों और महाविद्यालयों में गठित रोड सेफ्टी क्लबों की सहायता से जागरूकता अभियान समेत करीब दर्जनभर बिंदुओं पर कार्यवाही के लिए कहा गया है।

"सड़क सुरक्षा पखवाड़ा खत्म हो गया है। इस बार शासन की ओर से सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत सर्वाधिक दुर्घटना और मौतों वाले 20 जिलों में एनएच और एसएच पर मॉडल सेफ रोड विकसित कर तय समय में सूचना देना है। इसके लिए प्रदेश के जिलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के जिम्मेदारों को गाइडलाइन भेज दी गई है। 'जीरो फैटिलिटी कॉरीडोर' विकसित कर आमजन की राह सुरक्षित की जाएगी।

–पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

## भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू : अविनाश पांडे

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि देश की जनता महंगाई-बेरोजगारी के खिलाफ इंडी गठबंधन की सरकार बनाएगी। प्रयागराज समेत कई सीटों पर चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि अब भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

प्रदेश प्रभारी ने रविवार को लोकसभा क्षेत्र (फूलपुर) प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, मछली शहर व जौनपुर पहुंचकर लोकसभा कोऑर्डिनेटर, जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की और चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। समन्वय बैठकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के संविधान, जनता का अधिकार, वंचितों का आरक्षण और बच्चों का भविष्य बचाने का चुनाव है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के आगे विपक्ष पस्त : नीरज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजनाथ सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह ने मार्टिनपुरवा स्थित दुर्गा मंदिर में क्षेत्रवासियों के साथ बैठक करके लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की।

जेसी गेस्ट हाउस निराला नगर और विकास नगर सेक्टर-10 के वालिया लॉन में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के आगे विपक्ष पूरी तरह पस्त है। भाजपा कार्यकर्ता भारत मां की संस्कृति, आस्था, गौरव और सम्मान की रक्षा की बात करते हैं, वहीं विपक्षी आतंकवादियों की मौत पर रोते हैं और सेना के जवानों के शौर्य और पराक्रम के सबूत मांगते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को दिया गया आपका एक-एक वोट 2047 के विकसित भारत की संकल्पना का आधार बनेगा और आतंकवादियों को चोट देने का काम करेगा।

सभा को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल ने कहा कि यह चुनाव सनातन धर्म की रक्षा करने वालों और सनातन धर्म को समाप्त करने वालों के बीच है। कार्यक्रम में पार्षद प्रत्याशी सुमित रावत, बीएन मिश्रा, पार्षद पंकज पटेल, रामकृष्ण यादव, डीएम कटियार, रामकुमार वर्मा और सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना




आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि०मी०
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि०मी०
- मटियारी चौराहा – 14 कि०मी०
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि०मी०
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि०मी०

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

## एक नजर



राजनाथ सिंह का एयरपोर्ट पर स्वागत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### राजनाथ का एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

**अमृत विचार,लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ रविवार को आंध्र प्रदेश से चुनावी सभा और रोड शो करने के बाद शाम 7 :30 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंच गए। एयरपोर्ट पर उनका उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने स्वागत करने के साथ पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र भेंट करके अभिवादन किया। रक्षा मंत्री सोमवार को माधव सभागार, सरस्वती शिशु मंदिर निराला नगर में आयोजित ' 'समरसता सम्मेलन' ' में शामिल होंगे। इसके बाद निराला नगर से दुबग्गा रिंग रोड जाएंगे। फरीदीपुर में भूहर पुलिस चौकी के पास जनसभा सभा को संबोधित करेंगे।

### आज मनाया जाएगा शताब्दी वर्ष

**अमृत विचार लखनऊ :** यूपी इंजीनियर्स एसोसिएशन सोमवार को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय में शताब्दी वर्ष मनायेगा। संगठन के महासचिव आशीष यादव ने बताया कि इस अवसर पर पत्रिका न्यूजलेटर के स्थापना दिवस विशेषांक का ऑनलाइन विमोचन किया जाएगा। कार्यकारिणी परिषद के पदाधिकारी, एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी, वरिष्ठ सदस्य और विभागाध्यक्षों से लेकर अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता शामिल होंगे।

### स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों ने कराई जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईटी चौराहा बाबूगंज के पास संघ भवन परिसर में वयम् वरेण्यम् फाउंडेशन व श्री मेडीकेयर ने निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। इसमें बलरामपुर अस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ. हिमांशु प्रताप सिंह ने लोगों के नाक, कान व गला की जांच की। डॉ. हिमांशु ने बताया कि लोगों को पहले मतदान, फिर जलपान' के प्रति जागरूक किया गया। 150 लोगों की जांचें कर परामर्श दिया गया। स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहिता भूषण चंद, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत तुलस्यान, फिजीशियन डॉ. ट्रिम्सी त्यागी, जनरल सर्जन डॉ. रोहित कुमार सिंह, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु सिंह आदि डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# शहर गंदा, खजाने में लग रही झाड़ू

## 8400 आउटसोर्सिंग सफाईकर्मी हैं नगर निगम में 9 करोड़ प्रति माह होता है मानदेय का भुगतान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम शहर की सफाई के लिए आउट सोर्सिंग से 8,400 सफाईकर्मी लगा रखे हैं। इनके मानदेय पर प्रति महीने 9 करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है, इसके बावजूद ज्यादातर हिस्सों में सड़कें गंदी पड़ी हैं और नालियां बजबजा रही हैं। कई जगह कूड़े के ढेर भी लगे रहते हैं। दरअसल आउट सोर्सिंग पर लगे आधे कर्मचारी भी फील्ड में सफाई करने नहीं जाते हैं लेकिन उनका मानदेय जारी कर दिया जाता है। अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से कार्यदायी संस्थाएं सड़कों, नालियों के बजाय नगर निगम के खजाने को साफ कर रही हैं।

नगर निगम ने 8,400 आउटसोर्सिंग सफाईकर्मियों को कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से लगा रखा है। इसके अलावा नगर निगम के पास नियमित सफाईकर्मी भी हैं। सूत्रों के अनुसार कार्यदायी संस्थाएं साफ सफाई में आधे कर्मचारी लगाकर सभी का भुगतान ले रही हैं सफाईकर्मियों के मानदेय में किए जा रहे गोलमाल का हिस्सा नगर निगम के कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक पहुंचता है। चूंकि कार्यदायी संस्थाओं के संचालकों की सेटिंग अधिकारियों से लेकर प्रभावशाली नेताओं तक है, इसलिए औचक निरीक्षण में सफाई कार्य में कर्मचारी कम मिलने के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है। इससे शहर में कई जगह सड़कों पर गंदगी और नालियां चोक हैं। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कार्यदायी संस्थाओं की ओर से लगाए गए कर्मचारियों की जांच और सत्यापन कराया जाना चाहिए।



प्राणि उद्यान के पास सड़क किनारे लगा कूड़े का ढेर। अमृत विचार

- आधे भी सफाईकर्मी फील्ड पर नहीं भेजते हैं आउटसोर्सिंग संस्था के संचालक
- कर्मचारियों के गैरहाजिर मिलने पर भी नहीं की जाती है सख्त कार्रवाई

### फोन और वाच से भी स्मार्ट नहीं हो पाई हाजिरी

आउट सोर्सिंग सफाईकर्मियों की उपस्थिति में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए नगर निगम ने लाखों रुपये बर्बाद कर दिये। निगरानी के लिए पहले लाखों खर्च कर स्मार्ट वाच किराये पर लीं लेकिन सफाईकर्मियों को पहनाई नहीं गईं। 2023 में तत्कालीन महापौर संयुक्ता भाटिया ने सफाईकर्मियों के लिए स्मार्ट फोन खरीदे गए लेकिन ये स्मार्ट फोन भी कूड़ा हो गए। पिछले एक वर्ष से पुरानी व्यवस्था से सफाईकर्मियों की हाजिरी ली जा रही है।

### सफाईकर्मियों में अधिकारियों, कर्मचारियों के करीबी

कार्यदायी संस्थाओं की ओर से लगाए गए सफाईकर्मियों में अधिकारियों, कर्मचारियों सहित कई प्रभावशाली लोगों के करीबी भी शामिल हैं। ऐसे सफाईकर्मी घर बैठे मानदेय ले रहे हैं। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने गोमती नगर के जोन चार में निरीक्षण किया था, उन्हें 17 सफाईकर्मी काम करते नहीं मिले थे। इससे पहले नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह और महापौर के निरीक्षण में भी कई कर्मचारी मौजूद नहीं मिले थे। मेयर, नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त के निरीक्षण में गड़बड़ी मिलने के बाद भी सख्त कार्रवाई नहीं की गई। कार्यदायी संस्थाओं को केवल नोटिस देकर औपचारिकता पूरी कर ली गई थी।




नगर निगम के जोन आठ के निलमथा में सड़क के ऊपर लगा यूनिपोल। अमृत विचार

# निलमथा में सड़क पर लगा दिया यूनिपोल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- इकाना के पास कार पर खंभा गिरने से हुई थी मां-बेटी की मौत

**अमृत विचार :** इकाना स्टेडियम के पास स्कार्पियो पर यूनिपोल गिरने से मां-बेटी की मौत के बाद भी नगर निगम प्रशासन ने सबक नहीं लिया है। मानक ताक पर रखकर जोन आठ के निलमथा में सड़क के बीचोबीच लगा दिया गया है। इस यूनिपोल के नीचे से गोसाईगंज-मोहनलालगंज की ओर रोज सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। दिलचस्प यह है कि नगर निगम का प्रचार विभाग अवैध होर्डिंग व यूनिपोल के खिलाफ अभियान चलाने का दावा करता है। इकाना स्टेडियम के पास सड़क पर यूनिपोल से हुए हादसे को करीब एक साल बीतने को है लेकिन नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने जिम्मेदार जिस कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये थे उसकी अभी जांच ही चल रही है। कागजी कोरम पूरा करने के लिए कमेटी बना दी गई। जांच कब पूरी होगी कोई बताने वाला नहीं। नगर निगम के कर अधीक्षक ओपी सिंह ने बताया कि कमेटी बना दी गई है। वह अब इस मामले की जांच कर रही है। जांच जल्द पूरी हो जाएगी। इसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे के बाद सड़क के बीच यूनिपोल लगाने पर लगी थी रोक

5 जून 2023 को इकाना स्टेडियम के पास हुए हादसे के बाद नगर निगम ने अभियान चलाकर होर्डिंग और यूनिपोल उतार दिये थे। मानक के विपरीत छतों पर लगीं होर्डिंग हटा दी गईं थीं। विज्ञापन एजेंसियों से होर्डिंग व बिल्डिंग की मजबूती का प्रमाणपत्र भी मांगा गया था। सड़क के बीचोबीच यूनिपोल लगाने पर नगर निगम ने रोक लगा दी है।

# एक दिन और सताएगी गर्मी, पारा 42 के पार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 24 घण्टे के अंदर तापमान में फिर तेजी से बढ़ोतरी हुई। रविवार को पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि गर्मी अभी एक दिन और सताएगी। फिर तापमान में गिरावट आ सकती है। हल्की बारिश की भी संभावनाएं बन रही हैं।

रविवार को तेज धूप की तपिश में लोग परेशान होते दिखे। दिन में हवाओं ने भी गर्म रुख ले लिया। ऐसे में सड़क पर निकलने वाले लोगों को खास दिक्कत का सामना करना पड़ा। शाम ढलने तक पारा 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। मौसम अनुसंधान विभाग के वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार, शनिवार को हल्के बादलों ने राहत दी थी। लेकिन रविवार को पारा फिर चढ़ गया। तेज धूप का असर सोमवार को भी देखने को मिलेगा। मंगलवार से तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है। बादल छाने के साथ हल्की बारिश की संभावनाएं बढ़ रही हैं। हवाओं की रफ्तार तेज हो जाएगी। मंगलवार से पछुवा हवा चलेगी।

मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार सुबह का न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहेगा। 13 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। मंगलवार को तापमान 23 डिग्री के आसपास हो सकता है। दिन में बौछारें अथवा बारिश के अलावा हवाएं 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की संभावना है।



इको गार्डन के बाहर तेज धूप से बचने के लिए छाता लगाकर पानी बेचती महिला।

- हवाओं में और तेजी आने और मंगलवार को बारिश की संभावना

# 25 जून से नेपाल की सैर कराएगा आईआरसीटीसी

**अमृत विचार, लखनऊः** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की देखरेख में नेपाल हवाई टूर पैकेज लखनऊ से पशुपतिनाथ (नेपाल) के लिये संचालित करने जा रहा है। पर्यटकों के लिए यह सफर 25 जून से 29 जून यानि 04 रात्रि और 05 दिनों का होगा। गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रियों को फ्लाइट से लखनऊ से काठमांडू और वापसी यात्रा भी रहेगी। साथ ही काठमांडू से पोखरा की यात्रा भी हवाई सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। इस यात्रा में यात्रियों को काठमांडू में पशुपतिनाथ मन्दिर, बौद्धनाथ स्तूप, दरबार स्क्वायर, तिब्बती रिफ्यूजी सेंटर एवं गार्डन ऑफ ड्रीम्स घूमने का मौका मिलेगा। इसके अलावा पोखरा में मनोकामना मन्दिर, विन्ध्यवासिनी मन्दिर, गुप्तेश्वर महादेव गुफा, हिमालय की पहाड़ियों में सूर्योदय दर्शन विशेष आकर्षण होगा। सभी यात्रियों को तीन सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था भारतीय खाना उपलब्ध कराया जाएगा। सफर में जाने वाले पर्यटकों का पैकेज मूल्य भी तय कर दिया गया है। यदि तीन व्यक्ति एक साथ ठहरते हैं तो प्रति व्यक्ति 44600 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर 45900 रुपये और एक व्यक्ति के अकेले ठहरने पर प्रति व्यक्ति पैकेज 53600 रुपये होगा।

# गोशालाओं के लिए दान लिया जाएगा 93,749 क्विंटल भूसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कृषि, पशु पालन, ग्राम्य विकास व पंचायती राज विभाग को दी गई जिम्मेदारी
- 2.18 लाख क्विंटल भूसा टेंडर के माध्यम से खरीदा जाएगा

**अमृत विचार :** अस्थाई गोशालाओं पर कृषि, पशु पालन, ग्राम्य विकास व पंचायती राज विभाग 93,749 क्विंटल भूसा दान लेकर एकत्र करेंगे। साथ ही 2.18 लाख क्विंटल भूसा टेंडर के माध्यम से खरीदा जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने विभागों को ब्लॉकवार लक्ष्य आवंटित किया है।

जिले में गेहूं की कटाई को देखते हुए 15 मई तक विशेष अभियान चलाकर 93,749 क्विंटल भूसा दान में एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। क्योंकि कटाई के समय वर्षभर का भंडारण आसानी से किया जा सकता है। गोवंशों के भरण-पोषण के लिए किसान, कृषि विभाग, स्वयंसेवी संस्था, व्यापार मंडल, पशु प्रेमी आदि से अपील की जाएगी। वहीं, गेहूं की कटाई को देखते हुए भूसा की उपलब्धता अधिक है और दाम कम है। ऐसी स्थिति में ई-टेंडर के माध्यम वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 2.18 क्विंटल भूसा खरीदा जाएगा। भंडारण के लिए भूसा बैंक बनाई जाएगी। जिले में 94 अस्थाई गोशालाएं हैं। जहां करीब 17 हजार गोवंश हैं।

### धूप व गर्म हवाओं से गोवंशों को बचाएं

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि मौसम विज्ञान विभाग ने इस माह सामान्य से अधिक तापमान होने का पुर्वानुमान जारी किया है। ऐसे में अधिक गर्मी व लू से पशुओं को खतरा है। पशुओं को खुले व धूप में न बांधे। हवा से बचाव के लिए पन्नी, तिरपाल आदि परिसर में लगाएं। भूसा, चारा व पानी की कमी न होने दें। पानी ताजा ही पिलाएं। बीमार होने पर फौरन सरकारी अस्पताल जाएं। यदि मृत्यु होती है तो शव सुरक्षित एवं सम्मानजनक ढंग से निस्तारण करें। क्योंकि गर्मी के कारण शव का विघटन होने से बीमारी नहीं फैलेगी।

# हीट वेव से निपटने को सीएमओ का दावा दिख रहा खोखला

## दावाः अस्पतालों में कोल्ड रूम तैयार, सभी जगह प्याऊ लगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएमओ का दावा है कि सरकारी अस्पतालों में कोल्ड रूम तैयार कर मरीजों के लिए कोल्ड पैक, ओआरएस के पैकेट, पैरासिटामॉल व अन्य दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है। मरीजों के लिए पंखे, कूलर के साथ ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर भी लगवा दिए गए हैं। किंतु हकीकत इसके उलट है। कोल्ड रूम में एसी खराब हैं और सीएमओ कार्यालय के बाहर का ही वाटर कूलर खराब पड़ा है।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने रविवार को अफसरों की बैठक ली। इसमें उन्होंने कहा कि गर्मी लगातार बढ़ रही है। हीट वेव (लू) ने लोगों को बेहाल कर रखा है। लेकिन, घबराने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। सभी नगरीय व ग्रामीण सीएचसी, पीएचसी के स्टाफ को जूम मीटिंग से प्रशिक्षित कर दिया गया है। निजी चिकित्सा संस्थानों में भी लू से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां कराई गई हैं। चिकित्सा संस्थानों के प्रमुख द्वार पर अस्थायी शेल्टर का निर्माण भी कराया गया है।



बैठक में शामिल सीएमओ और अन्य विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

### गर्मी व लू से बचाव के उपाय

- दोपहर 12 से तीन के बीच बेवजह घर से बाहर न निकलें।
- निकलना जरूरी हो तो सिर को गीले कपड़े या गमछे से ढके रहें।
- छाते का प्रयोग करें, पीने का ठंडा पानी साथ रखें।
- चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक, एल्कोहॉल आदि का सेवन न करें।
- हल्के रंग के कपड़े पहने, जिनमें पसीना सोखने की क्षमता हो।
- खुले और हवादार कमरे में रहें, खिड़की, दरवाजों पर परदे डालें।
- खूब पानी पियें, प्यास न लगने पर भी थोड़ा पानी पिएं।
- आम पना, बेल का शर्बत, रसदार फल जैसे संतरा, तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, छाछ, अनानास, नारियल पानी, नींबू पानी, घर की बनी लस्सी और ओआरएस का सेवन करें।
- जहां तक संभव हो दिन में घर के निचले तल पर ही रहें।
- जानवरों व पशुओं को छायादार स्थानों पर रखें, पर्याप्त पानी दें।

### अन्य विभागों और सामाजिक संगठनों से भी लिया जा रहा सहयोग

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि अन्य विभाग और विभिन्न संस्थाएं व संगठन भी सहयोग लिया जा रहा है। उप्र. आवास विकास परिषद की ओर से रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को गर्मी से बचाव के निर्देश जारी किए गए हैं। रोटरी क्लब, आईआईए व दूसरे बड़े संगठनों से भी सहयोग लिया जा रहा है। मेट्रो, बस अड्डे में ऑडियो-वीडियो जिंगल, होर्डिंग्स से लोगों को गर्मी से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नगर निगम की ओर से भी होर्डिंग्स और एलईडी डिस्प्ले से जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश के करीब 100 बस अड्डों और 10,000 बसों में ऑडियो सिस्टम से लू से बचाव के लिए मैसेज दिया जा रहा है। 300 बस अड्डों पर यह व्यवस्था लागू करने का लक्ष्य है।

## हकीकत : कोल्ड रूम का एसी खराब, अंदर भरा सामान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हीट वेव (लू) के मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए शासन के निर्देश पर सभी सरकारी अस्पतालों में कोल्ड रूम बनाए गए हैं। महानगर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय (बीआरडी) में कोल्ड रूम बनाने के नाम पर केवल औपचारिकता बरती जा रही है। इस अस्पताल के कोल्ड रूम का एसी खराब पड़ा है और मरीजों के बेड के पास गत्तों में सामान भर दिया गया है। इससे वार्ड कोल्ड रूम कम स्टोर रूम ज्यादा लग रहा है। कोल्ड रूम में सामान भरे होने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

दरअसल, प्रोटोकॉल के अनुसार कोल्ड रूम में एसी (वातानुकूलित) लगी होना जरूरी है। जिससे लू के मरीजों को भर्ती कर सामान्य स्थित में इलाज किया जा सके। भाऊराव देवरस संयुक्त चिकित्सालय में छह बेड का कोल्ड रूम बनाया गया है। अस्पताल प्रशासन ने इस कोल्ड रूम में सभी सुविधा बेहतर होने का दावा किया है, लेकिन रविवार शाम तक कोल्ड रूम का एसी खराब था। अंदर डिब्बा पैक कूलर रखे थे।



कोल्ड रूम में रखे डिब्बा बंद कूलर और अन्य सामान। अमृत विचार

- भाऊराव देवरस अस्पताल के कोल्ड रूम में सामान भरे होने का वीडियो भी हुआ वायरल

> कोल्ड रूम की एसी खराब थी, लेकिन उसे सही करा दिया गया है। अंदर रखे कूलर भी अस्पताल में लगवाए जा रहे हैं। सोमवार से कोल्ड रूम पूरी तरह से तैयार होगा। एक ही वार्ड में महिला और पुरुष भर्ती होने की बात निराधार है। यदि ऐसा हो रहा है तो जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
>
> –मनीष शुक्ला, चिकित्सा अधीक्षक, बीआरडी




सीएमओ कार्यालय में लगा प्याऊ खराब।

### सीएमओ ऑफिस में लगा प्याऊ खराब

**अमृत विचार, लखनऊः** कैसरबाग स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) कार्यालय है। यहां 100 से अधिक कर्मचारी व अधिकारी कार्यरत हैं। इसके अलावा यहां मेडिकल संबंधित कार्य के लिए भी सैकड़ों लोगों का रोजाना आना-जाना है। लेकिन यहां पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। परिसर में लगा प्याऊ का सबमर्सिबल पिछले साल से खराब पड़ा है। सीएमओ का कहना है कि कार्यालय में पेयजल की कोई कमी नहीं है।

### एसी का आउटडोर दे रहा हादसे को दावत

अस्पताल की इमरजेंसी और पीएचसी की दीवार के बीच से परिसर में जाने का रास्ता है। इस रास्ते में इमरजेंसी में लगाई गईं एसी का आउटडोर है। एक आउटडोर के पंखे के ऊपर लगने वाला कवर गायब है। पंखा खुला होने से हादसे की आशंका बनी रहती है।

### एक ही वार्ड में महिला-पुरुष हो रहे भर्ती

बीआरडी में एक ही वार्ड में महिला और पुरुष मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। ऐसा तब है जब अस्पताल के अन्य वार्डों पर पर्याप्त बेड हैं। इस मामले का भी वीडियो भी वायरल हुआ है।

# किसी भी सरकारी अस्पताल में कराएं पीजीआई के विशेषज्ञों से इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल में पीजीआई के विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज करवाना आसान हो जाएगा। संजय गांधी स्नात्तकोत्रर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) की ओर से पब्लिक हेल्थ विभाग खोला जा रहा है। टेलीमेसिन व्यवस्था के जरिए सुदूर क्षेत्र के अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों को बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराया जाएगा।

जिस अस्पताल की ओपीडी में मरीज पहुंचेगा, वहां के डॉक्टर मरीज की बीमारी से जुड़ी सारी जानकारी विशेषज्ञों को देंगे। उस जानकारी के आधार पर विशेषज्ञ इलाज संबंधी सुझाव देंगे। मरीज की हालत गंभीर होने पर तत्काल पीजीआई या ऐसे किसी बड़े चिकित्सा संस्थान में रेफर करने की सलाह भी विशेषज्ञ देंगे। शुरुआत में इस व्यवस्था के तहत डायबिटीज, लिवर, बीपी, गुर्दा और दिल के मरीजों को एसजीपीजीआई के विशेषज्ञों से इलाज कराया जाएगा।

एसजीपीआई के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बताया कि बीपी, डायबिटीज, मोटापा, फैटी लिवर, कैंसर और पार्किंसंस आदि के रोगी बढ़ रहे हैं। लोगों में इन रोगों के प्रति जागरूकता की कमी है। जानकारी के अभाव में लोगों को इलाज के लिये भटकना पड़ता है।

इसी के मद्देनजर संस्थान में पब्लिक हेल्थ विभाग शुरू करने का फैसला लिया गया है। टेलीमेडिसिन की मदद से जिले स्तर पर डॉक्टरों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करने के साथ ही इलाज में सहयोग किया जाएगा।

नए विभाग के डॉक्टर आम लोगों को रोगों के प्रति जागरूकता और उपचार में मदद की जाएगी। पब्लिक आउटरीच प्रोग्राम शुरू कर ग्रामीण इलाकों में डॉक्टरों की टीम स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों को जागरूक करेगी। विभाग में डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों के करीब 10 पद होंगे। दो से तीन माह में विभाग शुरू किया जाएगा।



- टेलीमेसिन व्यवस्था के जरिए अस्पतालों की ओपीडी पहुंचे मरीजों की रिपोर्ट देख इलाज करेंगे विशेषज्ञ
- अभी डायबिटीज, लिवर, बीपी, गुर्दा व दिल के मरीजों को देखेंगे

# नीटः फिजिक्स में अटका, कोई कैमिस्ट्री में भटका

## नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट में परीक्षार्थियों को कुछ सवाल लगे घुमावदार


अलीगंज स्थित न्यू वे स्कूल से परीक्षा के बाद निकलते छात्र और छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) में किसी को फिजिक्स तो किसी को कैमिस्ट्री विषय के सवाल कुछ अखरे, लेकिन समय रहते हल किये गए। परीक्षार्थियों का मानना था कि सभी पेपर एनसीईआरटी आधारित रहे। कुछ सवाल जरूर घुमावदार रहे।

720 अंकों की परीक्षा लखनऊ के 53 केन्द्रों पर आयोजित हुई। इसमें करीब 35 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित

**53 केन्द्रों पर हुई परीक्षा में 35 हजार परीक्षार्थी हुए शामिल**

हुए। शाम पांच बजे परीक्षा समाप्त होने पर केन्द्रों से परीक्षार्थी निकले। अधिकतर परीक्षार्थी परीक्षा को हल करने की बात तो कर रहे थे लेकिन सवालों को घुमावदार बताते नजर आए।

आरके सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल से निकले मो. अयाज ने कहा कि, सभी प्रश्न राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के तहत रहे। फिजिक्स के प्रश्नों में थोड़ा घुमाव था, जिन्हें समय रहते हल कर लिया गया। सुप्रीत ने कहा कि परीक्षा में जो विषय हटा लिये गए थे, उनसे सवाल नहीं किये गए, ये बेहतर रहा। शिल्पा ने कहा कि 720 अंकों में पूछे गए जूलोजी और बॉटनी के प्रश्न तो ठीक रहे लेकिन कैमिस्ट्री से जुड़े प्रश्न अपेक्षाकृत कठिन थे। उन्हें समझने और हल करने में थोड़ा समय लग गया। हृदयांश वर्मा ने कहा कि क्रियेटिव प्रश्न थोड़े घुमावदार थे, उन्हें हल करने में थोड़ा परेशानी आई। निगेटिव मार्किंग के कारण ध्यान रखा गया। ओवरऑल पेपर अच्छा रहा। हृदेश कुमार ने कहा कि प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में 4 हजार सीटें हैं, उम्मीद हैं उनका सेलेक्शन हो जाएगा।


मो. अयाज


सुप्रीत


शिल्पा


हृदयांश वर्मा

### कहीं जाम तो कहीं वाहनों का होता रहा इंतजार

परीक्षा छूटने के बाद केन्द्रों के बाहर जाम जैसे हालात हो गए। कई स्थानों पर तो वाहनों के इंतजार में परीक्षार्थी और अभिभावक देर तक खड़े देखे गए। तेलीबाग, बंग्ला बाजार, अवध चौराहा, आलमबाग बस अड्डा, चारबाग, इंजीनियरिंग चौराहा, दुबग्गा और पॉलिटेक्निक पर देर तक अधिक भीड़ रही। कैसरबाग और चारबाग बसों पर सवार होने को लेकर हटो-बचो की स्थिति देखी गई। कुछ स्थानों पर टैंपो और ऑटो चालक मनमाने रुपये वसूलते नजर आए, जिसको लेकर लोगों भी नोकझोंक भी हुई।

### ककड़ी-खीरा खाकर तर किया गला

लखनऊ का तापमान 42 डिग्री से अधिक रहा। ऐसे में परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचने वाले परीक्षार्थियों के साथ उनके परिजन भी मौजूद रहे। धूप तपिश को शांत करने के लिए केन्द्रों के बाहर ठेलों पर ककड़ी-खीरा खरीदने वालों की भीड़ देखी गई। परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षार्थी भी लाई गई पानी की बोतलों के सहारे प्यास बुझाते नजर आए। काफी संख्या में परीक्षार्थियों ने पेड़ों की छांव का सहारा लिया।


परीक्षा के लिए राजधानी में बनाए गए सेंटर पर प्रवेश के लिए लगी लाइन।

### 14 जून को आयेगा परिणाम

रविवार को परीक्षा होने के बाद एनटीए की ओर से उत्तर जारी कर दिए जाएंगे। प्रोविजनल उत्तर पर दर्ज आपत्तियों के निराकरण के बाद एनटीए फाइनल उत्तर कुंजी के आधार पर परिणाम की घोषणा करेगा। परीक्षा परिणाम 14 जून को घोषित किया जायेगा। परीक्षार्थी एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट exams.nta.ac.in/NEET पर जाकर अपने नतीजे चेक कर सकेंगे।

### दो पालियों में हुई परीक्षा

मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस में प्रवेश के लिए नीट दो पालियों में आयोजित हुई। पहली पाली सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रही। दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से आरंभ होकर 5:20 बजे तक चली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को इसके अनुपालन की भी सलाह कक्ष निरीक्षकों की ओर से दी गई।

## बूथ अध्यक्षों के पसीने से ही कमल खिलेगाः स्वतंत्र देव सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख व जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बीते दस वर्षों के कामों को जनता तक ले जाने और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बूथ अध्यक्षों के कंधों पर है। आप सभी बूथ अध्यक्षों के पसीने की एक-एक बूंद से ही कमल खिलेगा। उन्होंने यह बात, रविवार को फूलपुर में बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कही। स्वतंत्र देव ने कहा कि जब भी हमारे देश में चुनावी शंखनाद होता है तब भाजपा के बूथ अध्यक्ष सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर लड़ाई लड़ते हैं और विजयी बनाते हैं।


विपिन बिहारी शरण सिंह महाविद्यालय
तरबगंज, गोण्डा (उ0प्र0) 271403
9415458212, 9648469000, 9838989000

आवश्यकता

महाविद्यालय मे स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत अर्थशास्त्र-1 पद, रसायन विज्ञान-1 पद, प्राणि विज्ञान-2 पद तथा वनस्पति विज्ञान-1 पद पर प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर चयन/नियुक्ति/अनुमोदन हेतु आवेदन-पत्र आमन्त्रित है :-

अर्हता :- स्नातक उपाधि न्यूनतम द्वितीय श्रेणी एवं सम्बन्धित विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंक तथा यू.जी.सी. रेगुलेशन-2016 सहित पी-एच0 डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाण पत्र।

नोट :- यू.जी.सी. द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार सहायक आचार्य पद पर चयन की कार्यवाही की जावेगी।

वेतन :- डॉ0 रा0म0लो0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन/यू0जी0सी0 के मानक के अनुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों/उपाधियों की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर अपना आवेदन-पत्र महाविद्यालय कार्यालय पर जमा करें।

अध्यक्ष



स्व0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह स्मारक जनता पी0जी0 कालेज
(सम्बद्ध- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) | कुन्दाभैरोपुर (नेगपुर)- सुलतानपुर

आवश्यकता है

कला संकाय में स्नातक स्तर पर- विभिन्न विषयों में- हिन्दी- 12, संस्कृत- 10, समाजशास्त्र- 12, गृ0वि0- 10, शि0शा0- 8, अंग्रेजी- 5, भूगोल- 12, अर्थशास्त्र- 5, म0 इतिहास- 10, रा0वि0- 8, सैन्य विज्ञान- 4 पद। परास्नातक कला संकाय में- हिन्दी- 4, भूगोल-4, समाजशास्त्र- 4, गृ0वि0- 4 पद। विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर- रसायन विज्ञान-4, वनस्पति विज्ञान-4, जन्तु विज्ञान- 4, भौतिक विज्ञान- 4, गणित- 4 पद। योग्यता एवं वेतनमान- यू0जी0सी0/एन0सी0टी0ई0 एवं डॉ0 रा0म0लो0अ0वि0वि0 अयोध्या की परिनियमावली के अनुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अपने समस्त अभिलेखों एवं प्रमाणपत्रों को दो पास पोर्ट साइज फोटो के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर जमा करें।

अविजित प्रताप सिंह (प्रबन्धक)
मो0नं0- 9076964444, 9455505510



अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAD SHAFIQ था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHD SHAFEEQ रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये S/O: LATE MOHD YASEEN, 543, MALLOR ROAD, CHINHAT, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226028

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र और सह प्रमाण पत्र वर्ष 2017 रोल नंबर 2052582 वास्तव में खो गया है। हाई स्कूल की परीक्षा टीबीएसकेआईसी इंटर कालेज जरवलरोड से यूपी बोर्ड से की है। -रवि वर्मा पुत्र श्याम सिंह वर्मा, निवासी- ग्राम- तप्पे सिपाह जरवलरोड, बहराइच

सूचना
सर्व साधारण को सूचित करना है कि दीपक सिंह चौहान पुत्र रविंद्र सिंह बकेबर जिला इटावा से मेरा किसी भी प्रकार का कोई सरोकार वास्ता व संबंध नहीं है। दीपक सिंह व उनके परिवार द्वारा किए गए कार्यो से मेरा न ही कोई लेनादेना है और न ही कोई वास्ता है। आसामाजिक तत्वों को चेतावनी देती हूं कि मेरे निजी जीवन को बदनाम न करें। अन्यथा कार्यवाही के लिए बाध्य रहूंगी। -दिव्यांशी सिंह पुत्री स्व. विनोद सिंह, निवासी- यूपीएसआईडीसी जैनपुर ,थाना व तहसील अकबरपुर, जिला- कानपुर देहात



प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


### थोरैसिक व वैस्कुलर सर्जरी क्लीनिक का आयोजन


मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देते डॉ भाबातोष बिस्वास व अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान में थोरैसिक और वैस्कुलर सर्जरी स्पेशलिटी क्लीनिक का आयोजन रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक डीलक्स ओपीडी में किया गया। जिससे लखनऊ एवं आसपास की जनता को स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त हो सके। डॉ. भाबातोष बिस्वास व उनकी पैरामेडिकल टीम के सहयोग से शिविर में आये हृदय रोगियों का परीक्षण कर परामर्श दिया।

## मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का हुआ समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस ने तीन-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कॉन्फ्रेन्स आयोजित की। इसमें तीसरे दिन प्रतिभागी छात्रों ने वैश्विक समस्याओं पर चर्चा-परिचर्चा की।

इसमें संदेश दिया कि सर्वश्रेष्ठ विश्व व्यवस्था के लिए एकता व शान्ति ही अन्तिम विकल्प है।

इससे पहले एमयूएन के तीसरे दिन विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यवाही का नजारा प्रस्तुत किया।

इसमें विभिन्न वैश्विक समस्याओं पर खुलकर विचार रखे। प्रतिभागी छात्रों ने अपने उद्बोधन की छाप छोड़ते हुए साबित कर दिया कि भावी पीढ़ी में सकारात्मक चिंतन के साथ विश्व की समस्याओं का समाधान करने की क्षमता मौजूद है। एमयूएन में नेपाल समेत देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के 600 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

## दिव्यांगों को मिलेंगी सौ फीसद सुविधाएं : प्रो. संजय सिंह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति पद का चार्ज बीबीएयू के कुलपति ने रविवार दोपहर बाद आकर ले लिया। चार्ज लेने के तुरंत बाद सभी अधीनस्थों के साथ बैठक भी की। अमृत विचार से अपनी मंशा साझा करते हुए उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाएं उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल है।

अमृत विचार ने पुनर्वास विवि में कुलपति की नियुक्ति का मामला पहुंचा चुनाव आयोग शीर्षक से प्रकाशित खबर को 3 मई को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। चार्ज न मिल पाने को लेकर पूर्व में भी कई खबरों का समाचार पत्र प्रकाशन कर चुका है। बताते हैं कि समाचार पत्र की खबरों को संज्ञान लिया गया। इसी के बाद प्रकरण आयोग से होता हुआ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तक पहुंचा। उसी के बाद आदेश जारी किये गए। इसी के बाद रविवार को बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय से कार्यमुक्त हुए प्रो. संजय सिंह ने पुनर्वास विवि पहुंचकर कुलपति की कमान संभाली। अब तक कार्यवाहक के तौर पर नियुक्त रहे प्रो. हिमांशु शेखर झा और विभागाध्यक्षों के साथ मिलकर उन्होंने एक बैठक भी की।

फिर अपनी मंशा साझा करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधाओं से जुड़ी हुई है। इसमें ट्राइसाईकिल, भोजन, शुद्ध जल एवं अन्य विषय शामिल हैं। कहते हैं कि हर विभाग और हॉस्टल के बाहर फूल पत्तियां भी लगाई जाएंगी, ताकि छात्र अपने संकायों की अच्छी तरीके से पहचान कर सकें।


पुनर्वास विवि का कार्यभार ग्रहण करते प्रो. संजय सिंह।

**खबर का असर**

- पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति के तौर पर लिया चार्ज
- चार्ज न मिल पाने के गंभीर प्रकरण को अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था

### प्रो. एनएमपी वर्मा को मिला चार्ज

प्रो. संजय सिंह के कार्यमुक्त होने के बाद बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में बतौर कार्यवाहक कुलपति की कमान प्रो. एनएमपी वर्मा को सौंपी गई है। प्रो. वर्मा अभी तक विवि में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर के पद पर नियुक्त रहे हैं।

## मेट्रो कर्मचारियों ने बचाई यात्री की जान

**अमृत विचार, लखनऊ:** हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन के कर्मचारियों ने यात्री की जान बचा कर सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। शनिवार पांच बजे एक यात्री टिकट लेने से पूर्व काउंटर के निकट गिर कर बेहोश हो गया। इससे उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई। मेट्रो कर्मचारी यात्री को व्हीलचेयर पर बैठाकर प्राथमिक उपचार केंद्र ले गए, वहां से सिविल हॉस्पिटल रेफर किया गया। नाजुक हालत को सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने यात्री को केजीएमसी रेफर कर दिया। मेट्रो कर्मचारी यात्री को केजीएमसी ले गए, जहां उपचार के बाद देर रात होश आया। यात्री से जानकारी लेकर मेट्रो स्टॉफ ने उसके घर वालों को सूचना दी। केजीएमसी पहुंचे परिजन ने मेट्रो प्रबंधन को धन्यवाद दिया। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि मेट्रो स्टाफ को कार्यभार संभालने से पहले कई महीनों की कड़ी ट्रेनिंग से गुजारा जाता है। इस ट्रेनिंग में उन्हें यात्री सेवा की सीख दी जाती है जो मेट्रो को किसी भी दूसरे परिचालन सेवा से बिल्कुल अलग कर देती है।

### केंद्र खोलने से पहले एनएचएम की महिला अधिकारी ने की थी जांच

## ओयो होटल में आरोग्य मंदिर खोलने पर लगाई थी आपत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंदिरा नगर के संजय गांधी पुरम में ओयो होटल में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आरोग्य मंदिर) खुलवाने पर लगी आपत्ति को भी स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने अनदेखी की थी। नतीजन अब यह केंद्र महज शोपीस बनकर रह गया है। यहां मरीज न के बराबर आ रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार आंखें मूंदे हुए हैं। पोल खुलती देख अफसर लीपापोती में जुट गए हैं।

जिले में 108 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खुलवाना है। इसमें अभी तक 75 केंद्र किराएदारी एग्रीमेंट करके खुलवाए जा चुके हैं। पहले अफसरों ने पॉश कॉलोनी में केंद्र खुलवाए। जहां पर दिन भर की ओपीडी दो से तीन मरीज की होती थी। जिसके बाद उन्हें बदला गया था। दिसंबर माह में एनएचएम व स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने खेल करते हुए संजय गांधी पुरम में एक ओयो के होटल के एक हिस्से में अस्पताल खुलवा दिया था। होटल में अस्पताल शुरू होने से पहले इसकी विजिट एनएचएम की महिलाकर्मी ने किया था। इस दौरान महिलाकर्मी ने होटल में अस्पताल खुलवाने पर आपत्ति लगाई थी। अफसरों ने नियमों को ताक पर रखकर सांठगांठ करके होटल में अस्पताल खुलवा दिया। यहां तैनात की गई पहली महिला डॉक्टर भी अनैतिक गतिविधियों से परेशान होकर अपना तबादला करा लिया था।


कैसे सुधरेगी सेहत जब ओयो होटल में खुल गए आरोग्य मंदिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- झोलाछाप से छुटकारा दिलाकर गुणवत्तापरक इलाज की योजना हो रही बेकार

अमृत विचार: गली कूचों में अनैतिक गतिविधियों के लिए बदनाम ओयो होटल अब सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के लिए मुफीद बन रहे हैं।

75 सेंटर ही खुल सके

लखनऊ में 108 सेंटर खोलने का

अनैतिक गतिविधियों के कारण महिला डॉक्टर ने करा लिया था तबादला

अमृत विचार, लखनऊ : ओयो होटल में खोले गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कार्यरत महिला डॉक्टर ने भी अनैतिक गतिविधियों से आहत होकर अपना तबादला करा लिया था। वर्तमान में

ओयो होटल में आरोग्य मंदिर खोलने के संबंध में अमृत विचार में प्रकाशित खबरें। अमृत विचार


क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266
आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक
मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक
रविवार सांय अवकाशं



मैच के दौरान शॉट लगाते केकेआर के बल्लेबाज फिल सॉल्ट। अमृत विचार



स्टेडियम के बाहर शाहरुख के अंदाज में केकेआर का समर्थक। अमृत विचार



मैच के पहले अपनी टीम का झंडा लहराते उत्साह से लबरेज एलएसजी के समर्थक।



स्टेडियम के बाहर तिरंगा झंडा लिए नेपाल से आए क्रिकेट प्रेमी। अमृत विचार

### शाहरुख का अंदाज भी छाया रहा

स्टेडियम के बाहर बॉलीवुड के किंग खान का जलवा देखने को मिला। कई दर्शक शाहरुख खान की एक्टिंग करते नजर आए। किकि....किरन की डायलॉग बाजी से लेकर ले जाएंगे, ले जाएंगे दिल वाले दुनिया ले जाएंगे गाने पर खूब डांस हुआ। शाहरुख के अंदाज में लोग फोटो कराते नजर आए। कई दर्शकों ने इसका एलान भी कर दिया कि इस बार आईपीएल की चैंपियन शाहरुख की नाइटराइडर्स ही होगी।

### हार करीब देख स्टेडियम से जाने लगे समर्थक

मैच से पहले एलएसजी के समर्थक उत्साह से लबरेज नजर आए। उन्हें घरेलू मैदान पर अपनी टीम की जीत का पूरा भरोसा था लेकिन 15 ओवर में बाद लखनऊ का जीतना मुश्किल नजर आने लगा। दिग्गज बल्लेबाजों के आउट से निराशा छाने लगी। 9 विकेट गिरने के बाद लखनऊ के समर्थक स्टेडियम से उठकर जाने लगे। वे लखनऊ को हारते हुए नहीं देखना चाहते थे।

### नेपाल से मैच देखने आए क्रिकेट प्रेमी

स्टेडियम के बाहर चार दर्शक ऐसे मिले जो मैच नेपाल से मैच देखने यहां आए थे। नेपाल से आए यह चारों दर्शक लखनऊ टीम के कप्तान केएल राहुल को सपोर्ट करने पहुंचे थे। इसके लिए वह अपने साथ तिरंगा लेकर आए थे। वह राहुल की विस्फोटक पारी देखने इकाना पहुंचे। मैच के बाद केएल राहुल और लखनऊ टीम के प्रदर्शन से इन दर्शकों को निराशा हुई।

# कोलकाता के जादूई प्रदर्शन से लखनऊ छूमंतर

## हाईवोल्टेज मुकाबले में सुनील, सॉल्ट, रघुवंशी और रमनदीप की बल्लेबाजी ने जीता दर्शकों का दिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ की सरजमीं का कोलकाता का जादू दर्शकों के सिर चढ़ कर बोला। इकाना स्टेडियम में कोलकाता के खिलाड़ियों ने शुरू से ही मुकाबले को एकतरफा बना दिया। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाजों ने लखनऊ के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। सुनील, सॉल्ट, रघुवंशी और रमनदीप की आतिशी बल्लेबाजी का जादू दर्शकों के सिर चढ़ कर बोला। केकेआर के गेंदबाजों का प्रदर्शन भी करिश्माई रहा।

आंद्रे रसल, वरुण चक्रवती, हर्षित राणा ने लखनऊ बल्लेबाजी को बिखेर कर रख दिया। केकेआर की बैंगनी रंग की जर्सी पहने दर्शकों ने कोलकाता के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इकाना का अधिकांश हिस्सा बैंगनी रंग में सराबोर नजर आया। स्टेडियम में बॉलीवुड कलाकार शाहरुख खान नहीं मौजूद थे लेकिन स्टेडियम में उनके नाम का शोर भी सुनाई पड़ा।



कैच लेने के बाद खुशी मनाते केकेआर के खिलाड़ी रमनदीप सिंह और आंद्रे रसल। अमृत विचार



स्वीप शॉट लगाते एलएसजी के कप्तान केएल राहुल। अमृत विचार

- केकेआर के बल्लेबाजों ने की चौकों और छक्कों की बारिश
- घर में अंतिम मैच में जीत का सपना पूरा नहीं कर सकी एलएसजी

लखनऊ सुपर जायंट्स ने घर के अंतिम मुकाबले में आज अदब के साथ गजब अंदाज में कोलकाता को हराने की तैयारी की थी, लेकिन कोलकाता के खिलाड़ियों ने उनके सपनों पर पानी फेर दिया। केकेआर के सुनील नारायण (81 रन, 39 गेंद, 6 चौके, 7 छक्के), फिल सॉल्ट, रघुवंशी और रमनदीप सिंह के चौके-छक्कों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 235 रन बनाए। जवाब में लखनऊ 16.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 137 रन बनाए। फार्म में चल रहे लखनऊ के कप्तान केएल राहुल के साथ ही स्टोइनिस और निकोलस पूरन को शो फ्लाप रहा। दीपक हुड्डा और क्रुणाल पूरन भी जल्द ही पवेलियन लौट गए।

### पास और टिकट हुए ब्लैक

इस रोमांचक मैच को देखने के लिए दर्शकों में गजब की दीवानगी दिखी। क्रिकेट प्रेमी इस रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए यहां पर जारी किए गए पास से लेकर टिकट तक महंगे दामों में खरीदते नजर आए। एक हजार वाले टिकट को लोगों ने 1500 रुपए तक में खरीदा। अन्य टिकटों पर भी 500 रुपये से लेकर दो हजार रुपए तक अतिरिक्त वसूले गए।

### गंभीर को देख लगे नारे... जीतेगा भई जीतेगा लखनऊ जीतेगा

केकेआर टीम के मेंटर गौतम गंभी जब मैदान पर दिखाई दिए तो लखनऊ को सपोर्ट करने पहुंचे क्रिकेट प्रेमियों ने नारे लगाने शुरू कर दिए। जीतेगा भई जीतेगा, लखनऊ जीतेगा। दरअसल गौतम गंभीर पिछले वर्ष तक लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर रहे। ऐसे में उनकी मौजूदगी ने दर्शकों का रोमांच बढ़ा दिया। केकेआर के श्रेयस के आउट होने के बाद स्टेडियम में एक बार फिर से यह नारा गूंजा।



मैच देखने जाते युवक और युवती।

### पांच चौके लगाकर सॉल्ट ने पूरी की दर्शकों की मांग

सॉल्ट के मैदान में आते ही दर्शकों ने उनसे चौके- छक्कों की मांग शुरू कर दी। उन्होंने भी दर्शकों की फरमाइश पूरी की। लखनऊ के गेंदबाजों की धुनाई करते हुए उन्होंने एक-एक कर पांच चौके जड़े और रनों की गति को बढ़ाया। साथ उनकी आतिशी बल्लेबाजी देख दर्शक भी रोमांचित हुए। सॉल्ट और सुनील की जोड़ी ने टीम को दमदार शुरुआत दी।

### केकेआर की आतिशी पारी

- सुनील नारायण – 81 रन, 39 गेंद, 6 चौके, 7 छक्के
- फिल सॉल्ट– 32 रन, 14 गेंद, 5 चौके, एक छक्का
- रघुवंशी– 32 रन, 26 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का
- रमनदीप सिंह –25 रन, 6 गेंद, 1 चौका, 3 छक्का

### दर्शकों से खचाखच भरा रहा स्टेडियम


दुनिया भर में अपनी खूबसूरती के लिए पहचाने जाने वाले स्टेडियम 50 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है। आज के मैच में स्टेडियम खचाखच भरा नजर आया। लखनऊ में आईपीएल के इस रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए देश भर से क्रिकेट प्रेमी यहां आए थे। दर्शकों की भीड़ को देखते हुए स्टेडियम प्रबंधक को भी समस से पहले प्रवेश द्वार खोलने पड़े और उन्हें इंट्री देनी पड़ी। स्टेडियम के अंदर दाखिल होते ही यहां की खूबसूरती को देख कर दर्शकों ने स्टेडियम के विभिन्न हिस्सो में सेल्फी ली और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। व्हाट्स एप लोगों ने अपनी तस्वीर अपडेट की और लिखा हम इकाना स्टेडियम में है।



अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में केकेआर और एलएसजी के बीच हुए मैच के दौरान नारेबाजी करते लखनऊ टीम के समर्थक। अमृत विचार

### स्टेडियम के बाहर लग गया मेला

दोपहर 12 बजे से ही स्टेडियम के बाहर मेला लग गया। केकेआर के साथ ही लखनऊ टीम की जर्सी की दुकानें सज गई। लखनऊ से अधिक कोलकाता की जर्सी बिकी और लखनऊ की तुलना में यह महंगी भी बिकी। सुनील नारायण, सॉल्ट वाली टीशर्ट के 300 से 400 रुपए तक बिकी। वहीं लखनऊ के स्टोइनिस और राहुल की टीर्शट 150 से 200 रुपए में बिकी। क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ देख कर तमाम दुकानें भी यहां देखते-देखते खुल गई। चाट पानी के बताशे, नींबू पानी, पना, कोल्डड्रिंक्स और पानी के छोटे-छोटे स्टॉल थोड़ी-थोड़ी दूर पर खुल गए। तिरंगे के साथ ही फेस पेंटिंग करने वालों की लाइन लग गई। फेस पेटिंग के लिए दर्शकों से 10 रुपये से लेकर 30 रुपए तक वसूल किए गये।



लेजर लाइट से जगमगाता अटल बिहार वाजपेयी इकाना स्टेडियम। अमृत विचार

### इकाना स्टेडियम में लेजर शो ने बांधा समां

इकाना स्टेडियम में आयोजित किए गए लेजर शो ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। थिरकती हुई रंग-बिरंगी लाइटों को देख कर दर्शकों ने खूब शोर मचाया। इस दौरान दर्शकों ने अपने मोबाइल फोन जलाकर लेजर शो में चार चांद लगाए।

# वरिष्ठों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** फैजुल्लागंज में बुजुर्गों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। घैला रोड के एक निजी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में हेल्प एज इंडिया की रश्मि सिंह ने उपस्थित लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड और स्कैम से बचने के प्रति जागरूक किया।

उन्नति फाउंडेशन की शैलजा पांडेय ने वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन बैंकिंग करते समय सुरक्षा के उपाय को विस्तार से बताया। बाल महिला सेवा संगठन की अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने अपील करते हुए कहा कि कार्यशाला में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जो भी जानकारी प्राप्त हुई उसे लोग अपने परिवार व दोस्तों मित्रों के साथ जरूर साझा करें। इस मौके पर डॉ. जेपी मिश्र, चंद्रकांता मिश्रा, योगेंद्र मिश्र, राकेश पांडेय,सीएल शर्मा, आरएस गुप्ता, रूपेंद्र, अमित शुक्ला, मुरली प्रसाद वर्मा, गुड़िया सिंह, रोहित सिंह, अखिलेश अवस्थी, धर्मेन्द्र तिवारी, अवनीश अवस्थी रमेश चन्द्र अवस्थी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन मौजूद रहे।



कार्यक्रम में शामिल स्थानीय नागरिक। अमृत विचार

# पानी के लिए परेशान हुए दर्शक

**अमृत विचार, लखनऊ:** इकाना स्टेडियम में दर्शकों पानी के लिए परेशान होना पड़ा। मैच देखने आए कई दर्शक आधे मैच के बाद वापस लौट गए। अंदर 10 रुपये वाली पानी की बोतल 150 रुपए की बिक रही थी। पहली ईनिंग खत्म होने से पहले 150 रुपए वाली बोतल भी खत्म हो गई और दर्शकों की परेशानी बढ़ गई। पानी के लिए काउंटर भी बनाए गए थे। इन काउंटरों पर थोड़ी देर बाद पानी खत्म हो गया।



# परीक्षार्थियों व क्रिकेट प्रेमियों से वसूला मनमाना किराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ई रिक्शा, ऑटो, सिटी बसों के साथ ही मेट्रो में रही भीड़

**अमृत विचार:** परीक्षा सेंटर तक पहुंचने के लिए पहले परीक्षार्थियों की भीड़ फिर शाम को इकाना स्टेडियम में मैच देखने को वहां तक जाने के लिए क्रिकेट प्रेमियों का सैलाब। इसके चलते शहर में आज सार्वजनिक वाहनों के साथ ही मेट्रो में खासी भीड़ रही। ई रिक्शा, टेंपो के साथ ही ऑनलाइन बुक किए जाने वाले ओला-उबर के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। भीड़ को देखते हुए जहां ओला-उबर ने किराया बढ़ा दिया वहीं ई रिक्शा और ऑटो संचालकों ने यात्रियों से मनमाना किराया वसूला। शाम को राजधानी के चारो बस अड्डों के साथ ही रेलवे स्टेशनों पर भीड़ जमा रही।

शहर में आज दोहपर में नीट प्रवेश प्रीक्षा आयोजित की गई वहीं शाम को इकाना स्टेडियम में आईपीएल मैच खेला गया। प्रवेश परीक्षा में परीक्षा केंद्रों तक समय से पहुंचने के लिए परीक्षार्थियों ने सिटी बसों का सहारा लिया।

सिटी बसों के न मिलने पर यात्रियों ने चारबाग के बाहर खड़ी ओला-उबर की प्रावइेट बुकिंग शुरू कर दी। साथ ही ऑटो और ई रिक्शा की मांग भी बढ़ गई। सार्वजनिक वाहन संचालकों ने भीड़ को देखते हुए किराया बढ़ा दिया।

चारबाग से गोमती नगर तक का वातानुकूलित ओला और उबर का किराया 800 रुपये तक वसूला गया। वहीं ऑटो चालकों ने भी 500 रुपये तक किराया चार्ज किया। ई रिक्शा चालक भी भीड़ को देख कर बुकिंग पर चलने लगे। फुटकर यात्री ढोने से इन लोगों ने इंकार कर दिया। छुट्टी होने के बावजूद शहर के विभिन्न चौराहों पर यात्री ऑटो और ई रिक्शा के इंतजार में खड़े रहे। सिटी बसों में भी सुबह से भीड़ जुटनी शुरू हो गई। तकरीबन सभी रूट पर परीक्षार्थियों की भीड़ नजर आई। परीक्षार्थियों के साथ विभिन्न जगहों से मैच देखने को क्रिकेट प्रेमी भी दोपहर में ही लखनऊ पहुंच गए। बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों से वाहन बुक कर ये क्रिकेट प्रेमी दोपहर में इकाना स्टेडियम को रवाना हो गए।

शाम को चारबाग रेलवे स्टेशन के साथ लखनऊ जंक्शन पर परीक्षार्थियों की भीड़ रही। जो भी ट्रेन मिली यात्री उसमें बिना टिकट जा बैठे। इसी तरह से आलमबाग, कैसरबाग, चारबाग और अवध बस अड्डे भी वापस लौटने वाले यात्रियों की भीड़ रही। चुनाव में बसों के जाने से यात्रियों को बसों का लंबा इंतजार करना पड़ा। भीड़ के चलते रोडवेज को अयोध्या, गोरखपुर, सीतापुर के साथ ही बछरावां रूट पर तकरीबन 33 अतिरिक्त बसों का संचालन करना पड़ा।

इस संबंध में सिटी बस प्रबंधन एमडी और आरएम, लखनऊ परिक्षेत्र, परिवहन निगम आरके त्रिपाठी ने कहा, भीड़ को देखते हुए सुबह से सिटी बसों का संचलान शुरू कर दिया गया। सभी बसों को सड़क पर उतारा गया जिससे यात्रियों को किसी तरह के परेशानी न हो। इकाना स्टेडियम के लिए बसों का संचालन देर रात तक किया गया। रोडवेज बस अड्डों पर अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई थी। कहीं किसी तरह की परेशानी नहीं आई।

मिलेगी राहत | बनाया जा रहा नया भवन, रहेंगे करीब 30 मेडिकल छात्र, अगले वर्ष फरवरी से मिलने लगेगी सुविधा

# जुग्गौर के ग्रामीण स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र में 24 घंटे मिलेगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जुग्गौर में स्थित ग्रामीण स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र में अगले साल फरवरी माह से 24 घंटे विशेषज्ञों द्वारा उच्चगुणवत्ता का इलाज मिलने लगेगा। अस्पताल के दो मंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस भवन में 30 मेडिकल छात्र निवास करेंगे। अभी अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर प्राथमिक इलाज दे रहे हैं।

डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के तहत आनेवाला ग्रामीण स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र जुग्गौर में स्थित है। संस्थान की ओर से ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां पर एमबीबीएस, पीजी और नर्सिंग छात्रों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। माह के प्रथम सप्ताह में विशेषज्ञ क्लीनिक की भी व्यवस्था है। इन सभी सुविधाओं को और मजबूती प्रदान करने के लिए जुग्गौर में नई इमारत का निर्माण कार्य हो रहा है। जिसमें यहां इंटर्नस और पीजी डॉक्टर्स के रहने की व्यवस्था भी की जा रही है। इमारत बनने पर करीब 30 मेडिकल छात्र भी निवास कर सकेंगे।



निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए लोहिया संस्थान के निदेशक प्रो .सीएम सिंह व अन्य।

### जरूरतमंदों को उच्चगुणवत्ता का मिलेगा इलाज

लोहिया संस्थान के निदेशक प्रो .सीएम सिंह ने बताया जरूरतमंदों को उच्चगुणवत्ता का इलाज मुहैया सके इसके लिए व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में संस्थान के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के डॉक्टर मरीजों को इलाज मुहैया करा रहे हैं, लेकिन जब भवन बनकर तैयार हो जायेगा। तो उससे यहां आसपास के लोगों को 24 घंटे इलाज मिल सकेगा। प्राथमिक उपचार पूरी तरह से निशुल्क रहता है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि मरीजों का इलाज उनकी आर्थिक स्थित को ध्यान में रखकर किया जाए। जिससे गरीब मरीजों के इलाज में किसी तरह की रुकावट न आने पाए।

# पीजीआई में होगा कैंसर का सटीक इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई में कैंसर का इलाज और सटीक हो सकेगा। इसके लिए दो नई मशीनें लगाई जा रहीं हैं। इनकी कीमत करीब 34 करोड़ रुपये है। इसमें एक नई एडवांस लीनियर एक्सिलरेटर मशीन है जो 25 करोड़ की लागत से खरीदी जाएगी। 9 करोड़ रुपये से वाइड बोर्ड सीटी स्कैन मशीन लगेगी। इससे कैंसर के मरीजों की रेडियेशन और उसकी प्लानिंग दोनों पर ही अब बेहतर काम हो सकेगा।

रेडियेथेरेपी विभाग के हेड डॉ शालीन कुमार ने बताया कि अब तक रेडियेशन की प्लानिंग के लिए कोई मशीन नहीं थी।



- 34 करोड़ से चिकित्सा संस्थान में लगेंगी दो नई मशीनें
- 9 करोड़ रुपये से वाइड बोर्ड सीटी स्कैन मशीन लगेगी

इससे सीटी स्कैन कर मरीज की एक वर्चुअल इमेज तैयार हो जाती है। इसके बाद हम इस मशीन की मदद से ये प्लान करते हैं कि मरीज को रेडियेशन किस जगह से कैसे देनी है ताकि दूसरे अंग रेडियेशन से प्रभावित न हो सके। इसे वर्चुअल सिमुलेशन कहा जाता है।

शासन की ओर से इस मशीन की खरीद के लिए गांट दी ई है।। डॉ शालीन कुमार ने बताया कि एक और लीनैक मशीन अगले दो महीने में लग जाएगी। इससे यहां मरीजों की वेटिंग आधी हो जाएगी।

यहां पहले दो मशीन लगी थी लेकिन एक मशीन पुरानी होने के चलते कंडम कर दी गई। उसी की जगह पर नई मशनी आ रही है जिस पर अब मरीजों को रेडियेशन दी जाएगी।

# बंद घरों से दिन में चोरी करने वाले टोपी-मास्क गिरोह का भंडाफोड़

## चार सदस्य गिरफ्तार, 14 लाख के गहने बरामद, सरकारी शिक्षक का पति है गिरोह का सरगना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टोपी व मास्क पहनकर दिन में बंद मकानों को निशाना बनाकर सामान पार करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने रविवार को घटनाओं का खुलासा करते हुए गिरोह के सरगना समेत चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 14 लाख के गहने, कार व अन्य सामान बरामद किया गया है। सरगना सरकारी शिक्षक का पति है।

डीसीपी के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों की पहचान गोमतीनगर विस्तार निवासी सरगना अमित कुमार रस्तोगी, बाजारखाला निवासी अक्कान उर्फ अफान शकील, शामली के कैराना निवासी आजम मलिक और मदेयगंज निवासी मो. असद के रूप में हुई है। पूछताछ में अमित ने बताया कि वह खुद ही बंद मकानों की रेकी करता है। जो घर दो दिन तक बंद दिखते थे, साथियों के साथ मिलकर दिन में उन्हीं को निशाना बनाते थे। पहचान छिपाने के लिये टोपी व मास्क लगाते थे। बताया 16 जुलाई को जेल से छूटने के बाद चिनहट व बीबीडी क्षेत्र के चार बंद मकानों को निशाना बनाया था। जल्द ही और एक घर से चोरी करने की तैयारी थी। डीसीपी ने बताया आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

▶▶ 16 फरवरी को जेल से छूटने के बाद चार मकानों को बनाया निशाना



पुलिस की गिरफ्त में टोपी व मास्क पहन दिन में बंद मकानों से सामान पार करने वाले आरोपी व घटनाओं का खुलासा करते डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह। अमृत विचार

### ▶▶ सरगना पर 21 से अधिक मामले दर्ज

डीसीपी ने बताया कि अमित पर 21 से ज्यादा चोरी के मामले इंदिरानगर, चिनहट, गोमतीनगर विस्तार, बीबीडी समेत अन्य थानों में दर्ज हैं। जेल से छूटने के बाद भी फिर से बंद मकानों को निशाना बना रहे थे। चारों के कब्जे से चोरी के 14 लाख के सोने-चांदी के जेवरात, कार, एक तमंचा, एक कारतूस, चार मोबाइल और 46 हजार रुपये नकद बरामद हुए।

### ▶▶ आरोपी पर गैंगेस्टर की कार्रवाई

पुलिस ने बताया कि अमित संपन्न परिवार से है। पिता सरकारी कर्मचारी थे। पत्नी भी बिहार में सरकारी शिक्षक है। चोरी करने की आदत है। यही नहीं जेल जाने पर हर बार नए साथी बनाता था। इस बार भी तीनों नए साथियों के साथ चोरी की घटना की थी। यही नहीं पुलिस अमित की जमानत लेने वाले की पहचान का प्रयास कर रही है।

# सीमा विवाद में उलझी पुलिस, एक घंटे ट्रक में फंसे रहे चालक और क्लीनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आउटर रिंग रोड किसान पथ पर बिजनौर के अलीनगर खुर्द में हुए हादसे को लेकर पुलिस सीमा विवाद में उलझ गई। पीजीआई और बिजनौर पुलिस एक घंटे तक ये ही नहीं तय कर पाई कि हादसा किस क्षेत्र में हुआ। इस दौरान ट्रक की केबिन में चालक व क्लीनर करीब एक घंटे तक फंसे रहे। एसीपी की फटकार के बाद बिजनौर पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। हादसे के कारण किसान पथ पर लंबा जाम लग गया था। इसे खत्म कराने में पुलिस को तीन घंटे लग गए। वहीं क्षतिग्रस्त ट्रक व डंपर को हटाने में छह घंटे का समय लगा। इसके बाद यातायात व्यवस्था सुचारू हो सकी।

अलीनगर खुर्द में किसान पथ पर रविवार दोपहर 12 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने खड़े डंपर को टक्कर मार दी। हादसे में डंपर चालक सफीक, ट्रक चालक महेंद्र और क्लीनर राजू सैनी की मौत हो गई। वहीं डंपर का हेल्पर रामसेवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज लोकबंधु अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। हादसे की सूचना पर आधे घंटे बाद बिजनौर और पीजीआई दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान बिजनौर पुलिस घटनास्थल को पीजीआई तो पीजीआई इसे बिजनौर थानाक्षेत्र में होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ने लगी।

कुछ देर बाद एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी पहुंचे। उन्होंने तत्काल बिजनौर पुलिस को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। तब सभी को अस्पताल पहुंचाया गया।

**टायर बदलने को दौरान हुआ हादसा :** शफीक और रामसेवक ने जैक लगाकर ट्रक के अगले हिस्से को ऊपर उठाया। उसके बाद शफीक पहिया खोलने के लिए सड़क पर लेट गए। उसने नट-बोल्ट खोलना शुरू ही किया था कि तभी कंटेनर आकर डंपर में घुस गया और ट्रक का पहिया शफीक के ऊपर चढ गया। पास में रामसेवक भी बैठे थे। वह भी हादसे की चपेट में आ गए। किसी को वक्त ही नहीं मिला कि वह बचने की कोशिश तक कर पाते।

**छह घंटे तक प्रभावित रहा किसान पथ :** पुलिस के मुताबिक, डंपर आउटर रिंग रोड के बीचोबीच पंक्चर हो गया था। पंक्चर होने के कारण वह बेकाबू होकर तिरछी आउटर रिंग रोड पर खड़ा था। इसके कारण एक लेन पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। हादसा होने के बाद एक तरफ का यातायात संचालन बंद कर दिया गया। शव निकालने के बाद ट्रक व डंपर को हटाने के लिए पुलिस टीम लगी रही। करीब तीन घंटे बाद यातायात सुचारू हुआ। वहीं, देर शाम 6.30 बजे तक ट्रक व डंपर हटाया गया। करीब छह घंटे तक किसान पथ पर यातायात पूरी तरह से प्रभावित रहा।



हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व स्थानीय लोग। अमृत विचार

▶▶ एसीपी की फटकार के बाद शुरू हुआ राहत कार्य

▶▶ छह घंटे बाद सुचारू हुई यातायात व्यवस्था

### किसान पथ पर हुए हादसे

▶▶ 1 अप्रैल 2024 : चंद्रिका देवी मंदिर रोड किसान पथ फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार भाई-बहन अमित निषाद और सीमा को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत हो गई।

▶▶ 2 अप्रैल 2024 : किसान पथ पर देवा कोतवाली क्षेत्र में जबरीकला गांव के पास गन्ना लदे ट्रक व डीसीएम की भिड़ंत हो गई। टक्कर होते ही दोनों वाहन आग का गोला बन गए। दोनों के चालक-परिचालक भी नीचे दब गए।

▶▶ 18 अप्रैल 2024 : चिनहट किसान पथ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक व क्लीनर की मौत हो गई। वहीं एक घायल हो गया।

▶▶ 8 मई 2023 : लखनऊ-देवा को जोड़ने वाले किसान पथ पर ट्रक ने वैन को टक्कर मार दी। हादसे में पांच की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए।

▶▶ 7 जुलाई 2023 : बीबीडी किसान पथ पर सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में चालक और डंपर के खलासी की मौत हो गई।

▶▶ 16 मार्च 2022 : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में स्थित किसान पथ पर हुए हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। कार व डंपर के बीच टक्कर इतनी जोरदार थी की कार के परखच्चे उड़ गए।

# किराया न मिलने पर ई-रिक्शा चालक ने सवारी पर ताना तमंचा

## पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा तो निकला खिलौना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में रविवार को ऐसी घटना हुई कि देखने वाले कुछ देर के लिए सहमे रह गए। नाबालिग ई-रिक्शा चालक ने किराया न देने पर एक सवारी के सीने पर तमंचा तान दिया। किस पल उसकी उंगली से ट्रिगर दब जाए यह सोचकर आसपास मौजूद लोगों मे भगदड़ मच गई। किराया न देने वाले सवारी की तो सांसे अटक गई।

सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और चालक को पकड़कर तमंचा कब्जे में लिया। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि दहशत फैलाने वाला तमंचा असली नही बल्कि खिलौना है। इस पर सवारी और बाकी लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने किशोर को उसका किराया दिलाया और दोनों पक्षों को डांट-फटकार लगाकर छोड़ दिया।

पुलिस के मुताबिक, मड़ियांव निवासी किशोर ई-रिक्शा चलाता है। किशोर ने मड़ियांव के भिठौली चौराहे से सवारी बैठाई और टेढ़ी पुलिया पहुंचा। वहां ई-रिक्शा में सवार युवक से किराया मांगा। इस पर युवक ने किराया देने से मना कर दिया। इसे लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ा और दोनों एक दूसरे को धमकी देने लगे।

इस पर नाराज ई-रिक्शा चालक किशोर ने कमर में लगा तमंचा निकालकर उसके सीने पर तान दिया। तमंचा निकलते ही चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। अचानक अफरा-तफरी होता देख चौराहे पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। टीएसआई ने ई-रिक्शा चालक को पकड़ लिया। किसी तरह तमंचा छीनकर पुलिस किशोर को पास के बूथ पर लेकर गई। पूछताछ के दौरान टीएसआई ने तमंचे की जांच की तो पता चला कि वह खिलौना है।

टीएसआई ने इसकी जानकारी इंस्पेक्टर गुडंबा नितीश कुमार श्रीवास्तव को दी। जानकारी होने पर थाने की पुलिस पहुंची। दोनों पक्षों से बातचीत की और चालक को किराया दिलाया। वहीं, उसे चेतावनी दी कि इस तरह की हरकत न करें। पुलिस ने खिलौने वाला तमंचा भी अपने पास रख लिया।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

टेढ़ी पुलिया पर ई-रिक्शा चालक और सवारी के बीच हुए विवाद और किराए के लिए तमंचा निकालने का मामला देखते-देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो अधिकारियों ने पूछताछ शुरू की। प्रभारी निरीक्षक गुडंबा नितीश कुमार ने बताया कि चालक नाबालिग है। उसके पास से मिला तमंचा खिलौना है। दोनों पक्षों को समझाकर भेज दिया गया है।



नाबालिग चालक को समझाती पुलिस।

# मिश्रिख लोकसभा प्रत्याशी समेत दो पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ चार गाड़ी बुक कराने के बाद भुगतान न देने का मामला

**अमृत विचार :** मिश्रिख लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमचंद्र चौधरी और उनके चालक के खिलाफ दुबग्गा थाने में अमानत में ख्यानत और जान से मारने की धमकी की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई ट्रैवेल एजेंसी संचालक के प्रार्थना पत्र पर की है।

ठाकुरगंज के निवाजगंज कधीटोला निवासी वीरेश मिश्रा एक ट्रैवेल एजेंसी चलाते हैं। वीरेश के मुताबिक 21 अप्रैल को उनकी बात मिश्रिख लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमचंद्र चौधरी से हुई। प्रेमचंद्र चौधरी ने नामांकन के लिए गाड़ियों की मांग की। कहा कि जो खर्चा आएगा वह दिया जाएगा। उनके कहने पर 25 अप्रैल को नामांकन के लिए चार गाड़ियां भेजी गई। जिसका बिल करीब 28 हजार रुपये हुआ। प्रेमचंद्र से रुपये मांगे तो उन्होंने साफ मना कर दिया। इसे लेकर दोनों के बीच कहासुनी भी हुई। प्रेमचंद्र चौधरी का चालक करन जो दुबग्गा में रहता है। उसने 30 अप्रैल को शाम करीब 6 बजे कॉल कर रुपये देने के लिए दुबग्गा बुलाया। वहां पहुंचा तो करन गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। उसने धमकी दी कि प्रेमचंद्र से रुपये मांगे तो तुमको जान से मार दूंगा। साथ ही एससी/एसटी एक्ट में फंसा दूंगा।

प्रभारी निरीक्षक दुबग्गा अभिनव कुमार वर्मा के मुताबिक, पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर फोन कर दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज मेट्रो स्टेशन के हेल्पलाइन नंबर पर रविवार सुबह 11 बजे एक अज्ञात व्यक्ति के कॉल ने पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों को हिलाकर रख दिया। कॉल करने वाले ने कहा कि आधे घंटे के अंदर मेट्रो स्टेशन पर कुछ बड़ा होने वाला है। भुगतने के लिए तैयार रहो। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब सवा घंटे तक सर्च अभियान चलाया। लेकिन कोई संदिग्ध व्यक्ति व वस्तु नहीं मिली। धमकी की सूचना मिलते ही एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा, इंस्पेक्टर विक्रम सिंह, एलआईयू और बम निरोधक दस्ता मेट्रो स्टेशन पहुंच गया। एसीपी ने बताया कि स्टेशन पर मौजूद संदिग्ध यात्रियों, पटरी के आसपास, शौचालय और अन्य स्थलों का बम निरोधक दस्ते ने परीक्षण किया। साथ ही मेट्रो स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले गए। एसीपी ने बताया कि तफ्तीश में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। धमकी देने वाले का पता लगाया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा क्षेत्र में रविवार को युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक के परिजनों की मांग पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को उनके सुपुर्द कर दिया। थाना अंतर्गत लोनहा स्थित गड़रियन खेड़ा निवासी अवधेश (24) सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। रविवार दोपहर वह गांव के पास ही खेत से भूसा उठाकर घर जा रहा था। दोपहर करीब 1 बजे ट्रेन की चपेट में आ गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अवधेश के परिवार में मां गणेश और दो छोटे भाई हैं।



खेत में जलता भूसे का ढेर। अमृत विचार

### भूसा जला, नहीं लगा फायर स्टेशन का नंबर

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां थाना क्षेत्र में आग लगने से भूसे का ढेर राख हो गया। वहीं फायर स्टेशन का नंबर नहीं लगा। किसान ने ग्रामीणों के साथ मिल निजी संसाधनों से किसी तरह आग पर काबू पाया। थाना अंतर्गत अधैया निवासी किसान राधेश्याम दीक्षित के मुताबकि, रविवार को उसके खेत में लगे भूसे के ढेर में आग लगने से डेढ़ बीघे का भूसा जलकर राख हो गया। किसान ने अज्ञात पर जलती बीड़ी भूसे के ढेर पर फेंकने से आग लगने का आरोप लगाया है। आग ने भूसे के अलावा खेत में खड़े वृक्षों को भी चपेट में ले लिया। पीड़ित किसान का कहना है कि कई बार कॉल करने के बाद भी फायर स्टेशन का नंबर नहीं लगा। इसके चलते ग्रामीणों के साथ जब तक आग पर काबू पाया जाता, भूसा जल चुका था।

### डाला चालक पर चाकू से हमला, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर में चालक ने डाला बुक करने से मना किया तो आरोपियों ने चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने चालक के भाई के प्रार्थना-पत्र पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना अंतर्गत तकरोही निवासी मो. नफीस के मुताबिक, उनके भाई शफीक डाला चलाते हैं। दो दिन पहले शफीक से इंदिरानगर निवासी सीटू, अभिषेक और सुशील ने डाला बुक करने को कहा था। इनकार करने से आरोपी नाराज थे। 3 अप्रैल की रात शफीक डाला लेकर आ रहे थे। रास्ते में आरोपियों ने उसे रोक चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। शोर सुन पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। मौके पर पहुंचे नफीस ने शफीक को अस्पताल में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी सीटू, अभिषेक और सुशील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### उधारी वापस मांगने पर जान से मारने की दी धमकी

**अमृत विचार, तालकटोरा :** थाना क्षेत्र में उधारी के रूप में दिये रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। राजाजीपुरम मोहन भोग चौराहा निवासी पीड़ित रामचंद्र सैनी ने बताया कि दोस्त प्रॉपर्टी डीलर नितिन सैनी को उधारी के रूप में छह लाख रुपये दिये थे। उसने दिसंबर में उधारी लौटाने की बात कही थी। निर्धारित समय सीमा में जब रुपये नहीं लौटाये तो संपर्क किया। दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया है। प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र दुबे ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### चोरों ने एसी की आउटडोर यूनिट पार की

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर स्थित नमामि गंगे कार्यालय में घुस कर चोर एसी के आउटडोर उठा ले गए। मामले में कार्यालय प्रबंधक ने विभूतिखंड कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकीपुरम निवासी अभिजीत सिंह ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि वह नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग में कार्यालय प्रबंधक हैं। शनिवार को कार्यालय खुलने के बाद एसी काम नहीं कर रहा था। जांच की तो पता चला कि कार्यालय के पिछले हिस्से में लगी एसी की आउटडोर यूनिट गायब है। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर घटना की जानकारी मिली। इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### बंद मकान से गहने और नकदी किए पार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर क्षेत्र में चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया। थाना अंतर्गत घसियारी मोहल्ला स्थित राजधानी कॉलोनी में भूमिका रहती है। 3 मई को घर में ताला बंद कर पति श्रीनाथ के साथ उन्नाव गई थी। रविवार सुबह करीब 6 बजे पड़ोसी विनय मिश्रा ने चोरी की जानकारी दी। चोर ताले तोड़कर 2 लाख रुपये के गहने और 90 हजार नकदी ले गये थे। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

# पूर्व आईपीएस पर की अभद्र टिप्पणी, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ एक राजनीतिक दल का पोस्टर घर पर लगा मिला, निर्वाचन आयोग से शिकायत

**अमृत विचार :** गोमतीनगर थाने में पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उनके खिलाफ एक्स पर की गई अभद्र टिप्पणी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि विरामखंड स्थित उनके आवास की दीवार पर बिना अनुमति के एक दल का पोस्टर लगा दिया गया। मामले में उन्होंने निर्वाचन आयोग से शिकायत की थी। आयोग के अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए पोस्टर हटवा दिया था। अमिताभ ठाकुर के मुताबिक इस शिकायत के बाद अज्ञात ने उनके नाम से फर्जी आइडी एक्स पर बनाई और अभद्र टिप्पणी की। जांच में पता चला कि यह आइडी अप्रैल में बनाई गई है। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साइबर क्राइम सेल को मामले की जांच की जांच सौंपी गई है।

# एलडीए का फर्जी सर्वेयर बन 50 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ आरोपी के साथ शामिल पिता-पुत्री की तलाश जारी

**अमृत विचार :** एलडीए का फर्जी सर्वेयर बन आठ लोगो से 50 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गाजीपुर पुलिस ने जयपुर से गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस आरोपी के परिवार के अन्य दो फरार लोगो की तलाश कर रही है।

इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान जानकीपुरम एक्सक्लूसिव बहार निवासी सैय्यद ईशान उर्फ सोनू के रूप में हुई। उसे जयपुर के आमेर से गिरफ्तार किया है। वह लकड़ी फैक्ट्री में काम करता था। ईशान खुद को एलडीए का सर्वेयर बताता था। आरोपी का पिता मुस्ताक खुद को एलडीए का बाबू बता पहले लोगों से दोस्ती करता था। इस बीच उसकी बेटी अनम कम दाम में एलडीए के मकान दिलाने का झांसा देती थी। पूरी तरह जाल में फंसाने के लिये एलडीए के खाली मकान पीड़ितों को दिखाये जाते थे। इसके बाद एलडीए के जेई के निरीक्षण की बात कहते थे। इसके बाद मुस्ताक का दामाद काजी सैफ रहमान फर्जी दस्तावेज तैयार करा एलडीए का जेई बन पीड़ितों से मिलकर निरीक्षण करता था। फिर फर्जी सर्वेयर बन ईशान मकान का सर्वे करता था।

इस प्रक्रिया पर भरोसा होने पर पीड़ित मुस्ताक को तय रकम दे देते थे। मकसद पूरा होने के बाद सभी मोबाइल बंद कर फरार हो जाते थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि फरार मुस्ताक व उसकी बेटी अनम की पुलिस टीमें तलाश कर रही हैं।

## बहू ने मां के साथ मिलकर सास को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग क्षेत्र स्थित पारिवारिक न्यायालय परिसर में बहू ने मां के साथ मिलकर सास को पीट दिया। पुलिस कर्मियों ने किसी तरह महिला को बचाया। सास दहेज प्रताड़ना के मुकदमें की पैरवी करने पहुंची थी। पीड़िता के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने आरोपी मां-बेटी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

बीबीडी के तिवारीगंज निवासी नीलम त्रिपाठी ने बताया कि उनके बेटे राजशेखर का विवाह पीजीआई की वृंदावन कॉलोनी निवासी कीर्ति शुक्ला से हुआ था। बेटे और बहू के बीच दहेज प्रताड़ना को लेकर विवाद का मुकदमा पारिवारिक न्यायालय में चल रहा है। शनिवार को नीलम मुकदमे की पैरवी के लिए न्यायालय पहुंची थीं। नीलम का आरोप है कि कोर्ट परिसर में बहू ने अपनी मां मालती के साथ रोक कर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर लातघूसों से पीटने के बाद बाल पकड़ जमीन पर पटक दिया। इंस्पेक्टर कैसरबाग सुनील कुमार सिंह ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# महिला की चेन व नकदी लूट बाइक सवार बदमाश फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नाका क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश ई-रिक्शा से जा रही महिला की चेन व 76 हजार नकदी समेत अन्य सामान लूट कर फरार हो गये। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

अंबेडकर जनपद के तुलसीपुर निवासी बीनू पांडेय ने नाका थाने में प्रार्थना-पत्र दिया। बताया किसी काम से रविवार को लखनऊ आई थी। शाम करीब 5 बजे ई-रिक्शा से चारबाग रेलवे स्टेशन से आलमबाग बस स्टेशन की तरफ जा रही थी। ई-रिक्शा दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचा था। इसी दौरान पीछे से आये एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मार कर बैग लूट लिया। इससे वह ई-रिक्शा से गिर कर जख्मी हो गईं। शोर मचाने पर जब तक आसपास के लोगों ने पीछा करने का प्रयास किया, बदमाश फर्राटा भरते हुये लापता हो चुके थे। पीड़िता ने बताया बैग में चेन, 76,500 रुपये, मोबाइल, एटीएम, चेकबुक, पासबुक व पैनकार्ड था। इंस्पेक्टर नाका वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जल्द ही गिरफ्तारी कर वारदात का खुलासा किया जायेगा।

# किशोर का फंदे से लटका मिला शव

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर इलाके में घर पर किशोर ने फंदा लगा लिया। दोपहर में खेत से घर लौटे परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तब घटना का पता चला। परिजन ने आरोप से इनकार किया है। पुलिस के मुताबिक, माती गांव निवासी मजदूर राजाराम रावत रविवार को परिजनों के साथ खेत पर गए थे। बेटा सुजीत (17) घर पर अकेले था। दोपहर में राजा राम लौटे तो मकान का दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने के बाद भी जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका में दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो सुजीत का शव जाल में साड़ी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन ने आत्महत्या का कारण पता होने से इनकार किया। घटना स्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

बुरा हाल — इस वर्ष विभिन्न थानों में कुल 414 हादसों से संबंधित मामले हुए दर्ज

# राजधानी में प्रतिदिन हो रहे चार हादसे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में इस वर्ष चार माह से रोजाना चार सड़क हादसे हो रहे हैं। सबसे अधिक हादसे साउथ जोन में और सबसे कब सेंट्रल जोन में हुए हैं। तीन थाना क्षेत्र ऐसे हैं जहां एक भी हादसा नहीं हुआ है, जबकि चिनहट और गोसाईंगंज क्षेत्र में सबसे अधिक 21-21 हादसे हुए हैं।

वर्ष 2024 में जनवरी से 30 अप्रैल तक राजधानी के पांचों जोन के विभिन्न थानों में सड़क हादसों के कुल 414 मामले दर्ज किए गए हैं। इस हिसाब से 120 दिन में यह हादसे हुए हैं। जोनवार हादसों की संख्या की बात करें तो साउथ जोन के नौ थानों में कुल 115 हादसे दर्ज किए गए हैं। दूसरे नंबर पर ईस्ट जोन है, यहां के नौ थानों में 101 हादसों की रिपोर्ट दर्ज की गई है। तीसरे नंबर पर वेस्टजोन रहा है। यहां के 13 थानों में कुल 96 पीड़ितों ने सड़क हादसों की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चौथे स्थान पर नार्थ जोन रहा है। यहां के 11 थानों में सड़क हादसों के 82 मामले दर्ज किये गये हैं।

सबसे कम 22 हादसे सेंट्रल जोन के आठ थानों में दर्ज किए गए हैं। बता दें कि यह वह मामले हैं, जिनमें किसी की मौत हुई है या फिर लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसके अलावा कुछ छोटे-छोटे हादसे हुए जिनमें लोग मामूली जख्मी हुए, जिनमें दोनों पक्षों में आपस में समझौता हो गया। इसके चलते इन मामलों को थाने में दर्ज नहीं कराया गया है।





### चिनहट और गोसाईंगंज क्षेत्र में रफ्तार रखें काबू

इस वर्ष अब तक चिनहट और गोसाईंगंज थाना क्षेत्र हादसों का ब्लैक स्पॉट साबित हुआ है। इन दोनों थाना क्षेत्र में सबसे अधिक 21-21 सड़क हादसे हो चुके हैं। ऐसे में इन दोनों थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार में चलने वाले वाहन चालकों को सावधानी बरतना जरूरी है।

### अमीनाबाद, सआदतगंज व मानक नगर क्षेत्र सुरक्षित

इस वर्ष अमीनाबाद, सआदतगंज और मानक नगर थानों में सड़क हादसे का एक भी मामला दर्ज नहीं किया गया है। इस लिहाज से वाहन चालकों के लिये यह तीनों एरिया सुरक्षित रहे हैं। इन क्षेत्र के वाहन चालकों से लोगों को सबक लेने की जरूरत है।

# दो मंजिला मकान में लगी आग छात्राओं ने भाग कर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ दमकल के पहुंचने से पहले ही मकान मालिक ने आग पर पाया काबू

**अमृत विचार :** अलीगंज क्षेत्र में दो मंजिला मकान में खाना बनाते समय छोटे गैस सिलेंडर से गैस लीक होने से किचन मे आग लग गई। लपटें देख मकान में रह रहीं छात्राओं ने आनन-फानन बाहर भाग कर जान बचाई। मकान मालिक ने पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया।

घटना रविवार रात करीब 8 बजे की अलीगंज थाने के समीप स्थित मकान की है। यहां आजाद पार्क के पास आरडी वर्मा का दो मंजिला मकान है। जिसमें छात्राएं किराये पर रहती हैं। बताया जा रहा है कि दूसरी मंजिल पर छात्राएं खाना बना रही थीं। इसी दौरान अचानक छोटे सिलेंडर में गैस लीकेज से आग भड़क उठी। लपटें देख छात्राओं ने घबरा कर शोर मचाते हुए मकान के बाहर भाग कर जान बचाई। इसके बाद मकान मालिक ने पड़ोसियों के साथ मिलकर निजी संसाधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। इस बीच दमकल कर्मी भी दो गाड़ियों से मौक पर पहुंच गए। हालांकि तब तक लोगों ने आग पर काबू पा लिया। एफएसओ इंदिरानगर शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## एक नजर

### आपराधिक इतिहास मिलने पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस आयुक्त ने रविवार को आपराधिक इतिहास मिलने पर एक शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर जमा करा लिया। इसके अलावा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई कर 23748 लोगों को पाबन्द किया। जबकि 85 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 78 कारतूस, 119 किलोग्राम विस्फोटक व सात बम बरामद कर सीज किये हैं। पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाले 63 स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान एक स्थान को सीज किया है।

### संगोष्ठी में कम मतदान पर जताई गई चिंता

**अमृत विचार, लखनऊ :** विचार मंच संस्था द्वारा कम मतदान चिंतनीय विषय पर वीरसावरकर नगर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हमारे यहां के लोकतांत्रिक ढांचे में जनता को पांच वर्ष में सिर्फ एक बार वोट का अधिकार मिलता है और यदि उसने इस मताधिकार का उपयोग नहीं किया तो गलत लोग चुनकर आ जाएंगे। उसके बाद जनता के पास पछताने के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे चाहे जिस स्थिति में हो अपना जनप्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान करने अवश्य जाएं। मुख्य वक्ता सुशील मिश्र ने कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए कि आज जो लोग लुभावने सपने दिखा रहे और मोदी की निंदा कर रहे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने 70 साल तक सत्ता पर काबिज रहकर जनता का कल्याण करने के बजाए सिर्फ अपने परिवार का भला किया और देश को हर तरह से लूटा। श्याम कुमार ने कहा कि यदि हमें अपने लोकतंत्र को जनकल्याणकारी बनाना है तो उसके लिए हमारे सामने एकमात्र रास्ता यह है कि हम मतदान करने घर से अवश्य निकलें। संगोष्ठी में दो दर्जन से अधिक समाजसेवियों और विश्लेषकों ने अपनी राय रखी। संगोष्ठी में पीबी वर्मा, राजीव अहूजा, रामसिंह तोमर, शौकत अली, सचिन त्रिपाठी, लाल विरेन्द्र कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालात में महिला का पेड़ से लटका मिला शव

## मोहनलालगंज के रायभानखेड़ा गांव का मामला

संवाददाता, मोहनलालगंज

▶▶ सूचना के ढाई घंटे बाद पहुंची पुलिस, ग्रामीणों में आक्रोश

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज के रायभानखेड़ा गांव में रविवार सुबह सीमा (25) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव गांव से आधा किलोमीटर दूर खेत में पेड़ से साड़ी के फंदे से लटका मिला। सूचना देने के ढाई घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस पर नाराज ग्रामीणों से नोकझोंक हुई। परिजन हत्या की आशंका जाहिर करते हुए गांव के एक युवक पर आरोप लगाया है। युवक फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।


सीमा

रायभान खेड़ा गांव में सुबह पांच बजे गांव से पांच सौ मीटर दूर पेड़ से हेमराज की पत्नी सीमा का शव उसकी ही साड़ी से लटका मिला। वह रात में खाना खाने के बाद पति व बेटी के सो जाने पर घर से निकल गई थी। जिस पेड़ के पास शव लटका मिला, वहां संघर्ष के निशान मिले हैं, जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसकी हत्या कर शव पेड़ से लटकाया गया है। युवती के पति ने गांव के ही एक युवक से महिला की दोस्ती होने की बात पुलिस को बताते हुए पुलिस को दो मोबाइल फोन दिए हैं। महिला से बात करने वाला युवक गांव से फरार है।

शव पेड़ से लटका पाए जाने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों के मुताबिक सबसे पहले इसकी सूचना हुलास खेड़ा चौकी प्रभारी अनूप सिंह को दी, लेकिन घटनास्थल से एक किलोमीटर की दूरी तय करने में पुलिस को ढाई घंटे का समय लग गया। ढाई तक महिला का शव आधे कपड़े में लटका रहा। लोग उसकी वीडियो व फोटोग्राफी करते रहे। जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीण महिला के शव का वीडियो व फोटो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल होने पीछे पुलिस की लापरवाही और लेटलतीफी को कारण बता रहे हैं। इसे लेकर वहां ग्रामीणों और पुलिस के बीच कहासुनी भी हुई।

### 9 वर्ष पहले हुआ था प्रेम विवाह

पुलिस के मुताबिक परवर पश्चिम निवासी सीमा का 9 साल पहले हेमराज से प्रेम विवाह हुआ था। हेमराज ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात सीमा के पास दो मोबाइल फोन मिले थे। इस पर पूछताछ की तो कोई जवाब नहीं मिला। इसे लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। रात में खाना खाने के बाद हेमराज 5 साल की बेटी दिव्यांशी के साथ सो गया। सुबह उठा तो सीमा घर पर न हीं थी। इसी बीच उसके शव लटके होने की सूचना मिली। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आग का गोला बनी चलती कार, कूद कर बचाई जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज इलाके में रिंग रोड पर रविवार दोपहर एक कार में अचानक आग लग गई। लपट को देख चालक ने कूद कर जान बचाई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। आग लगने की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची। करीब आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

एफएसओ चौक पुष्पेंद्र यादव के मुताबिक, दोपहर करीब 1:40 पर दमकल विभाग के कंट्रोल रूम पर ठाकुरगंज के रिंग रोड बुद्धेश्वर पुल के पास एक कार में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। जानकारी मिलते ही चौक फायर स्टेशन से दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और 20 मिनट में आग पर काबू पाया है। कार चालक मोहम्मद वसीम ने बताया कि उनकी सेंट्रों कार में अचानक आग लग गई। वह दोस्त लियाकत अली के साथ आलमबाग नहरिया की तरफ जा रहे थे। कार में आग लगते ही दोनों ने कूद का जान बचाई। चंद पल में कार धू-धू कर जलने लगी। कार को जलता देख राहगीरों की भीड़ वहां एकत्र हो गई। एफएसओ ने बताया कि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। कार में आग लगने का कारण भी स्पष्ट नहीं हो सका है।

### ट्रेन की चपेट में आने से रेलवे कर्मचारी की मौत

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव निवासी मल्लू यादव उर्फ देवेंद्र यादव की देर रात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक रेलवे कर्मचारी था।

जानकारी के मुताबिक, मऊ गांव निवासी गुरुदयाल का बेटा मल्लू यादव रेलवे में गेटमैन पद पर कार्यरत था। देर रात अपनी ड्यूटी खत्म होने के बाद वह मऊ स्थित अपने घर जा रहा था। मऊ गांव के पास रेलवे क्रॉसिंग को पार करते हुए वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गयी ।

# शत प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प


मतदान करने का संकल्प लेते जनकल्याण समिति के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-6 में लक्ष्य जनकल्याण समिति द्वारा क्षेत्रीय एवं सामाजिक विकास के सन्दर्भ में आयोजित बैठक में शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसके बाजपेई ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि मतदान अवश्य करे।

इस अवसर पर उपस्थित लक्ष्य जनकल्याण समिति के सांस्कृतिक सचिव कवि महेश चन्द्र गुप्त ने अपने मुक्तकों के माध्यम से मतदान हेतु प्रोत्साहित करते हुए कहा कि 'सैर सपाटे सभी छोड़ के, मौज मस्ती से मुंह मोड़ के, आओ चलें करें मतदान, लोकतंत्र का पर्व महान। बैठक में समिति के महामंत्री पंकज कुमार तिवारी ने कहा, सही प्रतिनिधि चुनने के लिये शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। बैठक में ज्ञानेन्द्र सिंह सिकरवार, दिनेश चन्द्र गुप्ता, डॉ. अमित सक्सेना, प्रणव दिक्षित, जेपी वर्मा, प्रणव दीक्षित, सुशील कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

# अधिकारी पर छेड़छाड़ का आरोप

## महिला व उसके भाई पर अधिकारी ने लगाया मारपीट का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ वजीरगंज थाने में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर दर्ज कराई रिपोर्ट जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** वजीरगंज कोतवाली में मंडलायुक्त कार्यालय में शनिवार को एक महिला कर्मचारी और अधिकारी के बीच चुनाव ड्यूटी करने को लेकर हुए विवाद के मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दोनों पक्षों में विवाद के दौरान महिला के वकील भाई के पहुंचने पर हंगामा बढ़ गया था। महिला ने अधिकारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। जबकि अधिकारी ने महिला कर्मचारी और उसके भाई पर मारपीट व धमकी का आरोप लगाया है।

इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चन्द्र मिश्र के मुताबिक मंडलायुक्त कार्यालय में गाजीपुर में तैनात महिला कर्मचारी कोर्ट के आदेश पर कनिष्ठ लिपिक पद पर सम्बद्ध है। उसकी चुनाव में डयूटी लग गई थी। यहां तैनात एक अधिकारी से गाजीपुर में लगी डयूटी कटवाने के लिये कह रही थी। इसको लेकर अधिकारी से विवाद हो गया। अधिकारी का कहना था कि उसकी डयूटी गाजीपुर जिले में तैनाती की वजह से वहां लगी है। ड्यूटी काटने का अधिकार गाजीपुर डीएम या सीडीओ को है। महिला उनकी बात मानने की बजाय बहस करती रही। इसी दौरान उसका वकील भाई पहुंचा और विवाद करने लगा। उधर, महिला का कहना है कि डयूटी कटवाने अधिकारी के पास गई तो छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर अपशब्द कहे। इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला कर्मचारी की तहरीर पर अधिकारी के खिलाफ छेड़छाड़ और अधिकारी की तहरीर पर महिला के खिलाफ धमकी, मारपीट व अपशब्द का मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### व्यापारियों ने बंद दुकानें खुलवाने की लगाई गुहार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव थाना क्षेत्र के पीड़ित व्यापारियों ने दुकान खुलवाने के लिए रविवार को पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई। व्यापारियों का कहना है कि 29 अप्रैल को कुछ बाहरी लोगों ने उन पर हमला कर दिया था। मामले में दो व्यापारी भाई घायल हो गये थे। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन अभी तक आरोपी पकड़े नहीं गये। उल्टे पीड़ित व्यापारियों की दुकानें ही बंद करा दी गईं थीं। घटना से परेशान व्यापारियों ने संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडेय को अवगत कराया। इस पर उन्होंने मड़ियांव इंस्पेक्टर और अलीगंज एसीपी से बात की थी। एसीपी ने 6 मई को मिलने की बात कही। इससे परेशान व्यापारियों ने रविवार को पुलिस प्रशासन से दुकानें खुलवाने की गुहार लगाई है। इस दौरान राकेश चौरसिया, सिकंदर, सुरेश गुप्ता, रामकिशोर, रामबाबू, कौशल गुप्ता, राहुल शर्मा, विनोद चौरसिया समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जल्द दुकानें खुलवाने का आश्वासन दिया।

# केंद्र सरकार की अनदेखी से पेंशनरों में रोष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ लगाया आरोप, सरकार के हर सांसद और मंत्री को ज्ञापन दिया, लेकिन कोरे आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला

**अमृत विचार :** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की मंडलीय बैठक रविवार को एलडीए कानपुर रोड मंदिर परिसर में हुई। जिसमें विभिन्न विभागों के पेंशनर शामिल हुए।

बैठक में पेंशनरों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार से न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये महीना, महंगाई भत्ता और पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा दिए जाने की मांग की जा रही है। सरकार के हर सांसद और मंत्री को ज्ञापन दिया गया, लेकिन कोरे आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। जिससे देश भर के 77 लाख पेंशनर और उनके परिवारों में रोष व्याप्त है।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केएस तिवारी ने कहा कि परिवार हो या सरकार बुजुर्गों के आशीर्वाद के बिना नहीं चल सकती। इसलिए वृद्ध पेंशनरों की अनदेखी करना ठीक नहीं है। प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर ने कहा कि प्रतिदिन औसतन 200 पेंशनर आर्थिक दुर्दशा झेलते हुए परलोक सिधार जाते हैं। अतः 60 वर्ष से ऊपर सभी पेंशनरों को आयुष्मान योजना से तत्काल जोड़ा जाना चाहिए। समिति ने तय किया कि हर जिले में बैठक कर पेंशनरों को जाग्रत कर संगठित किया जाएगा।


मंडलीय बैठक के दौरान उपस्थित पेंशनर। अमृत विचार

बैठक को आरपी सिंह, उमाकांत सिंह, आरएन द्विवेदी, सुभाष चौबे, एपी सिंह, सतीश अग्निहोत्री, अशोक बाजपेई, अवधेश शुक्ला, राजेश द्विवेदी, डीके मिश्रा एवं मेवा लाल शुक्ल आदि ने संबोधित किया। बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी ने किया ।

### जंगल में मिली महिला ने ट्रॉमा में तोड़ा दम

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** मलिहाबाद थाना अंतर्गत मुगलपुरा निवासी गंगा देवी (62) ने शुक्रवार को जंगल में जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। उन्हें पुलिस ने उन्हें ट्रामा सेंटर भेजा। जहां शनिवार देर रात उनकी मौत हो गई। बेटे रामनरेश के मुताबिक मां गंगा देवी बिना किसी को कुछ बताए घर से चली गई थीं। देर शाम वह नवीपनाह स्थित जंगल में मरणासन्न हालत में मिली थीं। चार वर्ष पहले पिता छोटेलाल की मौत के बाद से मां मानसिक परेशान रहती थीं। इंस्पेक्टर मलिहाबाद के मुताबिक परिवार वालों ने आरोप से इंकार किया है।

# ऑनलाइन ठगी से बचने के सिखाए तरीके

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हेल्पेज इंडिया के तहत वरिष्ठ नागरिकों की सेवा के क्षेत्र में काम कर रही संस्था उन्नति फाउंडेशन वेल्फेयर सोसाइटी ने रविवार को एसएसजेडी स्कूल में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए सुरक्षा से जुड़ा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। डिजिटल सेफ्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर एल्डर्स नाम से किये गए इस कार्यक्रम में वृद्धजनों को तमाम जरूरी जानकारियां दी गईं।

प्रशिक्षकों ने वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखा कि उनके सम्मान पर कोई असर नहीं आये। प्रशिक्षकों ने उनसे कहा कि आप लोगों के पास तो अनुभवों का खजाना है। उस खजाने से हमें बहुत कुछ सीखने की जरूरत है लेकिन इधर अपराधियों ने अपराध की जो नई-नई तकनीक अपनाई हैं, उसे जानना सभी के लिए बहुत जरूरी है।


हेल्पेज इंडिया संस्था के जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक।

प्रशिक्षण शिविर में बुजुर्गों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के तरीकों की अनुभवी लोगों ने विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में हेल्पेज इंडिया से रश्मि मिश्रा और उन्नति फाउंडेशन के संस्थापक रोहित सिंह, शैलजा पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, ममता त्रिपाठी, राकेश पाण्डेय, जितेन्द्र मिश्रा, चन्द्रकान्ता मिश्रा और योगेन्द्र की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# ईश्वर को किसी भी हाल में न छोड़ना ही सफलता का सूत्र : मुक्तिनाथानंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ ईश्वर की उपेक्षा करेंगे तो फिर बीमारी का मुकाबला कैसे करेंगे

**अमृत विचार :** निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने रविवार को मठ में दिए अपने प्रवचन में कहा कि शरीर धारण करने के बाद शरीर में व्याधि का होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जब हमारा शरीर बीमार हो जाता है और हम पीड़ा से इतने बेचैन हो जाते हैं कि हम ईश्वर को भी भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हालात कैसे भी हों लेकिन व्यक्ति को कभी ईश्वर को भूलना नहीं चाहिए।

उन्होंने कहा कि बीमारियों से ग्रस्त होने के बावजूद कैसे हमारा ध्यान ईश्वर केन्द्रित रहे इसे सिखाने के लिए खुद भगवान ने कई बार मानव शरीर धारण कर यह बताया कि हर हाल में ईश्वर को याद रखना है।

रामकृष्ण के जीवन की घटनाओं और उनकी जीवनी की चर्चा करते हुए स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने बताया कि वर्ष 1885 में रामकृष्ण जब दक्षिणेश्वर में थे। उनके गले में रोग हो गया था जो जांच में कैंसर के रूप में सामने आया। कैंसर की वजह से साल भर के भीतर उनका निधन भी हो गया। कैंसर की जानकारी मिलने के बाद रामकृष्ण ने अपने अनन्य शिष्य से सवाल पूछा कि बताओ कि यह रोग आखिर क्यों हुआ? शिष्य ने जवाब दिया कि यह बीमारी लोगों को यह बताने के लिए आई कि आपको इतना गंभीर रोग हुआ लेकिन आप ईश्वर को छोड़कर और कुछ जानते ही नहीं।

उन्होंने कहा कि हमें यह समझना चाहिए कि जिस शरीर में बीमारी है उसी में परमात्मा का भी वास है। अगर हम बीमारी के सामने ईश्वर की उपेक्षा करेंगे तो फिर बीमारी का मुकाबला कैसे करेंगे। ईश्वर को हर हाल में याद करने से हमारा जीवन सफल हो जायेगा।

### गार्डर चुरा रहे दो लोगों को सुरक्षा गार्डों ने पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा क्षेत्र में शनिवार रात पीएनसी कंपनी के सुरक्षा गार्ड ने गार्डर चुरा कर ले जा रहे दो आरोपियों को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जबकि अन्य आरोपी फरार हो गये। पुलिस ने वाहन कब्जे में लिया है।

बंथरा कस्बा स्थित मधुबन ढाबा के पास कंपनी के गर्डर रखे हैं। शनिवार देर रात चार से पांच लोग छोटा हाथी वाहन में चोरी से गार्डर लाद रहे थे। सुरक्षा गार्ड ने देख लिया। तो आरोपी भागने लगे, लेकिन गार्ड ने दो आरोपियों को पकड़ लिया। जबकि अन्य फरार हो गये। आरोपियों की पहचान ठाकुरगंज थाना अंतर्गत कैंपवेल रोड स्थित न्यू हैदरगंज निवासी सुनील और उन्नाव जिले की सोहरामऊ थाना अंतर्गत नदौआ निवासी अनुज के रूप में हुई।

पुलिस ने श्यामू मिश्रा के प्रार्थनापत्र पर दोनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया। वाहन कब्जे में लेकर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# चौथे चरण तक मात्र 40 महिला प्रत्याशी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आधी आबादी को बढ़ावा देने की बात तो सभी राजनीतिक दल करते हैं, मगर हकीकत में उनकी नेतृत्व क्षमता पर विश्वास कमतर ही करते हैं। हाल उन दलों का भी है, जिनका शीर्ष नेतृत्व ही आधी आबादी में शामिल हो। हो रहे लोकसभा चुनाव में अबतक चार चरण के हो चुके 401 नामांकन में मात्र 40 महिला प्रत्याशी ही मैदान में हैं। प्रस्तावित आरक्षण से बहुत दूर मात्र 10 प्रतिशत भी नहीं है।

लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में अभी तक चार चरण के नामांकन हो चुके हैं, तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। इन चार चरणों में महिला प्रत्याशियों की बात करें तो मौजूदा स्थिति 10 फीसदी भी नहीं है, जबकि संसद में पास हो चुके 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू होना बाकी है। यूपी इलेक्शन वाच (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक आठ सीटों पर होने वाले पहले चरण में कुल 80 प्रत्याशी में थे, इनमें मात्र सात महिला उम्मीदवार थीं, दूसरे चरण में नौ सीटों पर 91 प्रत्याशियों में मात्र नौ महिलाएं, तीसरे चरण की 10 सीटों पर मतदान होना है, 100 प्रत्याशी भाग्य अजमा रहे हैं, मगर मात्र आठ महिलाएं हैं। इसी प्रकार चौथे चरण में 13 सीटों के लिए 130 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है, केवल 16 महिलाओं ने नामांकन किया है।

# संवाद के रास्ते बंद करने के खिलाफ थे अतुल अंजान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ शोक सभा में साथियों ने पुराने संस्मरणों को किया साझा

**अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव अतुल अंजान को रविवार की शाम गोमतीनगर स्थित एके सिंह भवन में उनके साथियों ने बड़ी शिद्दत से याद किया। दो दिन पहले उनका कैंसर से जूझते हुए निधन हो गया था। शनिवार की शाम को ही उनका अंतिम संस्कार किया गया था।

प्रदीप कपूर ने बताया कि अतुल अंजान का किताबों से प्रेम आखिरी वक्त तक बना रहा। काफी हाउस में महफ़िल जमाना और किताबें पढ़ना उनकी दिनचर्या का हिस्सा था। यूनिवर्सल के प्रबंधक चन्द्र प्रकाश ने कहा कि वह लखनऊ विश्वविद्यालय में उनसे सीनियर थे लेकिन रिश्ते बने तो यह जाना कि उन्होंने अपनी जिन्दगी समाज के लिए न्यौछावर कर दी।

सुप्रीम कोर्ट के वकील रोहित ने कहा कि अतुल लखनऊ की पुरानी परम्परा को जीते थे। लखनऊ विश्वविद्यालय में उन्होंने महामंत्री का चुनाव लड़ा और 55 वोट से हार गए। इसके बाद उन्होंने तय किया कि अब चुनाव नहीं लड़ेंगे लेकिन फिर ऐसे हालात बने कि वह अध्यक्ष पद पर लड़े और जीते।

वंदना मिश्रा ने अतुल अंजान वामपंथ का चेहरा थे। वह सबके साथ इस तरह से घुले-मिले थे कि कभी लगा ही नहीं कि वह अलग हैं। उनका बर्थडे पड़ा तो तमाम दोस्त काफी हाउस में जमा हुए। राजेन्द्र चौधरी और रविदास मेहरोत्रा केक लेकर पहुंच गए। इसके बाद तो बड़ी संख्या में केक आ गए। वह सबके साथ अच्छा



व्यवहार रखते थे। वह कहते थे कि जिसके साथ विचार नहीं मिलते उससे भी मन की कटुता नहीं होनी चाहिए। संवाद का रास्ता कभी बंद नहीं होना चाहिए।

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अमीक जामेई ने बताया कि अतुल अंजान ने हमें जिन्दगी का नजरिया दिया। उन्होंने बताया कि आतंकवादी के रूप में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए 54 नौजवान जब कोर्ट से बाइज्जत बरी हुए तो अतुल अंजान ने इस मुद्दे पर 65 सांसदों को इस बात के लिए एकजुट कर लिया कि वह सरकार से जवाब मांगें कि इन बेगुनाह युवाओं के माथे पर जो आतंकी का स्टीकर लगाया गया है उसका जिम्मा कौन लेगा।

उन्होंने बताया कि 2014 में जब उनके घोसी से चुनाव लड़ने की घोषणा हुई तो मुकेश अम्बानी ने उनके दिल्ली आवास पर एक करोड़ रुपये और दो किलो मिठाई भिजवाई। अतुल ने मिठाई तो ले ली लेकिन पैसा यह कहते हुए लौटा दिया कि चाहे बार-बार चुनाव हारूं लेकिन पूंजीपतियों के पैसों से चुनाव नहीं लड़ूंगा।

प्रो. रमेश दीक्षित, अमीर हैदर, राकेश, दीपक कबीर और सुबोध श्रीवास्तव आदि ने इस मौके पर अतुल अंजान के साथ गुजारे गए वक्त को साझा किया।

### दुगौली गांव में अहीर रेजिमेंट को लेकर हुई सभा

**अमृत विचार, काकोरी :** मलिहाबाद विधान सभा के दुगौली गांव में अहीर रेजिमेंट को लेकर सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेरठ से मलिहाबाद पहुंचे आईआरओ के प्रमुख गगन यादव का गांव वालों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गगन यादव ने कहा कि अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर समाज को जागरूक करने के लिए मैं मेरठ से चलकर मलिहाबाद आया हूं। अहीर रेजिमेंट की मांग को संसद में भी कई बार उठाया है और वोट उसी पार्टी को करेंगे, जो पार्टी अहीर रेजिमेंट बनाने का वादा करेगी। कार्यक्रम में मौजूद ग्राम प्रधान रवि यादव, सुरजीत यादव, मुल्तान सिंह चौधरी, राहुल यादव, शुभम यादव, संदीप यादव, रवि यादव, अतुल यादव, संजय यादव ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं इसी कड़ी में एक और सभा बाबा खेरा (हलुवापुर गांव) में की गई।

# लोक कलाकारों को मिलें मूलभूत सुविधाएं : डॉ . विद्या

## लोक व जनजातीय कला शिविर में तैयार कृतियों की लगी प्रदर्शनी, कलाकारों का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ कलाओं को बचाने का मतलब संस्कृति को बचाना : मांडवी सिंह

▶▶ लुप्त होती कलाओं को बचाने के प्रयास जरूरी : वंदना सहगल

**अमृत विचार :** कालेज ऑफ आर्किटेक्चर के वास्तुकला व योजना संकाय में आयोजित हुए तीन दिवसीय लोक कला उत्सव के तहत लोक व जनजातीय कला शिविर में तैयार कला कृतियों की प्रदर्शनी रविवार को मॉल एवेन्यू स्थित सराका आर्ट गैलरी में लगाई गई। इस दौरान सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। शिविर में चार प्रदेशों के 11 कलाकारों ने अपनी कला प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी का उदघाटन और कलाकारों का सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह और भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने किया। इस मौके पर प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल और लोक कला उत्सव की क्यूरेटर व आर्किटेक्चर कालेज की डीन डॉ. वंदना सहगल भी मौजूद रहीं।

इस मौके पर पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि कलाएं जीवंत हैं। इनके प्रोत्साहन के लिए सभी को आगे आना चाहिए। कलाएं जीवित रहें इसके लिए कलाकारों को मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए।


सम्मानित कलाकारों के साथ उपस्थित मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, भातखण्डे संस्कृति विवि की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह व प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल। अमृत विचार

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि कलाओं को बचाने का मतलब है अपने जीवन और अपनी संस्कृति को बचाना। उन्होंने कहा कि कला और कलाकारों को आगे लाने की यह कोशिश सराहनीय है।

डॉ. वंदना सहगल ने कहा कि हमारी पारम्परिक कलाएं धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही हैं, जबकि यह कलाएं जीवन का एक तरीका हैं। इस तरह के शिविर लगाए जाने से इन्हें जिन्दा रखा जा सकता है।

## एक नजर

### अधेड़ ने खाया जहर, गंभीर

**अमृत विचार, रायबरेली** : एक अधेड़ ने किसी बात से नाराज होकर जहर खा लिया। उसको परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। क्षेत्र के गांव बरगदही मजरे ऊंचाहार देहात निवासी अमर बहादुर (55वर्ष) रविवार को किसी बात से नाराज होकर घर में रखी कीटनाशक दवा खा लिया। थोड़ी देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तब परिजनों को मामले की जानकारी हुई। उसके बाद उसको लेकर परिजन सीएचसी पहुंचे, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। परिजन जहर खाने का कारण नहीं बता रहे है।

### विवाहिता की मौत, पांच पर एफआईआर

**अमृत विचार, बाराबंकी** : पांच दिन पूर्व सुबह घरेलू कलह में एक विवाहिता ने घर में फांसी लगा ली थी। गंभीर हालत उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम कंदरौला निवासी मुकेश गौतम का विवाह इसी क्षेत्र के छंदवल निवासी दीनदयाल की पुत्री शीला (26) के साथ चार वर्ष पूर्व हुआ था। बीते बुधवार को शीला अपने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर लटक गई थी। फंदे से उतार कर शीला को फतेहपुर सीएचसी लाया गया। जहां उसे लखनऊ लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया था। शनिवार की शाम महिला की मौत हो गई।

# एलडीए बाबू बन प्लॉट बेचने के नाम पर ठगे 14 लाख

## पीड़ित के प्लॉट का नामांतरण नहीं हुआ तो की पड़ताल, हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




▸▸ कोर्ट के आदेश पर मड़ियांव थाने में तीन पर एफआईआर

**अमृत विचार** : एलडीए का आवंटित प्लॉट बेचने का झांसा देकर तीन जालसाजों ने अनिल अवस्थी से 14 लाख रुपये ठग लिए। जालसाज कभी एलडीए का बाबू तो कभी डेयरी व्यापारी बनकर पीड़ित से रकम हासिल करते रहे। इसके बाद फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री कर दी। नामांतरण नहीं हुआ तो पीड़ित ने खुद ही जांच शुरू की तो इस खेल का खुलासा हुआ। कोर्ट के आदेश पर मड़ियांव थाने में तीन पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

ताड़ीखाना स्थित नायक नगर निवासी अनिल कुमार अवस्थी ने बताया कि 2013 में भूसे की आपूर्ति के संबंध में शिवम दीक्षित और जितेंद्र दुबे से मुलाकात हुई थी। शिवम ने खुद को एलडीए का बाबू बताया और कहा कि जितेंद्र के साथ मड़ियांव में दूध डेयरी चलाता है। दोनों ने एलडीए के सीतापुर रोड योजना में एक प्लॉट दिलाने का झांसा दिया। उनकी मुलाकात रामफल से कराई। बताया कि प्लॉट रामफल के नाम आवंटित है। आवंटन के पेपर भी दिखाए। सौदा 17 लाख रुपये तय हुआ।

अनिल ने 14 लाख रुपये दे दिए। दो महीने बाद रजिस्ट्री करा दी। बिजली और सीवर कनेक्शन का आवेदन किया तो पता चला कि प्लॉट रामफल के नाम पर ही है। उनके नाम से नामांतरित नहीं हुआ। संदेह हुआ तो जांच शुरू की। तब जालसाजी का खुलासा हुआ। अनिल का आरोप है कि पुलिस ने उसके आवेदन पर कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ ठगी की प्राथमिकी दर्ज की है।

### पांच लाख लेकर जाली पेपर बना किया एग्रीमेंट

**लखनऊ** : हरदोई के सिविल लाइन इलाके में मोहित गुप्ता से तीन जालसाजों ने जमीन के नाम पर पांच लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित का आरोप असली नाम छिपाकर जाली दस्तावेज बनाकर एग्रीमेंट कर दिया। रजिस्ट्री के दौरान आरोपी गायब हो गये। आरोपियों की करतूत सामने आई। एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर ठाकुरगंज पुलिस ने हरदोई के शाहबाद निवासी विनोद सिंह, काकोरी के मो. सलीम उर्फ सैयद मो. याकूत और जौनपुर के विनोद के खिलाफ ठगी की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक जमीन का सौदा 10 लाख रुपये में तय हुआ था। मामले की जांच की जा रही है।

### हिमसिटी के निदेशक समेत आठ पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ** : चिनहट कोतवाली में हिमसिटी पार्ट दो रियल एस्टेट कंपनी के निदेशक रियाज अहमद समेत आठ लोगों पर प्लाट के नाम पर करोड़ों रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में शक्तिनगर निवासी सुमन ने तिवारी के मुताबकि निदेशक ने कंचनपुर मटियारी में हिमसिटी पार्ट दो के लिए मैनेजर सतीश के नाम से जमीन खरीदी थी।

वह भूखंड रामतेज, जगदंबा, कल्लू, गंगा, बालक राम के नाम था। सुमन ने बताया कि उन्होंने अपने और भाई अनूप के नाम से प्लाट खरीदा था। प्लाट में निर्माण करा रही थीं। इसी दौरान रामतेज, जगदंबा, कल्लू, गंगा और बालकराम ने बंद करा दिया। उन्होंने बताया कि सतीश ने जो जमीन खरीदी थी उस पर पहले ही प्लाटिंग कर बेच दिये थे। सुमन का आरोप है कि रियाज, सतीश, रामतेज व उनके भाइयों ने प्लाट के नाम पर करोड़ों की ठगी की है। इंस्पेक्टर ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# बाइक सवार दंपति को सांड़ ने मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी-बेटा घायल

हरदोई

**अमृत विचार** : बीच सड़क पर लड़ रहे सांड़ बाइक से टकरा गए, जिससे बाइक चला रहा युवक बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, जबकि उसकी पत्नी और बेटे के भी चोंटे पहुंची। ज़ख्मी युवक को आनन-फानन में पुलिस गाड़ी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस तरह का हादसा रविवार की दोपहर सीतापुर रोड पर जीडीसी तिराहे पर होना बताया जा रहा है।

बताते हैं कि टड़ियावां थाने के सिकराहना मजरा सिकरोहरी निवासी 38 वर्षीय रामकिशोर गुप्ता पुत्र दयाराम गुप्ता अपनी पत्नी रजनी के अलावा दो बेटे अजय व आलोक तीन बेटियों के साथ खेती-बाड़ी से गुज़र कर रहा था। उसने 7 वर्षीय छोटे बेटे आलोक को शहर के नघेटा रोड पर एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया था, जहां से उसकी छुट्टी हो गई थी। रामकिशोर रविवार को उसी बेटे की दवाई लेने बेटे व पत्नी के साथ बाइक से आ रहा था। उसी बीच रास्ते में सीतापुर रोड जीडीसी तिराहे पर आपस में लड़ रहे सांड उसकी बाइक से टकरा गए, जिससे कि बाइक सवार रामकिशोर, उसकी पत्नी रजनी व बेटा आलोक सड़क पर गिर कर ज़ख्मी हो गए, रामकिशोर के सिर में गहरी चोंट पहुंचने से वह बेहोश हो गया। इसका पता होते ही कोतवाली देहात की गाड़ी वहां पहुंच गई।


मृतक रामकिशोर की रोती-बिलखती पत्नी व पास में बैठा बेटा आलोक।

▸▸ बेटे की दवा लेने जा रहे थे दंपति, सीतापुर रोड जीडीसी तिराहे पर हुआ हादसा

आनन-फानन में ज़ख्मी बाइक सवार को उसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, रामकिशोर को बचाने के लिए वहां के डाक्टरों भरपूर कोशिश की, लेकिन फिर भी वे उसे बचा नहीं सके। आखिरकार ज़ख्मी बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे की खबर सुनते ही उसके घर में कोहराम मच गया। पुलिस जांच कर रही है।

# दान के बाद धोखाधड़ी कर बेच दी जमीन

हरदोई

**अमृत विचार**। धोखाधड़ी करने वाले कब क्या कर जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। पहले तो ज़मीन दान की और उसके बाद धोखाधड़ी कर उसी ज़मीन का कर दिया। बात पता चली तो धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों ने अपनी बात रखी तो ऐसा करने वालों ने मारपीट की नौबत बुला ली। जब पुलिस से कोई बात नहीं बनी तो मामला कोर्ट पहुंचा। उसके बाद ही एक्शन में आई बघौली पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी जांच शुरु कर दी।

कछौना कोतवाली के कस्बा बालामऊ की विमला पत्नी रामसेवक ने कोर्ट में दी अर्ज़ी में कहा कि बघौली थाने के पनुआ मजरा बर्रा धूमन निवासी जयपाल पुत्र सीताराम ने भूमि नंबर 585/1.3290 हेक्टेयर भाग संख्या 0.6645 हेक्टेयर में अपने हिस्से की भूमि संख्या 0.6645 को अपनी पुत्री 3 साल की देवकी और पांच महीने की जशोदा के संरक्षक सगे चाचा जगतपाल पुत्र सीताराम के हक में दान कर दी थी।

उसके बाद जयपाल ने दान की गई ज़मीन की संख्या 522 कन्नौज ज़िले के करनपुर निवासी देवेन्द्र सिंह पुत्र ऊदन सिंह के हाथ बेंच ली। विमला ने कोर्ट को बताया कि इस तरह जयपाल और जगतपाल के अलावा मुन्ने यादव पुत्र शिवकुमार निवासी महेशन मढ़िया कोतवाली कछौना व कछौना कोतवाली के ही बालामऊ कस्बे के नेवादा निवासी सुन्दरलाल पुत्र ब्रजमोहन व लालबहादुर पुत्र मंगूलाल ने जानबूझकर धोखाधड़ी की, इतना ही नहीं उन लोगों ने ऐसा करने के बारे में पूछने पर मारपीट की। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए बघौली पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए, जिस पर जयपाल, जगतपाल, मुन्ने यादव, सुन्दर लाल और लाल बहादुर के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।




▸▸ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

### अमित शाह व मायावती की जनसभाएं 8 को

**हरदोई, अमृत विचार**। जिले में 13 मई को मतदान होना है। मतदान के अंतिम दौर में सभी दल पूरी ताकत झोंके हुए हैं। स्थानीय नेताओं से जनता की बेरुखी देख बड़े नेताओं में खलबली मची हुई है। इसी का परिणाम है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार दो दिन जिले में जनसभाएं कर रहे हैं। उनके बाद अब 8 मई को जिला मुख्यालय पर गृह मंत्री अमित शाह आने वाले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती माधौगंज में 8 मई को जनसभा करेंगी। जिले में चुनाव के अब पांच दिन शेष बचे हैं। स्थानीय नेता बैठकें व जनसंपर्क लगातार कर रहे हैं, लेकिन अब उन्हें बाहरी बड़े नेताओं का भी सहारा लेना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय स्थित सीएसएन कालेज के मैदान पर गृहमंत्री अमित शाह के आने की तैयारियां चल रही है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती बसपा प्रत्याशी को जिताने की अपील करने के लिए माधौगंज में जनसभा करेंगी। इससे पहले उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव मौर्य भी भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं कर चुके हैं। चुनाव के अंतिम दौर में प्रत्याशी किसी भी प्रकार की कोताही नहीं कर रहे हैं। महीनों से जनसंपर्क चल रहा है। स्थानीय नेता घर-घर वोटर की कुंडी खटका चुके हैं।

# वन विभाग की जमीन से हटवाया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : लखनऊ-अयोध्या हाईवे के किनारे सफेदाबाद ओवरब्रिज के करीब वन विभाग की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा प्लाटिंग की गई है। प्लाटिंग तक रास्ता पहुंचने के लिए भूमाफिया द्वारा वन विभाग की जमीन पर लगे हुए हरे भरे वृक्षों को जेसीबी से काटकर बीचोंबीच रास्ता निकालकर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। इसकी जानकारी क्षेत्रीय वन दरोगा को हुई तो उन्होंने जेसीबी के जरिये विभाग की जमीन को मुक्त कराया। वन विभाग की जमीन से रास्ता निकालने के लिए भू माफिया द्वारा वन विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई।

क्षेत्रीय वन दरोगा हरिराम यादव गश्त करने निकले थे। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि सफेदाबाद के सरथरा गांव में प्लाटिंग करने वाले भू माफिया द्वारा वन विभाग की जमीन पर कब्जा कर रास्ता निकाल दिया गया है। इस पर उन्होंने जेसीबी मंगाकर विभाग की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। हालांकि क्षेत्रीय वन दरोगा ने वन विभाग की जमीन कब्जा करने वाले भूमाफिया को सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया।

इस संबंध में डीएफओ आकाशदीप बाधवान का कहना है कि वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। वन विभाग की जमीन पर कब्जे का यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पहले भी हाईवे के पास चोपड़ा चौराहे से सटे एक बड़े भूखंड पर इमारत के निर्माण का काम चल रहा था और विभाग की जमीन को पाटकर बीच से रास्ता निकालने की तैयारी की जा रही थी। यहां भी डंपर और ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी और कई पेड़ रास्ते से हटा दिए गए थे।


भू माफिया द्वारा बनाए गए रास्ते को ध्वस्त करती जेसीबी। अमृत विचार

▸▸ सफेदाबाद के सरथरा में भूमि पाटकर बनाया जा रहा था रास्ता, कई पेड़ भी काटे गए

# मुंबई से चोरी कर फरार हुए तीन आरोपियों को पकड़ा

गोंडा कार्यालय

▸▸ आरोपियों से 1.45 लाख रुपये नकद व एक करोड़ से अधिक के जेवर बरामद

**अमृत विचार**: मुंबई के खार इलाके से 7 लाख रुपये की नकदी समेत करोड़ों रुपये के जेवर चोरी कर फरार हुए तीन शातिरों को मुंबई पुलिस ने जिले की कटरा बाजार पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 1.45 लाख रुपये की नकदी व एक करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का जेवर बरामद किया है।

मुंबई शहर के खार इलाके के रहने वाले साहिल अनील गोयल को मुताबिक वह खार थाना क्षेत्र के राजगीर अपार्टमेंट में परिवार समेत रहते हैं। घर पर तीन नौकर हैं जो झाड़ू पोछा व रसोइया का काम करते हैं। 22 अप्रैल को वह अपने परिवार के साथ एक पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए गोवा गए हुए थे। घर पर उनके तीनों नौकर ही थे।

साहिल का कहना है कि जब वह 25 अप्रैल को वापस लौटे तो उनके बेडरूम में लगी दो आलमारी टूटी हुई पायी गयी। आलमारी में रखी 6-7 लाख रुपये की नकदी व सारे जेवरात सोने के हार, चूड़ियां, झुमके सहित डायमंड के आभूषण के साथ तीनों नौकर गायब मिले। मइस मामले में उन्होने 26 अप्रैल को खार थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। थाना खार पुलिस ने घटना की विवेचना शुरू की तो तीनों नौकरों की संलिप्तता सामने आई। सर्विलांस के माध्सम से तीनों की लोकेशन जिले के कटरा बाजार इलाके में पायी गयी। इसके बाद मुंबई पुलिस गोण्डा पहुंची और स्थानीय पुलिस से संपर्क कर तीनों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी निरंजन पुत्र रामा बहेलिया निवासी बोटन पुरवा मौजा शाहजोत रामचेलवा पुत्र मैकू पासवान निवासी ग्राम बरौली पोस्ट कटराबाजार व जयप्रकाश पुत्र हरिशंकर रस्तोगी कस्बा कटरा बाजार थाना कटरा बाजार को दबोच लिया।

प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि निरंजन बहेलिया के पास से चोरी के 80 हजार रुपये रामचेलवा के पास से चोरी के 65,900 रुपये व जयप्रकाश रस्तोगी के पास से चोरी किए गए एक करोड़ रुपये से अधिक का जेवरात बरामद किया गया है।

# स्टॉप के बाहर से निकल जाती हैं बसें, यात्री परेशान

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार** : लखनऊ-सुलतानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाली लंबी दूरी की बसें स्थानीय बस स्टेशन पर आने के बजाय सीधे निकल जाती हैं। इसके कारण बस अड्डे के अंदर बहुत से यात्री बसों का इंतजार करते रह जाते हैं। इसके अलावा नगर के मुख्य चौराहे पर यात्री घंटों बसों का इंतजार करते रहते हैं। यात्रियों और बसों के सड़क पर खड़े रहने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। जाम की समस्या के चलते अब तक कई लोग सड़क हादसों में जान गवां चुके हैं।

इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर लखनऊ, बनारस, सुलतानपुर, आजमगढ़, जौनपुर, बलिया, कानपुर के बीच बड़ी संख्या में संचालित होने वाली बसें लगभग पौने तीन करोड़ रुपए की लागत से हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर बनाए गए बस स्टेशन पर न आकर सीधे फर्राटा भरते हुए गुजर जाती हैं। इन बसों के स्टेशन पर न जाने से जहां स्टेशन पर सन्नाटा पसारा रहता है। वहीं इन शहरों के लिए बड़ी संख्या में आवागमन करने वाले यात्री नगर के मुख्य चौराहे पर बसों के इंतजार में खड़े रहते हैं।


बस स्टेशन परिसर में बसों का इंतजार करते यात्री। अमृत विचार

# कर्मचारी ने किया 4 .89 लाख का गबन, रिपोर्ट दर्ज

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार** : दो दिन पूर्व बरामद हुए लापता व्यक्ति के खिलाफ कनेक्ट इंडिया कंपनी के एरिया मैनेजर ने 4.89 लाख रुपये गबन करने के आरोप में थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।


उल्लेखनीय है थाना लोनी कटरा अंतर्गत ग्राम चंदौली वासी कृपा शंकर (28) कनेक्ट इंडिया कंपनी में, जो फ्लिपकार्ट की डिलीवरी का काम करती है, में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। जबकि अनुराग शर्मा इसी कंपनी के एरिया मैनेजर हैं। अनुराग शर्मा द्वारा प्राथमिकी में बताया गया है कि कृपा शंकर शाखा प्रबंधक बनना चाहता था। कंपनी का 20 अप्रैल से 28 अप्रैल तक का चार लाख 89 हजार 594 रुपये भी अपने पास रखे है। 30 अप्रैल को ऑफिस जाने के बजाय लापता हो गया। उसने वीडियो वायरल कराकर दर्शाया कि उसका अपहरण हो गया है। मोबाइल की लोकेशन के आधार पर लोनीकटरा पुलिस ने कृपाशंकर को मैनपुरी से बरामद कर लिया था। कृपा शंकर के खिलाफ एरिया मैनेजर ने थाना लोनी कटरा में प्राथमिक की दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया कि कृपा शंकर फरार है। उसकी तलाश जारी है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बदहाल

हरदोई,

**अमृत विचार**। एक और जहां गर्मी बढ़ रही है वहीं दूसरी ओर बिजली लोगों को रुला रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की दशा अभी से खराब होने लगी है।गांव में बिजली आने का कोई समय नहीं है। अधिकांश समय लोकल फाल्ट के चलते खराबी बनी ही रहती है। चुनाव में जहां तमाम नेता लंबे चौड़े वादे कर रहे हैं। वहीं बिजली समस्या को दुरुस्त करने की कोई भी जरूरत नहीं समझता है।

इन दिनों जिले का तापमान 40 के आसपास पहुंच रहा है। बढ़ रही गर्मी में बिजली की मांग भी बढ़ गई है, लेकिन बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही विद्युत आपूर्ति की समस्या लोगों के सामने बढ़ती जा रही है। गांवों में बिजली नाम मात्र की पहुंच रही है। वह भी उसके आने और जाने का कोई समय निश्चित नहीं है ।इन दिनों तेज हवाओं के चलते अक्सर विद्युत तार आपस में लड़ जाने के कारण फीडर बंद हो जाते हैं। यह फीडर घंटों बंद पड़े रहते हैं, लेकिन इनकी कोई सुधि लेने वाला नहीं है।



सरकार करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष विद्युत आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था में लग रही है। इसके परिणाम उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहे हैं। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में इतनी विद्युत नहीं आती है कि लोगों के इनवर्टर तक चार्ज हो सके। गर्मी के मौसम में तेज हवाएं आंधी चलने से अक्सर विद्युत तार वह खंबे टूट जाते हैं जो महीना पड़े रहते हैं। सरकार ने बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए तमाम प्रयास किए हैं, लेकिन जनता को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। चुनाव में तमाम प्रत्याशी अनेकों प्रकार की घोषणाएं कर रहे हैं ।

अभी भी जिले में बिजली व्यवस्था सुधारने को लेकर किसी जनप्रतिनिधि द्वारा कोई ठोस कदम उठाए नहीं गए हैं, हालांकि जनप्रतिनिधि अपनी निधियों का तमाम पैसा विद्युत व्यवस्थाओं के सुधार में खर्च कर रहे हैं। इस पैसे का उपयोग होने के बाद जनता को कितनी सुविधा मिल रही है। खास बात यह है कि कोई भी जिम्मेदार अधिकारी यह भी बताने को तैयार नहीं होता है कि बिजली किस समय आएगी।

**बुरा हाल** — गर्मी से राहत पाने के लिए गन्ने का जूस और नारियल के पानी का सहारा ले रहे लोग

# आसमान से बरस रही आग, लोग हुए बेहाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार** : मई माह के पहले सप्ताह में आसमान ने आग बरसाना शुरू कर दिया है। रविवार को 41 डिग्री तापमान रहा। इस भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप में शहर के अधिकांश सड़कों व चौराहों पर पैदल आने जाने वालों की अधिकतर भीड़ गायब रही।

दोपहर 2 बजे के बाद से बादलों में सूरज के लुका छिपी का खेल जारी रहा। हालांकि इसके बाद लोगों को कुछ राहत जरूर मिली। रविवार को 41 डिग्री तापमान होने से लोग परेशान रहे। इससे राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के जतन करने शुरू कर दिये हैं। तपती दोपहरी में सड़कों से निकल रही तपन और गर्मी से राहत पाने के लिए गन्ने का जूस, नारियल का पानी तो कोई बेल का जूस पीकर अपनी प्यास बुझाई। दिन-ब-दिन आसमान से बरस रही आग से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। जिले में इस तरह की भीषण गर्मी में सबसे ज्यादा बुरा हाल स्कूल जाने वाले बच्चों का है।


धूप से बचाव करते युवा। अमृत विचार

### विद्युत तारों पर लटक रहीं डालों की हो रही छंटाई

**रायबरेली**। एक तरफ जहां 41 डिग्री तापमान होने से लोग परेशान हैं। वहीं कठगर फीडर से होने वाली विद्युत आपूर्ति टाइम बे टाइम बंद कर दिये जाने से लोगों की रात की नींद भी हराम हो गई है। कठगर विद्युत उपकेंद्र से राही ब्लाक के पंडित का पुरवा, उमराव का पुरवा, जफरापुर, खागीपुर सड़वा, मन्हेरू, राजापुर, सैदनपुर, पूरे बल्दी व देदानी सहित दर्जनों गांव बिजली से रोशन होते हैं। गर्मी के दिन शुरू होते ही इन गांवों में अधिक समय तक बिना किसी रोस्टर के जबरजस्त तरीके से बिजली कटौती हो रही है। जिससे ग्रामीण रात में ठीक से सो नहीं पाते हैं। इस संबंध में जेई मुकेश कुमार ने बताया कि जिन गांवों में विद्युत लाइनों के ऊपर पेड़ों की डालें लटक रही हैं उन्हें कटवाया जा रहा है। इस दौरान कुछ समय के लिए विद्युत लाइन बंद कराई जाती है। अगर इसके बावजूद किसी गांव में ऐसी कोई समस्या है तो उसे शिकायत मिलने पर दूर करवा दिया जाएगा।

### आलू में चमक लाने को रसायन का प्रयोग किया तो होगी कार्रवाई

**अमृतविचार, बाराबंकी** : आलू के कन्दों में चमक लाने के लिए कुछ कोल्डस्टोर के शेड में हानिकारक रसायनों का प्रयोग किया जा रहा है। आलू में चमक आ जाने के बाद व्यापारियों को बाजार में अच्छा मूल्य मिलता है। इसलिए कुछ व्यापारी रसायनों का प्रयोग आलू की चमक को बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। जिला उद्यान अधिकारी महेश श्रीवास्तव ने कोल्डस्टोर के मालिकों को पत्र लिख कर चेताया है कि कोल्डस्टोर पर मंडी समिति के पंजीकृत व्यापारी ही व्यापार कर सकेंगे। बिना पंजीकरण कोई भी व्यक्ति या व्यापारी खरीद फरोख्त नहीं कर सकता है। किसी भी कोल्ड स्टोर पर अगर इस तरह की घटना मिलती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सूखा पड़ा है कैप्टन मनोज पांडेय अमृत सरोवर

रामगोपाल वर्मा, बाराबंकी

▸▸ साल 2022 में 6 लाख से अधिक की लागत से कराया गया था निर्माण कार्य

**अमृत विचार** : देश के लिए कारगिल में शहीद होने वाले कैप्टन मनोज पाण्डेय के नाम से बनवाया गया अमृत सरोवर सूखा पड़ा है।

हरख ब्लॉक के गढी राख मऊ में इस अमृत सरोवर पर साल 2022 में 6,99,301 रुपये खर्च किये गए थे। सरोवर के किनारे बाउंड्री पर लगे लोहे के पिलर व तार स्थानीय प्रधान व सचिव की लापरवाही से चोर काट ले गए। सरोवर निर्माण के पीछे की मंशा यह थी कि स्थानीय स्तर पर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर पशु- पक्षियों को पानी की सुविधा मुहैया कराई जाये और बरसात के मौसम में जल संचयन के उद्देश्य को पूरा किया जा सके। सरकार की मंशा को स्थानीय जिम्मेदारों की उदासीनता की वजह से अमलीजामा पहनाना तो दूर यथास्थिति बनाये रखने के लिए भी कोई प्रयास नहीं किये जा रहे।

आलम ये है कि लाखों खर्च कर बनाए गए अमृत सरोवर भी जल स्रोतों से कनेक्टिविटी न होने से सुख गए हैं। इससे जल संरक्षण के दावों पर पलीता लग रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# सपा-बसपा के गढ़ में जीत की हैट्रिक को आतुर अनुप्रिया

मिर्जापुर संसदीय सीट

## सपा और बसपा भी खोया जनाधार वापस पाने के लिए कर रहीं संघर्ष, अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने भी उतारा है उम्मीदवार

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** मिर्जापुर संसदीय सीट की गिनती वीआईपी श्रेणी में होती है। इस सीट से अपना दल-एस की नेता और केंद्र सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल दो बार से सांसद हैं। इस बार वह यहां से लगतार तीसरी जीत के लिए संघर्षरत हैं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से जीत का भरोसा है, तो उनकी हैट्रिक रोकने के लिए उनकी बहन एवं अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने भी उम्मीदवार उतार दिया है। समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र एस बिंद को प्रत्याशी बनाया है तो पल्लवी ने उद्यमी दौलत सिंह को। बसपा ने मनीष त्रिपाठी पर दांव लगाया है। एक दौर था मिर्जापुर सीट सपा और बसपा का गढ़ कही जाने लगी थी, लेकिन 2014 की मोदी लहर में इन दलों के जनाधार में कमी आई और तब से अनुप्रिया पटेल ही जीत रही हैं। इस बार वह हैट्रिक लगाती हैं तो रिकार्ड बनेगा, क्योंकि इस सीट पर अभी तक किसी उम्मीदवार ने लगातार तीन बार जीत दर्ज नहीं की है।


सपा के राजेंद्र एस बिंद।


बसपा प्रत्याशी मनीष त्रिपाठी।

### दो बार सांसद बनी थीं फूलन देवी

- 1991 में इस सीट से भाजपा के वीरेंद्र सिंह सांसद बने थे, लेकिन 1996 में जब चुनाव हुआ तो सपा मुखिया मुलायम सिंह ने यहां से दस्यु सुंदरी कही जाने वाली फूलन देवी को टिकट दिया। मतदाताओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया। वह सांसद तो बन गईं लेकिन क्षेत्र में कम उपलब्धता के कारण 1998 में उन्हें भाजपा के वीरेंद्र सिंह के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा। हालांकि 1999 में फूलन देवी फिर जीतीं। फूलन देवी की हत्या के बाद 2002 में रामरति बिंद सपा के टिकट पर जीते। 2004 में बसपा के नरेंद्र कुशवाहा यहां से संसद पहुंचे। 2007 के उप चुनाव में भी बसपा जीती लेकिन 2008 के बाद जब परिसीमन हुआ और फिर 2009 में चुनाव हुआ तो सपा के बाल कुमार पटेल ने यहां से मैदान मार लिया। अब 2014 से यहां भाजपा से गठबंधन में अपना दल-एस जीत रही है।

### पीतल और कालीन उद्योग के लिए पूरी दुनिया में पहचान

- पीतल और कालीन उद्योग के लिए भारत ही नहीं पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाले मिर्जापुर के मतदाताओं ने डकैत फूलन देवी को भी सांसद बनाया था। यहां से हर दल के उम्मीदवार को जीत मिली है। मतदाताओं ने कभी किसी को निराश नहीं किया लेकिन राजनीतिक दलों ने जरूर यहां के उद्योगों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया। रोजगार यहां बड़ी समस्या है। हालांकि यह चुनाव का मुद्दा बनने से रहा क्योंकि यहां के मतदाता राष्ट्रीय मुद्दों पर ही वोट करते हैं।
- अनुप्रिया पटेल हों या भाजपा नेता सभी यहां अनुच्छेद 370 के खात्मे, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों को जोर शोर से उठा रहे हैं। लेकिन सर्वाधिक शोर यहां मोदी की गारंटी का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक कौन से वादे पूरे किए हैं और कितनी कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है, इसे गिनाकर वोट मांगा जा रहा है। ऐसे में विपक्ष की पूरी कोशिश यही है कि वह मतदाताओं को यह समझाने में कामयाब हो जाए कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें तो संविधान को बदलकर आरक्षण खत्म कर देंगे। सपा, बसपा और अपना दल कमेरावादी के लोग मतदाताओं को यही बात समझा भी रहे हैं कि चार सौ पार का नारा इसलिए ही है ताकि संविधान बदला जा सके। ऐसे में भाजपा और अपना दल एस के कार्यकर्ताओं को सफाई भी देनी पड़ रही है कि संविधान बदलने की बात कहकर विपक्ष गुमराह कर रहा है।

**2014** में नरेंद्र मोदी की लहर में पहली बार जीती थीं अनुप्रिया पटेल

**2019** में सपा, बसपा मिलकर भी अनुप्रिया पटेल को नहीं हरा पाईं थीं

**2014 का जनादेश**

| उम्मीदवार | पार्टी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अनुप्रिया पटेल | अपना दल एस | 4,36, 536 | 43.32 |
| समुद्र बिंद | बसपा | 2,17,457 | 21.58 |
| ललितेश पति त्रिपाठी | कांग्रेस | 1,52,666 | 15.15 |

**2019 का चुनाव परिणाम**

| उम्मीदवार | पार्टी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अनुप्रिया पटेल | अपना दल एस | 5,91,564 | 53.34 |
| रामचरित्र निषाद | सपा | 3,59,556 | 32.42 |
| ललितेश पति त्रिपाठी | कांग्रेस | 91,501 | 8.25 |

49.29% ओबीसी मतदातओं की अनुमानित संख्या क्षेत्र में है

23.48% सामान्य मतदाताओं की संख्या है।

**एक जून को डाले जाएंगे वोट**

**18,97, 805** मतदाता
**9,94,546** पुरुष मतदाता
**9,03,154** महिला मतदाता
**105** थर्ड जेंडर मतदाता

**सातवें चरण में होगा मतदान**

मिर्जापुर सीट पर सात मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी जो 14 मई तक चलेगी। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 17 मई तक नाम वापस लिए जाएंगे। एक जून को सातवें चरण में यहां मतदान होगा।


केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल।


विधायक पल्लवी पटेल। अमृत विचार

### पीडीएम बनाम पीडीए की परीक्षा के साथ दो बहनों के बीच भी है घमासान

- सपा के टिकट पर विधायक बनीं पल्लवी पटेल ने पीडीएम मोर्चा बना रखा है। इसमें असदुदीन ओवैसी की एआईएमआईएम उनकी अपना दल कमेरावादी के साथ सहयोगी है। पीडीएम का मतलब समझाते हुए वह कहती हैं कि यह मोर्चा पिछड़ा, दलित और मुसलमानों के हक की बात कर रहा है, जो उन्हें नहीं मिला है। उधर, सपा मुखिया अखिलेश यादव भी पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यक के हितों के नाम पर पीडीए को मजबूत करने की बात कर रहे हैं। पल्लवी पटेल ने अखिलेश के पीडीए की तर्ज पर ही पीडीएम बनाया है और वह यह बताने से नहीं चूक रही हैं कि वास्तव में मुस्लिम, दलित और पिछड़ों के हक की बात वही कर रही हैं। हालांकि उनका मोर्चा इंडिया गठबंधन को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा पाएगा, ऐसा नहीं लग रहा है। यह अलग बात है कि वह अपनी बहन अनुप्रिया को लेकर भी काफी मुखर हैं। यहां से उम्मीदवार को जीत दर्ज कराने के लिए प्रयासरत हैं।

### विधानसभा की पांचों सीटें एनडीए के पास

लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें हैं। पांचों सीटें एनडीए के घटक दल भाजपा, निषाद पार्टी और अपना दल एस के पास हैं। इनमें तीन सीट भाजपा, एक- एक सीट निषाद पार्टी और अपना दल एस ने जीती थी।


### कृष्णा पटेल लड़ना चाहती थीं चुनाव

- इस लोकसभा सीट से अपना दल कमेरावादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल चुनाव लड़ना चाहती थीं, लेकिन सपा से बात नहीं बनी। बताते हैं कि पल्लवी पटेल और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच मनमुटाव की प्रमुख वजह यह भी रही। कृष्णा पटेल लगातार अनुप्रिया पटेल पर हमले कर रही हैं। कहा जा रहा है कि वह पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में सभाएं भी वहां करेंगी।



### त्रिकोणीय लड़ाई में फंसी अनुप्रिया

- अनुप्रिया पटेल के लिए इस बार का चुनाव बहुत आसान नहीं दिख रहा है, यह कहने वाले लोकसभा क्षेत्र में तमाम लोग मिल जाएंगे। जानकार भी मान रहे हैं कि वह त्रिकोणीय लड़ाई में फंसती नजर आ रही हैं। बसपा ने ब्राह्मण चेहरे के रूप में छात्र नेता रहे मनीष त्रिपाठी को मैदान में उतारकर इस जाति के मतदाताओं के वोटों में सेंधमारी की कोशिश शुरू कर दी है। यहां निषाद, बिंद, मल्लाह मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। ऐसे में सपा ने उन्हें गोलबंद करने के लिए राजेंद्र एस बिंद को उतारा है। पार्टी ने 2019 में भी उन्हें टिकट दिया था लेकिन बाद में काटकर रामचरित निषाद को दे दिया था। तब सपा का बसपा से गठबंधन था। इसके बावजूद मोदी लहर में दोबारा अनुप्रिया जीतने में कामयाब हो गईं थी। तब उनकी जीत का अंतर दो लाख से अधिक था। अनुप्रिया पटेल को 5,91,564 वोट तो सपा के रामचरित्र निषाद को 3,59,556 वोट मिले थे। अनुप्रिया ने उन्हें 2,32,008 वोटों से हराया था। इससे पहले 2014 में अनुप्रिया ने बसपा के उम्मीदवार को 2,19,079 मतों से हराया था


चुनार का किला।

# रामपथ पर मोदी का अभूतपूर्व अभिनंदन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आतिथ्य के लिए तैयार रहने वाली अयोध्या ने रविवार को फिर अपनी पौराणिक परंपरा का पालन किया। लोकसभा चुनाव में रोड-शो के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभूतपूर्व अभिनंदन किया। दोपहर तीन बजे से रात आठ बजे तक पांच घंटे के इंतजार के बाद जैसे ही फूलों से सजे रथ पर सवार होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड-शो के लिए निकले पूरा रामपथ जय श्रीराम और हर-हर महादेव के उद्‌घघोष से गूंज उठा। आह्लादित लोग सड़कों पर नृत्य करने लगे और महिलाएं मंगल गीत गाने लगीं।

भीड़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झलक पाने की ऐसी बेताबी थी कि एक-दूसरे पर चढ़े रहे थे। सिर पर लाल टोपी और पीली सदरी पहने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चिर परिचित मुस्कान और हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन करते रहे। फूलों से सजे रथ के आगे भाजपा साड़ी व केसरिया पगड़ी में महिलाओं का समूह ऐसे चल रहा था। प्रधानमंत्री के दाहिने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बाएं भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह हाथों में लाइटिंग कमल लिए भीड़ का उल्लास और उत्साह देख कर मुदित हो रहे थे।

सुग्रीव किला से रथ जैसे ही आगे बढ़ा। दर्शन मार्ग पर खड़े संतों की टोली ने शंखनाद और मंत्रोच्चार से स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा शुरू कर दी। गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर पड़ी तो दोनों हाथ जोड़ संतों को प्रणाम किया। सुग्रीव किला से रथ धीरे-धीरे आगे बढ़ता हुआ हनुमानगढ़ी जाने वाली गली के निकट पहुंचा। उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे गीत पर सड़क पर नृत्य करने लगी। तुलसी उद्यान के पास रथ के पहुंचते ही सड़क के दोनों ओर से जय श्रीराम के उद्‌घघोष के साथ फूलों की वर्षा से रथ रंग गया।

दो किमी के रोड-शो के दौरान भीड़ तब तक नहीं हटी जब तक प्रधानमंत्री लता मंगेशकर चौक नहीं पहुंच गए। लता मंगेशकर चौक पर उत्सव का कुछ अलग ही दृश्य दिखा। यहां सुरक्षा घेरा होने के बावजूद दोनों ओर लोगों से ठसाठस भीड़ थी। यहां लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री का ऐसा अभिनंदन तो प्राण प्रतिष्ठा और लोकार्पण समारोह के दौरान हुए रोड-शो में नहीं हुआ। अयोध्या के अखंड पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरले नेता हैं। उनका अभिनंदन भी विरला होना ही था। खास बात यह थी कि पूरे रामपथ पर सड़कों के दोनों ओर भवनों को गेंदे के फूल की लड़ियों से सजाया गया था।


रामलला की आरती उतारते प्रधानमंत्री मोदी। अमृत विचार

### चांदी की थाली से की आरती मिला तुलसी दल का प्रसाद

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** पीएम मोदी ने राम मंदिर में उत्तर दिशा से मंदिर के गुड मंडप में प्रवेश किया। हाथ जोड़कर मंत्र उच्चारण करते गुलाब के पुष्प से सजी चांदी की थाली से राम लला की आरती उतारी। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने पीएम को तुलसी दल का प्रसाद अर्पित किया। पीएम मोदी ने गर्भगृह के ठीक सामने 30 फीट की दूरी पर खड़े होकर आरती उतारी। मुख्य पुजारी के साथ सहायक पुजारी प्रेमचंद त्रिपाठी भी गर्भगृह में मौजूद रहे। चार अन्य पुजारी गुड मंडप में मौजूद रहे। श्रीराम स्तुति का मंत्र उच्चारण किया।

# बिना बोले ही सब कुछ कह गए पीएम मोदी

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** पीएम मोदी के दौरे में श्रद्धा भी और सियासत भी। वह बिना बोले ही वह सब कुछ कह गए, जिसकी इस समय सत्ता और सियासत को जरूरत है। वह अयोध्या, आसपास और देश को इसका संदेश भी दे गए। अब इसका असर और परिणाम लोकतंत्र के महापर्व के समाप्त होने पर दिखेगा।

चुनाव का दौर है। लगभग चार साल पहले से मोदी अयोध्या को मथ रहे हैं। फैसले के बाद से ही तय हो गया था कि लोकसभा 2024 का चुनाव एक बार फिर राम मंदिर पर लड़ा जाएगा। अयोध्या में भूमि पूजन, प्राण प्रतिष्ठा से इसको जगाया। 30 दिसंबर को रोड-शो से परवान चढ़ाने की कोशिश की। 22 जनवरी को इसे चरम पर पहुंच दिया। भाजपा की उत्तर की सियासी धारा को दक्षिण तक पहुंचाने का प्रयास किया। प्राण प्रतिष्ठा के पहले व्रत रखा। राम से जुड़े स्थलों तक यात्राएं कीं। अतीत में वनगमन को सामने रखा। श्रीराम के जरिए उनके महत्व को दक्षिण तक पहुंचाने का प्रयास किया। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को साथ लेकर चले। काशी तमिल संगमम के जरिए उत्तर और दक्षिण को जोड़ने की कोशिश की। 22 जनवरी के संबोधन में सलीके से राम के विराट स्वरूप को शब्दों के जरिए दर्शन कराने की कोशिश की। व्रत तोड़ा, राम के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

चुनाव के तीन चरण के बाद फिर सत्ता और सियासत में अयोध्या और राम मंदिर की जरूरत महसूस की गई। अचानक राम लला के दर्शन और रोड शो का कार्यक्रम बन गया। पीएम मोदी रविवार को फिर राम लला के दरबार में थे। पूरी दुनिया देख रही थी। सनातन परंपरा शीर्ष पर रही। दर्शन-पूजन और समर्पण था। जमावड़ा हुआ, मोदी-मोदी के नारे लगे।

# कानपुर में छात्र को निर्वस्त्र कर घुमाया, आग से तपाया

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर, अमृत विचार :** काकादेव थानाक्षेत्र से एक दुस्साहसिक वारदात सामने आई है। ऑनलाइन गेम के लेनदेन के विवाद में इटावा से कोचिंग मंडी में पढ़ने आए छात्र से आरोपियों ने हैवानियत करते हुए जमकर यातनाएं दीं। आरोपियों ने उसे जमकर पीटा, जिससे वह घायल हो गया। उसको निर्वस्त्र कर गुप्तांग में डोरी से ईंट बांध दी और लटका दिया। एलपीजी कैन से आग निकालकर उसे जलाने का प्रयास किया। आरोपियों ने हैवानियत का वीडियो भी बनाया जो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। तालिबानी सजा का वीडियो जिसने देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए। पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। कोचिंग मंडी काकादेव के किसी मकान या हॉस्टल के पांच वीडियो सोशल मीडिया पर रविवार को वायरल हो गए। वीडियो में पीड़ित से पहले बातचीत है, इसी दौरान उसे मोबाइल देकर रुपये मंगाने के लिए कहा जाता है। बहन, पिता, भाई और किसी भी परिजन से रुपये मंगाने को दबाव डालकर मारापीटा जाता है। ऑनलाइन गेम में रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद पीड़ित को एलपीजी कैन से जलाने का प्रयास कर तमाचा मारा जाता है। इसके बाद उसे कमरे में बंधक बनाकर निर्वस्त्र करके उसके गुप्तांग में डोरी से बांधकर ईंट लटका दी जाती है। छात्र के साथ हैवानियत की सारें हदें पार की गईं। वायरल वीडियो के बाद पुलिस की जांच में अब तक ये सामने आया है कि आरोपी काकादेव थानाक्षेत्र के हैं। पुलिस के सूत्रों ने बताया कि इस प्रकरण के बाद छात्र इतनी दहशत में है कि वो मुंह खोलने से भी डर रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूप नगर शिखर ने बताया कि मारपीट और अमानवीय कृत्य का वीडियो सामने आया है। वीडियो काकादेव कोचिंग में पढ़ने वाले और आसपास रहने वाले अराजक युवकों का है। लेनदेन की बात सामने आई है।

# संतकबीरनगर में नाव पलटने से तीन की मौत

धनघटा, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम मझौरा के पास कुआनो नदी में रविवार की दोपहर डोंगी नाव पलट जाने से नदी में डूबकर दो बच्चों और एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

ग्राम मझौरा के टोला नकहा निवासी 62 वर्षीय गोपाल पुत्र बरखू अपने इकलौते पोते 11 वर्षीय आर्यन पुत्र शैलेंद्र और 12 वर्षीय शिवम पुत्र सुनील के साथ गांव के पास स्थित कुआनो नदी के किनारे भैंस चरा रहे थे। दोपहर में उनकी भैंसें नदी में जाकर नहाने लगीं। इसी बीच कुछ भैंसें नदी के दूसरी तरफ चली गईं। उन्हें वापस ले आने के लिए गोपाल नदी के किनारे बंधी मछुआरों की नाव लेकर जाने लगे। सहयोग के लिए उन्होने अपने पोते आर्यन और शिवम को भी साथ ले लिया। नाव अभी नदी की बीच धारा में ही पहुंची ही थी कि उसमें पानी भरने लगा और देखते ही देखते नाव डूब गई। इस घटना में दोनों बच्चों समेत गोपाल भी डूब गए। नदी किनारे भैंस चरा रहे एक अन्य बच्चे ने घटना की सूचना ग्रामीणों और उनके परिजनों को दिया। देखते ही देखते घटना स्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची धनघटा पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद तीनों लोगों को नदी से बाहर निकाल लिया। एम्बुलेंस की सहायता से उन्हें सीएचसी हैंसरबाजार पहुंचाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# कभी जोश और जश्न के अखाड़े थे, अब चुनावी रौनक लापता

महेश शर्मा, कानपुर

- सन्नाटे में डूबे पड़े शहर के पॉवर सेंटर, समय के साथ बदल गई राजनीतिक तस्वीर
- यादवों की उम्मीदों को झटका मेहरबान सिंह का पुरवा की सियासी हलचल खत्म
- श्रीप्रकाश के पोखरपुर आवास पर लगता था मेला, टिकट वहीं से तय हुआ करते थे
- आरएसएस की गतिविधियों का केंद्र था बैरिस्टर नरेंदजीत का बंगला, अब खामोशी

**अमृत विचार।** भाजपा को लगातार मिल रही चुनावी बढ़त और बदलते समीकरण और वक्त के साथ चुनावी चाल ने इस बार कानपुर के पॉवर सेंटरों को एक तरह से जैसे खत्म कर दिया है। चुनावी रौनक लापता है। ये पॉवर सेंटर जिन पर राजनीतिक घरानों के नाम से भी जुमलेबाजी कसी जाती थी अब शांत और सन्नाटे में डूबे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े ऐसे करीब पांच पॉवर सेंटर कानपुर में चर्चित थे, जो समय के साथ अपना रुतबा गंवाते नजर आ रहे हैं।

मेहरबानसिंह का पुरवा उत्तर प्रदेश की मिनी कैपिटल के नाम से चर्चित था। जनता पार्टी के जमाने में 1977 में यह छोटा सा गांव तब चर्चित हुआ जब चौधरी रामगोपाल यादव को चौधरी चरण सिंह ने बिल्हौर (परिसीमन से पहले) लोकसभा सीट से टिकट दिया था। वह जीते। इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव जनता पार्टी की सरकार बनी। उनके छोटे भाई चौधरी हरमोहन सिंह यादव ने उनकी राजनीतिक विरासत संभाली। प्रदेश में समाजवादी विचारधारा वाली पार्टी जनता पार्टी की टूट के बाद भी बढ़ती रही। यादव महासभा के समर्थन से मुलायम सिंह यादव को चौधरी चरण सिंह की राजनीतिक विरासत का सही उत्तराधिकारी माना गया। पहले जनता दल फिर समाजवादी पार्टी बनी। मेहरबानसिंह का पुरवा को राजनीतिक हवा-पानी मिलता रहा और चौधरी हरमोहन कानपुर व इर्दगिर्द मजबूत होकर उभरे। उनके पुत्र जगराम दो बार विधायक रहे। सुखराम एमएलसी रहे बाद में विधान परिषद के सभापति हुए। और सपा ने ही उन्हें राज्यसभा भेजा। लेकिन पहले हरमोहन सिंह यादव फिर मुलायम सिंह के निधन के बाद तो मेहरबान सिंह का पुरवा तो जैसे राजनीतिक रूप से अनाथ हो गया। चौधरी सुखराम सिंह यादव के पुत्र मोहित सिंह यादव भाजपा में हैं। सुखराम चुप होकर बैठ गए। वह मोदी के प्रशंसक हैं। वह कहते भी हैं कि मोदी के हाथों देश सुरक्षित है। बहरहाल शहर के एक कोने में यह गांव फिर पहले जैसा हो गया है। कुछ स्कूल-कालेज खुलने से शैक्षिक चहल-पहल जरूर रहती हैं। लेकिन नेताओं ने मुंह मोड़ लिया है। इसी तरह जाजमऊ का वाजिदपुर भी सन्नाटे में है। मनोहरलाल और उनके पुत्र दीपककुमार के निधन के बाद उनकी विरासत रामकुमार ने संभाली पर सफल नहीं रहे।

सिविल लाइन में डॉ वीरेंद्र स्वरूप का बंगला। एक दौर था जब कांग्रेस की राजनीति यहीं से तय होती थी। 99 साल से एमएलसी की सीट इसी परिवार के पास रही। लेकिन भाजपा की मोदी लहर के के बाद अरुण पाठक ने परिवार के चिराग मानवेंद्र स्वरूप को दो बार हरा दिया। इस पर परिवार ने राजनीति को ही अलविदा कह दिया। दरअसल जगेंद्रस्वरूप, नगेंद्र स्वरूप और रागेंद्र स्वरूप के निधन के बाद उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी सुस्त पड़ गए। अब बात श्रीप्रकाश जायसवाल की। उनका आवास पोखरपुर भी वीरान सा हो गया है।

सन 1984 से लेकर 2019 तक जायसवाल की खासी धाक हुआ करती थी। उनके आवास पर मेला लगता था। टिकट और संगठन के पद वहीं से तय हुआ करते थे। उधर, अजय कपूर का लाल क्वार्टर वाला कांग्रेसी ग़ढ़ भी सूना-सूना सा है। अब अजय कपूर भाजपा में चले गए हैं, पर करीब दस साल तक सियासी बियाबान में भटकने वाले हैट्रिक विधायक रहे भाजपा की आंधी में उड़ने के बाद कमल का फूल खिलाने के लिए भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के लिए गली-गली वोट मांग रहे हैं।

आरएसएस का गढ़ कहा जाने वाला बैरिस्टर नरेंद्रजीत सिंह का सिविल लाइन वाला बंगला भी सूना है। बैरिस्टर के सुयोग्य पुत्र वीरेंद्र पराक्रमाजीत सिंह ने क्षेत्रीय संघ चालक के पद को स्वेच्छा से त्याग दिया है। नागपुर में प्रतिनिधि सभा में खुद को दायित्व मुक्त कर लिया। उनकी पुत्र वधू नीतू सिंह का नाम मेयर और बाद में सांसदी की टिकट के लिए चला पर टांय-टांय फिस्स हो गया। उनके पिता सांसद सत्यदेव पचौरी का टिकट अबकी बार काट दिया गया। उनका स्वरूप नगर वाला बंगला भाजपा का पॉवर सेंटर हुआ करता था। बात वामदलों की करें तो उनके अड्डे की रौनक भी ठंडी पड़ी है। सिविल लाइन में पूर्व सांसद सुभाषिनी अली सहगल का बंगला खाली-खाली सा रहता है। सुभाषिनी 1989 में माकपा से सांसद चुनी गयीं थी। पार्टी का आधार समाप्त सा हो गया है। सुभाषिनी माकपा पोलित ब्यूरो की सदस्य हैं।

अनर्थकं विप्रवासं गृहेभ्य : पापै : सन्धि परदाराभिमर्शम्।
दम्भं स्तैन्य पैशुन्यं मद्यपानं न सेवते यश्च सुखी सदैव॥

जो व्यक्ति अकारण घर के बाहर नहीं रहता,बुरे लोगों की सोहबत से बचता है,परस्त्री से संबध नहीं रखता,चोरी,चुगली,पाखंड और नशा नहीं करता-वह सदा सुखी रहता है।

## संपादकीय

# पीओके पर दावा

पाकिस्तान लगातार भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। शनिवार की शाम जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के काफिले पर हमला इस वर्ष की पहली बड़ी आतंकवादी घटना में वायुसेना के पांच कर्मी घायल हो गए और उनमें से एक ने बाद में एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। सीमावर्ती पुंछ जिले के साथ-साथ निकटवर्ती राजौरी में पिछले दो वर्ष में बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं। रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को रोकना होगा। भारत का कहना है कि वह पाकिस्तान के साथ पड़ोसी देशों की तरह सामान्य संबंध रखना चाहता है लेकिन इसके लिए आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त माहौल बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर है। इस बीच कटक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का अहम हिस्सा है, जिसे भुला दिया गया था, लेकिन अब फिर से लोगों की चेतना में आ गया है। पीओके कभी भी देश से बाहर नहीं रहा है। यह देश का हिस्सा था और हमेशा रहेगा। पीओके पूरी तरह से भारत का हिस्सा है, किसी अन्य का नियंत्रण कैसे हो सकता है।

गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। पाकिस्तान ने कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा कर रखा है। इसे पीओके कहा जाता है। पाकिस्तान के लोग पीओके को 'आजाद कश्मीर' कहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा है कि भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा, लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। पीओके हमारा थाहै और हमारा रहेगा। जम्मू-कश्मीर के इस हिस्से पर अवैध कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान लगातार वहां के लोगों का दमन कर रहा है। पीओके में कोई मानवाधिकार नहीं है। इसकी पुष्टि कई मानवाधिकार संगठनों ने भी की है, जबकि यहां जम्मू-कश्मीर में आरंभ से संवैधानिक व्यवस्था और कुछ अपवादों को छोड़कर लगातार लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकारें रही हैं। आतंकवाद को बढ़ावा देने के साथ पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारतीय कश्मीर में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघनों का मुद्दा उठाने की कोशिश करता रहा है। ऐसे में आवश्यकता है कि पीओके के लोगों के अधिकारों के पक्ष में भारत सशक्त अंतर्राष्ट्रीय अभियान चलाए। वैसे ये मुद्दा भारत बनाम पाक का नहीं, बल्कि मूलभूत मानव अधिकारों का है, जिन्हें सुनिश्चित करना संयुक्त राष्ट्र का दायित्व है।

# आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचार की धुरी



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन प्रतीकात्मक प्रतिवादी आंदोलन रहे हैं। इन आंदोलनों को सेलिब्रिटी प्रतीक पुरुष चलाते रहे हैं। ये मूलत: मीडिया इवेंट हैं। ये जनांदोलन नहीं हैं। प्रतीक पुरुष इसमें प्रमुख होता है। जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से लेकर अन्ना हजारे के जन लोकपाल बिल आंदोलन तक इसे साफ तौर पर देख सकते हैं।

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है,लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा,इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था। क्या वजह है लेखकों को भ्रष्टाचार विषय नहीं लगता। साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। साहित्य में मूल्य,नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है,लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है।

फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छल योजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने,येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई। आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। पश्चिम वाले जिसे रीगनवाद, थैचरवाद आदि के नाम से सुशोभित करते हैं। यह मूलतः 'आधुनिकीकरण की छल योजना' है,इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। रीगनवाद-थैचरवाद को हम नव्य आर्थिक उदारतावाद के नाम से जानते हैं। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहा राव। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन प्रतीकात्मक प्रतिवादी आंदोलन रहे हैं। इन आंदोलनों को सेलिब्रिटी प्रतीक पुरुष चलाते रहे हैं। ये मूलतः मीडिया इवेंट हैं। ये जनांदोलन नहीं हैं। प्रतीक पुरुष इसमें प्रमुख होता है। जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से लेकर अन्ना हजारे के जन लोकपाल बिल आंदोलन तक इसे साफ तौर पर देख सकते हैं। ये मीडिया पुरुष हैं। इवेंट पुरूष हैं। इनकी अपनी वर्गीय सीमाएं हैं और वर्गीय भूमिकाएं हैं। प्रतीक पुरुषों के संघर्ष सत्ता संबोधित होते हैं जनता उनमें दर्शक होती है। टेलीविजन क्रांति के बाद पैदा हुई मीडिया आंदोलनकारियों की इस विशाल पीढ़ी का योगदान है कि इसने जन समस्याओं को मीडिया टॉक शो की समस्याएं बनाया है। अब जनता की समस्याएं जनता में कम टीवी टॉक शो में ज्यादा देखी-सुनी जाती हैं। इनमें जनता दर्शक होती है। इन प्रतीक पुरुषों के पीछे कारपोरेट मीडिया का पूरा नैतिक समर्थन है।

उल्लेखनीय है कि भारत को महमूद गजनवी ने जितना लूटा था उससे सैंकड़ों गुना ज्यादा की लूट नेताओं की मिलीभगत से हुई है। नव्य उदार नीतियों का इस लूट से गहरा संबंध है। चीन और रूस में इसका असर हुआ है। चीन में अरबपतियों में ज्यादातर वे हैं,जो पार्टी मेम्बर हैं या हमदर्द हैं,इनके रिश्तेदार सत्ता में सर्वोच्च पदों पर बैठे हैं। यही हाल सोवियत संघ का हुआ। भारत में नव्य उदारतावादी नीतियां लागू किए जाने के बाद नेताओं की सकल संपत्ति में तेजी से वृद्धि हुई है। सोवियत संघ में सीधे पार्टी नेताओं ने सरकारी संपत्ति की लूट की और रातों-रात अरबपति बन गए। सरकारी संसाधनों को अपने नाम करा लिया। यही फिनोमिना चीन में भी देखा गया।

> उल्लेखनीय है कि भारत को महमूद गजनवी ने जितना लूटा था उससे सैंकड़ों गुना ज्यादा की लूट नेताओं की मिलीभगत से हुई है। नव्य उदार नीतियों का इस लूट से गहरा संबंध है। चीन और रूस में इसका असर हुआ है। चीन में अरबपतियों में ज्यादातर वे हैं,जो पार्टी मेम्बर हैं या हमदर्द हैं,इनके रिश्तेदार सत्ता में सर्वोच्च पदों पर बैठे हैं। यही हाल सोवियत संघ का हुआ।

उत्तर आधुनिकतावाद पर जो फिदा हैं वे नहीं जानते कि वे व्यवस्थागत भ्रष्टाचार और नेताओं के द्वारा मचाई जा रही लूट में वे मददगार बन रहे हैं। मसलन गोर्बाचोव के नाम से जो संस्थान चलता है,उसे अरबों-खरबों के फंड देकर गोर्बाचोव को रातों-रात अरबपति बना दिया गया। ये जनाब पैरेस्त्रोइका के कर्णधार थे।

रीगन से लेकर क्लिंटन तक और गोर्बाचोब से लेकर चीनी राष्ट्रपति के दामाद तक पैदा हुई अरबपतियों की पीढ़ी की तुलना जरा हमारे देश के सांसदों-विधायकों की संपदा से करें। भारत में सांसदों-विधायकों के पास नव्य आर्थिक उदारतावाद के जमाने में जितनी तेजगति से व्यक्तिगत संपत्ति जमा हुई है वैसी पहले कभी जमा नहीं हुई थी। अरबपतियों-करोड़पतियों का बिहार की विधानसभा से लेकर लोकसभा तक जमघट लगा हुआ है। केन्द्रीय मंत्रियों से लेकर मुख्यमंत्रियों तक सबकी दौलत दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ी है। नेताओं के पास यह दौलत किसी कारोबार के जरिए कमाकर जमा नहीं हुई है,बल्कि यह अनुत्पादक संपदा है,जो विभिन्न किस्म के व्यवस्थागत भ्रष्टाचार के जरिए जमा हुई है। अमेरिका में भयानक आर्थिक मंदी के बावजूद नेताओं की परिसंपत्तियों में कोई गिरावट नहीं आई है। कारपोरेट मुनाफों में गिरावट नहीं आई है। भारत में भी यही हाल है।

इसी संदर्भ में फ्रेडरिक जेम्सन ने मौजूदा दौर में मार्क्सवाद की चौथी थीसिस में लिखा है इस संरचनात्मक भ्रष्टाचार का नैतिक मूल्यों के संदर्भ में कार्य-कारण संबंध के रूप में व्याख्या करना भ्रामक होगा,क्योंकि यह समाज के शीर्ष वर्गों में अनुत्पादक ढंग से धन संग्रह की बिल्कुल भौतिक सामाजिक प्रक्रिया में उत्पन्न होती है। इस बात पर बल देना अनिवार्य है कि कार्य-कुशलता,उत्पादकता और वित्तीय संपन्नता जैसे संवर्ग तुलनात्मक हैं। अभिप्राय यह है कि उनके परिणामों की भूमिका उस क्षेत्र में आती है जिसमें अनेक असमान परिघटनाएं प्रतिस्पर्धा कर रही हों। अधिक कार्यकुशल और उत्पादक तकनीक पुरानी मशीनरी और पुराने संयंत्र को तभी विस्थापित करती हैं,जब पुरानी मशीनरी और संयंत्र अधिक कार्यकुशल तथा आधुनिक तकनीकी के कार्यक्षेत्र में प्रवेश करते हैं और उनके साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं। इसी बात को सोवियत संघ के संदर्भ में आगे बढ़ाते हुए जेम्सन ने लिखा सोवियत संघ अकुशल हो गया और जब इसने अपने को 'विश्व-तंत्र' के साथ एकीकृत करने का प्रयास किया,तो यह विघटित हो गया,क्योंकि विश्व-तंत्र आधुनिकता से उत्तर आधुनिकता की ओर अग्रसर था। यह एक ऐसा तंत्र था,जो संचालन के नए नियमों के हिसाब से उत्पादकता की अतुलनीय द्रुत गति से दौड़ रहा था। वहीं सोवियत संघ में ऐसा कुछ भी नहीं था जिसकी इससे तुलना की जा सके। सांस्कृतिक अभिप्रेरकों (उपभोक्तावाद, नई सूचना प्रौद्योगिकी आदि) द्वारा प्रेरित, सुविचारित सामरिक-तकनीकी प्रतिस्पर्धा में आकृष्ट होकर, ऋण तथा तीव्र होते वाणिज्यिक सह-अस्तित्व के रूपों के प्रलोभन में आकर रूस एक ऐसे तत्व में प्रवेश कर गया,जहां इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। यह दावा किया जा सकता है कि सोवियत संघ और इसके अनुषंगी देश,जो अब तक अपने ही विशिष्ट दबाव क्षेत्र में अलग-अलग थे मानो किसी विचारधारात्मक सामाजिक,आर्थिक,भूगणितीय उभार (गुंबज) के नीचे दबे हों,इसने अविवेकपूर्ण ढंग से बिना अंतरिक्ष-पोशाक तैयार किए ही वायुबंध खोलना आरंभ कर दिया और इस प्रकार स्वयं को और अपने संस्थानों को बाह्य विश्व के तीव्र और अपरिमेय दबाव के हवाले कर दिया। इसके परिणाम की तुलना हम प्रथम परमाणु बम के विस्फोट से हुई उन तुच्छ ढांचों की हालत से कर सकते हैं,जो इस बम विस्फोट के स्थल के सबसे नजदीक थे या फिर उन असुरक्षित जीवों की हालत से कर सकते हैं,जो समुद्र तल पर उपस्थित थे जब जल में उत्पन्न विकृत दबाव का भार उन पर पड़ा होगा,खासकर जब यह दबाव से ऊपर की ओर उठ रहा होगा। यह परिणाम वॉलरस्टीन की दूरदर्शितापूर्ण चेतावनी की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा था कि सोवियत ब्लॉक ने अपनी महत्ता के बावजूद पूंजीवादी तंत्र के विकल्प के रूप में किसी तंत्र का निर्माण नहीं किया, बल्कि इसके भीतर एक तंत्र-विरोधी क्षेत्र या स्थान बनाया,जो अब स्पष्टतया समाप्त हो गया है। यदि शेष कुछ बचे हैं तो वे कुछ पॉकेट्स हैं जिनमें आज भी विविध समाजवादी प्रयोग किए जा रहे हैं।

## प्रसंगवश

# चुनाव के बाद वोटिंग मशीन

चुनाव के बाद वोटिंग मशीने सुस्ता रहीं थी। आपस में अपने-अपने किस्से सुना रही थीं। लोगों ने कैसे उनका उपयोग किया। कैसे वोट डाला। कैसे दबाया। कैसे सहलाया। आइए सुनाते हैं कुछ उनकी गप्पगाथाः ईवीएम एक : एक वोटर ने तो इत्ती जोर से बटन दबाया कि अभी तक दर्द कर रहा है। लगता है अगले चुनाव में चल न पाएंगे हम। /ईवीएम दो : याद आ रही है क्या उस वोटर की?/ईवीएम तीन : अरे उसकी याद की कड़ाही में तू काहे अपनी जलेबी छान रही है? तुमको किसी की याद नहीं आती तो क्या किसी को नहीं आएगी? क्यों री दर्द कैसा हो रहा है मीठा कि खट्टा?



अनूप शुक्ल
कानपुर

ईवीएम एकः भक्क उस तरह वाला दर्द थोड़ी हो रहा। तुम तो सबको अपनी तरह समझ लेती हो। सबके भाग्य में वो मीठा-खट्टा दर्द कहां? इस गप्पाष्टक को एक बुजुर्ग ईवीएम मशीन दूर से सुन रही थी। अंजर-पंजर ढीले होने के चलते उसको चुनाव में ले नहीं जाया गया था। ऊंचा सुनती थी। इसीलिए दूर की बातों पर कान लगे रहते थे। बुजुर्ग ईवीएम आवाज में बोली-'सुना है तुम लोगों से कुछ छेड़छाड़ हुई वहां चुनाव में। तुम लोग भी छेड़छाड़ में इत्ती बेसुध हुई कि वोट दिए किसी और को गए पर तुमने गिनाए किसी और के नाम।' छेड़छाड़ के नाम से ईवीएम मशीने एकदम प्याज-टमाटर की तरह लाल हो गईं। (बुजुर्ग और सांवली मशीने प्याज की तरह, युवा और गोरी टमाटर की तरह) लेकिन उनको लगा कि लाल होने से काम नहीं चलेगा तो सफाई देने लगीं। वैसे भी जिन महिलाओं से छेड़छाड़ होती है उसके जिम्मे सफाई देने का ही काम बचता है। वे बोलीं,'हम लोग कोई ऐसी-वैसी मशीन थोड़ी हैं। हमको कौन छेड़ेगा।

हम कोई खूबसूरत टाइप मशीन भी नहीं जो हमको कोई छेड़े। खूबसूरत होती तो कोई हीरो-हीरोइन हमारा विज्ञापन करता। भले घर की लड़कियों की तरह हम चुनाव आयोग के गोदाम से सीधे पोलिंग बूथ जाते हैं,वहां से सीधे वापस आ जाते हैं। कहीं इधर-उधर ताकते तक नहीं। झांकने की तो बात ही छोड़ दो।'सफाई से बुजुर्ग ईवीएम मशीन और उत्साहित हो गई। बोली-'लेकिन जब हवा उड़ी है तो कुछ तो बात हुई ही होगी कि छेड़छाड़ का हल्ला है। हमने भी चुनाव करवाए हैं। हमको भी लोगों ने दबाया है। इधर-उधर थपथपाया है। किसी-किसी ने तो पटका भी है। खटखटाकर भी वोट डाला है,लेकिन मजाल है,जो आज तक किसी ने छेड़छाड़ की हो। तुम लोगों ने जरूर कुछ ऐसा किया होगा जो छेड़छाड़ की खबर फैली। लाख समझाओ, लेकिन तुम लोग मनमानी से बाज कहां आते हो। ये नई हवा का असर है।'

बुढ़िया ईवीएम बड़बड़ाते हुए खांसने लगी। फिर तो सब ईवीएम मशीने छेड़छाड़ का आरोप लगाने पर फिरंट हो गईं। पता लगा कि मशीनों से छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाले वही लोग थे,जो हार भी गए थे। उनको इस बात से तसल्ली हुई कि जीते हुए लोगों ने उन पर छेड़छाड़ का आरोप नहीं लगाया। फिर तो ईवीएम मशीनों के सुर बदल गए। वे ठिठोली करते हुए बतियाने लगीं। बकने दो हरंटो को। सरकार तो हमारे समर्थन में होगी। तब क्या एक ने नारा लगायाः "जिसके साथ खड़ी हो सरकार उसको कौन बात का डर यार।" जिसने हम पर छेड़खानी की बात कही उसको अगले चुनाव में टिकट न मिले। अरे नहीं री। टिकट तो मिले,लेकिन टिकट के दाम दोगुने हो जाएं और टिकट जिस इलाके से मिलें उस इलाके में उसको कोई जानता न हो। फिर तो वो जीत जाएगा बे। लोग उसकी करतूतें जानेंगे नहीं तो भला समझ कर जिता देंगे। दिनभर इसी गपड़चौथ में जुटी ईवीएम मशीनों ने शाम को महसूस किया कि वे तो अपनी छेड़छाड़ के ही किस्से में जुटी रहीं।

एक बोली-'इस चुनाव में हम ईवीएम के हाल तो रजिया की तरह हो गए,जो नेताओं के चक्कर में फस गई हो।' अबे रजिया तो गुंडों के बीच फंसी थी। -दूसरी ने सुधारने की कोशिश की। हां यार। रजिया की किस्मत अच्छी थी,जो गुंडों के बीच फंसी थी। हमारे ही करम फूटे हैं,जो नेताओं के बीच फंस गए। तीसरी ने कहा, ये क्या आंय-बांय-सांय बक रही है तू। क्या चुनाव सभा में भाषण दे रही है। गुंडों के बीच फंसना अच्छी किस्मत है? चौथी ने हड़काया। गुंडों के बीच फ़ंसना तो नेताओं के बीच फ़ंसने से सौ गुना बेहतर है यार-एक भक्तिन टाइप ईवीएम मशीन रामचरित मानस की चौपाइयां बांचने लगीः कर्म प्रधान विश्व रचि राखा/ जो जस करै तो तस फ़ल चाखा। दूसरी पैरोडीबाजी करने लगी- कोऊ नृप होय हमें का हानी/ईवीएम छोड़ न होइहैं रानी।हम ईवीएम मशीनों को उनके हाल पर छोड़कर चले आए। वैसे और कर भी क्या सकते थे?

# खत्म सी होती जा रही है विश्वविद्यालयों की जीवंतता

अमेरिका के विश्वविद्यालयों में गाजा में हो रहे नरसंहार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। किसी एक या दो में नहीं,देशभर में फैले दर्जनाधिक विश्वविद्यालयों में। इंग्लैंड में, फ्रांस में,नीदरलैंड आदि यूरोपीय देशों के नामचीन विश्वविद्यालयों में भी ऐसे विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है।

ये सब ऐसे विश्वविद्यालय हैं,जो दुनिया में अपना मान,अपना सम्मान रखते हैं। वहां अच्छी पढ़ाई होती होगी,बेहतरीन एकेडमिक माहौल होगा। तभी तो हमारे देश के नेतागण,अधिकारीगण, बड़े-बड़े पैसे वाले गण आदि आदि अपने बच्चों को पढ़ने के लिए उन जगहों पर भेजते हैं। वे छात्र दुनिया से जुड़े हैं,मानवता की धड़कनों से जुड़े हैं,विश्व राजनीति की विडंबनाओं पर अपनी राय निर्धारित करते हैं,जरूरत पड़ने पर वैचारिक हस्तक्षेप करते हैं,अक्सर पुलिस की हिरासत में जाते हैं,कुछ कष्ट सहते हैं,स्लोगन बनाते हैं, लेख लिखते हैं,भाषण देते हैं,भाषण सुनते हैं।

गाजा नरसंहार कोई पहला मुद्दा नहीं है जिस पर वे छात्र प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जागरूक और आलोकित परिसरों में अक्सर ऐसा होता रहता है,लेकिन हमारे विश्वविद्यालयों में जीवंतता तो खत्म सी ही होती जा रही है। एकाध परिसरों में विश्व या देश की राजनीति पर,मानवीय विडंबनाओं पर छात्र गण प्रतिक्रिया देते हैं तो 'टुकड़े टुकड़े गैंग' कहते हम हिकारत से भर उठते हैं। ये गए हैं पढ़ने,अफसर बनने या नेतागिरी करने? टैक्स देने वालों के पैसों का यह दुरुपयोग है। वह भी देश के कुछ गिने-चुने,शायद एकाध जगहों पर कुछ ऐसा होता हो। हमारे देश का मिडिल क्लास इस



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> हम जनता लोग भी जागरूक हैं। किसी भी छात्र समूह ने जहां मणिपुर,सीरिया आदि किया,तुरंत देशद्रोही आदि वाले व्हाट्सएप संदेशों की अबाध फॉरवार्डिंग शुरू कर देते हैं।

बात के सख्त खिलाफ है कि उसके बच्चे गाजा,यूक्रेन,सीरिया,मणिपुर आदि फालतू की बातों में नारेबाजी,भाषणबाजी में उलझें। उन्हें कोर्स पूरा कर जल्दी से जल्दी यूपीएससी से लेकर एसएससी की कोई भी परीक्षा पासकर कलेक्टर से लेकर क्लर्क तक की कोई पोस्ट झपट लेनी चाहिए ताकि उनका शादी ब्याह कर निश्चिंत हो जाएं।

हम जनता लोग भी जागरूक हैं। किसी भी छात्र समूह ने जहां मणिपुर,सीरिया आदि किया, तुरंत देशद्रोही आदि वाले व्हाट्सएप संदेशों की अबाध फॉरवार्डिंग शुरू कर देते हैं। बिहार पर तो भारी गर्व है हमें। इस मामले में यहां के विश्वविद्यालय और कॉलेज तो अनूठे हैं। मजाल है कि पांच दस प्रतिशत से अधिक छात्र बता दें कि गाजा आखिर है क्या? कोई देश है या शहर या कि समुद्र से हाल में खोजा गया कोई निर्जन द्वीप? वे तो सिरे से ही इंकार कर देंगे कि गाजा नाम से उन्हें कोई साबका रहा। उन्हें तो फॉर्म भरना है,परीक्षा देनी है,नकल नहीं करने दो तो बड़ी संख्या में फेल कर जाना है और विश्वविद्यालय का सिर दर्द बढ़ाना है। विज्ञान के छात्र प्रयोगशाला नहीं जाते। अधिकतर कॉलेजों के प्रैक्टिकल रूम्स को खोलिए तो अचानक से लगेगा कि मानव के पदचापों से महरूम इन कक्षों के स्याह,धूल भरे अंधेरों में प्रेतात्माएं विचरती होंगी। प्रयोगशालाओं में जरूरी स्टाफ की बहाली नहीं हुई,जो थे वे जाने कब रिटायर हुए,कितने मर खप गए। फिजिक्स में सब जोड़कर कई सौ छात्र,टीचर एक, सहयोगी स्टाफ कोई नहीं,बोटनी में तो टीचर ही नहीं,मैथ निल।

कितने संतोषी हैं, कितने आत्मतुष्ट, आत्मलीन हैं, हमारे छात्र। उनके कॉलेजों में हिस्ट्री के सर जी हैं तो पॉलिटिकल साइंस के हैं ही नहीं कोई, हिंदी के हैं तो अंग्रेजी का पोस्ट खाली है, चार सौ, पांच सौ, छह छह सौ छात्रों पर हिस्ट्री,राजनीति शास्त्र, हिंदी आदि के एक-एक शिक्षक हैं। बेदम हैं। न वेतन टाइम पर,न प्रमोशन टाइम पर। अगर बकाया आदि रह गया हो तो बूढ़े हो जाओ, एरियर के लिए एड़ियां घिस जाएंगी। मुख्यालय जाकर मांगने की जहमत उठा ही ली तो अगला टेबुल और फाइल से नजरें उठाए बिना कहेगा, 'सरकार से राशि आएगी तो मिल जाएगी।'

वह तो भला हो तकनीकी क्रांति का कि मोबाइल कंपनियां एक-एक बित्ते की स्क्रीन वाले सस्ते मोबाइल लांच करती रहती हैं,अपने अंबानी सर जियो की अबाध सेवा लिए तत्पर रहते हैं, रील्स बनाने वाली बेचैन आत्माएं तरह-तरह के अनोखे दृश्य लिए हाजिर रहती हैं। कौन गाजा, मणिपुर आदि की टेंशन ले। वह अमेरिका है, इंग्लैंड है, फ्रांस है। हम भारत हैं,हम बिहार हैं। हम सीधे विश्वगुरु बनने की देहरी पर खड़े हैं और गुरुकुल के केंद्रीय कक्ष की मुख्य कुर्सी पर छलांग लगाने ही वाले हैं।

## सोशल फोरम

# कोविशील्ड टीका और थ्रोम्बोसिस

खबर आई कि कोविशील्ड टीका उत्पादक ऐस्ट्राजेनेका कंपनी अपने बयान पर पलट गई और अब कह रही है कि अत्यंत बिरले मामलों में इसके टीके से थ्रोम्बोसिस संभव है।

थ्रोम्बोसिस एक गंभीर स्थिति है इसमें रक्त-नलिकाओं में रक्त के थक्के बनते हैं जिससे रक्त का प्रवाह रुक सकता है। यदि हृदय को रक्त नहीं मिला तो मृत्यु संभव है। इसी तरह मस्तिष्क के किसी भाग में रक्त नहीं पहुंचे तो मस्तिष्क का वह भाग निष्क्रिय हो सकता है,पर कंपनी अपने "बयान पर पलट गई" कहना सही नहीं है।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

2021 में ही दवा की विस्तृत विवरणी जो ब्रिटेन के औषधि नियामक के वेब साइट पर आई थी उसमें यह बात कही गई थी कि बिरले मामलों (वेरी रेयर केसेस) में कोविशील्ड का एक पार्श्व प्रभाव देखा गया है। थ्रोम्बोसिस एंड थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस)। थ्रोम्बोसाइटोपेनिया रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या कम हो जाने को कहते हैं। कंपनी के कहने के पहले, अप्रैल 2021 में ऑस्ट्रेलिया में आंकड़ों के आधार पर कोविशील्ड के इस खतरे को रेखांकित किया गया था। 2021 दिसंबर तक के आंकड़ों के आधार पर ऑस्ट्रेलिया सरकार ने कहा था कि साठ से कम उम्र वालों में एक लाख में तीन और साठ से अधिक उम्र वालों में एक लाख में दो व्यक्ति कंपनी के टीके लेने के चार से बयालीस दिनों के अंदर टीटीएस से पीड़ित हुए पाए गए थे।

आज जब महामारी समाप्त प्रायः हो गई है यह कहना आसान है कि टीके नहीं दिलाने थे। सरकारी आंकड़े हैं कि देश में 4.50 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए थे। यह जनसंख्या का 3.22 प्रतिशत हुआ। सरकारी आंकड़ों के अनुसार महामारी से 5.33 लाख से अधिक लोग मरे थे। यह जनसंख्या का 0.038 प्रतिशत हुआ। लाख में टीटीएस के तीन मामले यानी 0.003 प्रतिशत। तो टीटीएस के खतरे के बाद भी टीका नहीं दिलाना बारह गुना अधिक खतरनाक होता। आज जो टीका विरोधी रुख दिखा रहे हैं,ये वही लोग हैं,जो कहते थे चालीस लाख से अधिक लोग महामारी से मरे थे। यदि मृत्यु के उनके आंकड़े लिए जाएं तो टीका नहीं दिलाना टीटीएस के खतरे से सौ गुने से अधिक खतरनाक होता।

**-फेसबुक वॉल से**

# अनियोजित पर्यटन विकास के कारण चलना हुआ दुश्वार

कहते हैं 'बारात के आंगन में आ जाने के बाद पानी के लिए कुआं खोदने' से अफरातफरी होती है और समस्या का समाधान भी नहीं हो पाता। प्रदेश के पर्यटन स्थलों में अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास के संदर्भ में यह मुहावरा पिछले करीब चार दशकों से साल-दर-साल और बारंबार दोहराया जा रहा है। उत्तराखंड राज्य की अर्थव्यवस्था का मूलाधार समझे जाने वाले पर्यटन उद्योग को लेकर इस फौरी रवैये से नैनीताल जैसा विख्यात पर्वतीय पर्यटन स्थल आज अनियंत्रित और अनियोजित जन पर्यटन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है।

पर्यटक सीजन के शुरुआत में ही छोटे से इस पहाड़ी नगर की सभी सड़कें दोपहिया और चौपहिया वाहनों से भर गईं हैं। राहगीरों के लिए पैदल चलने लायक जगह भी नहीं बची है। नैनीताल में पैदल चल पाना भी दुष्कर हो गया है। उत्तराखंड में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए तमाम दावे किए जाते रहे हैं और किए जा रहे हैं,लेकिन ब्रिटिश शासन काल में वजूद में आए नैनीताल और मसूरी आदि ख्याति प्राप्त हिल स्टेशन न्यूनतम अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उत्तराखंड को अलग राज्य बने चौबीस साल पूरे होने को हैं,परंतु यहां के भंगुर पर्यावरण और विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप व्यावहारिक पर्यटन नीति नहीं बन पाई है। पर्यटकों की रूपरेखा और पर्यटक सांख्यिकी माप की दिशा में ध्यान ही नहीं दिया गया है। पर्यटक स्थलों की भार वहन क्षमता का आकलन



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

> पर्यटक सीजन के शुरुआत में ही छोटे से इस पहाड़ी नगर की सभी सड़कें दोपहिया और चौपहिया वाहनों से भर गई हैं। राहगीरों के लिए पैदल चलने लायक जगह भी नहीं बची है।

करने की आवश्यकता ही नहीं समझी गई है। इस वजह से पर्यटक स्थलों में अत्यावश्यक अधिसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप नैनीताल जैसे स्थापित पर्यटक स्थलों में जन पर्यटन ने आपाधापी का माहौल बना दिया है। नैनीताल समेत उत्तराखंड के अन्य सभी पर्यटक स्थलों का अनियंत्रित, अदूरदर्शी और असंयोजित रूप से व्यावसायिक दोहन हो रहा है जिससे पर्यावरण संकट बढ़ा है और सामाजिक एवं सांस्कृतिक समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। अनियंत्रित जन पर्यटन गतिविधियों से आक्रोश का वातावरण बन रहा है। मेजबान और मेहमान के बीच तनाव की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। 'वहन क्षमता' से कहीं अधिक वाहनों के चलते नैनीताल अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले नगर में तब्दील हो गया है। औपनिवेशिक शासक भारत के पहाड़ों की तुलना यूरोपीय पहाड़ों से करते थे। अंग्रेजों ने भारत में कई हिल स्टेशन बसाए जिनमें नैनीताल भी सम्मिलित था। 1980 के दशक में मारुति संस्कृति आने के बाद निजी वाहनों की संख्या बढ़ने लगी थी। परिवहन के साधन बेहतर हुए। पर्यटकों की रुचियों में भी बदलाव आने लगा। पर्यटन ने फैशन का रूप धारण कर लिया। पर्यटकों को सार्वजनिक यातायात के बजाय निजी वाहनों में आना-जाना सुविधाजनक लगने लगा। अब नैनीताल में पार्किंग की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी। 1983-84 में नैनीताल के एकमात्र खुले स्थान फ्लैट्स के एक हिस्से को कार पार्किंग में तब्दील कर दिया गया। इसके बाद साल-दर-साल पर्यटकों और गाड़ियों की तादाद बढ़ती चली गई। नैनीताल के सभी पैदल मार्गों में गाड़ियां दौड़ने और पार्क होने लगीं। इस कारण नैनीताल के पैदल मार्गों में भी पैदल चल पाना दूभर होता चला गया। नैनीताल में पार्किंग एवं अन्य अधिसंरचनात्मक सुविधाओं को लेकर दशकों से हर साल अलग-अलग स्तर पर विमर्श होता रहा है। ज्यों-ज्यों मर्ज की दवा खोजी गई, त्यों -त्यों मर्ज लाइलाज होता चला गया है। इधर के कुछ वर्षों में यहां टैक्सी वाहनों और टैक्सी मोटर बाइकों की संख्या में एकाएक उछाल आया है। निजी दोपहिया और चौपहिया वाहनों की तादाद भी खूब बढ़ी है। दोपहिया टैक्सी वाहनों ने सड़क के किनारों की नालियों को भी हाईवे में तब्दील कर दिया है। नगर में पैदल चलने वालों के लिए सड़कों के किनारों की नालियां भी नहीं बची हैं। इंतजामिया अनियंत्रित और अनियोजित यातायात को कानून व्यवस्था की दृष्टि से देखता है। जबकि यह नियोजन से जुड़ा मुद्दा है। सड़कों की क्षमता से कई गुना अधिक वाहनों की संख्या को ट्रैफिक पुलिस नियंत्रित नहीं कर सकती है। ऐसा हो पाना संभव ही नहीं है। पार्किंग सुविधाओं के विस्तारीकरण से भी इस समस्या से निपटा नहीं जा सकता है। गाड़ियों को चलने के लिए पहले सड़क चाहिए और फिर पार्किंग। समस्या की जड़ को खोजने के बजाय तदर्थ उपाय करने से इसका समाधान हो पाना असंभव है।

नैनीताल की विशिष्ट भौगोलिक बनावट के चलते यहां पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी की गुंजाइश नहीं के बराबर है। यहां आवश्यकता के अनुरूप अधिसंरचनात्मक सामर्थ्य का अभाव है। मांग और आपूर्ति में असंतुलन से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। संसाधनों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। सप्ताहांत पर्यटन की बढ़ती प्रवृत्ति से पर्यटकों के ठहरने की अवधि अत्यंत कम हुई है। पर्यटन को टिकाऊ और लाभप्रद बनाने के लिए दीर्घकालिक उपाय खोजने के बजाय समस्याओं का तदर्थ और तात्कालिक समाधान खोजने की प्रवृत्ति हावी होती जा रही है। जबकि सच्चाई यह है कि पर्यटक स्थल की वहन क्षमता को ध्यान में रखकर सुविचारित दीर्घकालीन योजना बनाए बिना अनियंत्रित पर्यटन विकास को रोका नहीं जा सकता है। याद रहे कि पर्यटन स्थल एक बहुमूल्य संपत्ति होती है,नियंत्रित पर्यटन से ही इस संपत्ति को संरक्षित किया जा सकता है।

# कोबरा गैंग की विदेशी महिला तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, देहरादून



- महिला के कब्जे से पुलिस ने 31 ग्राम कोकीन तथा 16 हजार नगदी बरामद की

**अमृत विचार :** देहरादून पुलिस ने कोबरा गैंग की विदेशी महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 31 ग्राम कोकीन, साढ़े सोलह हजार रुपये बरामद हुए हैं। यह कोकीन मसूरी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट व होटल्स में होने वाली पार्टियों में सप्लाई की जानी थी।

दून पुलिस को होटल व रेस्टोरेंट में होने वाली पार्टियों में मादक पदार्थ सप्लाई किए जाने की सूचना मिली थी। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को चेकिंग के निर्देश दिए। मसूरी रोड स्थित बास्क रेस्टोरेंट में शनिवार की रात विदेशियों की पार्टी होनी थी। राजपुर थाना पुलिस जवान वहां सादे कपड़ों में तैनात थे। इस बीच एक विदेशी महिला वहां आई। उसे संदिग्ध मान पुलिस कर्मियों ने उसे रोक लिया। तलाशी ली गई तो उसके पास से 31 ग्राम कोकीन और 16,500 रुपये व बैट्रीयुक्त इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद की गई।

पुलिस के मुताबिक पकड़ी गई महिला रेजिना वावेरु नजरी पुत्री वावेरु (35) मूल रूप से केन्या की रहने वाली है। वर्तमान में वह सेक्टर -42 फरीदाबाद, हरियाणा में रहती है। देहरादून में वह दो बच्ची रोड, नियर सिद्धार्थ लॉ कालेज में रह रही थी। वह वर्ष 2018 में टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी। मसूरी क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार के मुताबिक दिल्ली में वह कोबरा गैंग के संपर्क में आई तथा उसके बाद से कोबरा गैंग के लिए काम करने लगी।

डिमांड के हिसाब से वह कोकीन दिल्ली से देश के अलग-अलग हिस्सों में अपने एजेंटों व पैडलरों को सप्लाई करती है। कोकीन की सप्लाई पार्टियों, कालेज, शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों व अन्य स्थानों पर डिमांड के हिसाब से की जाती है, जिसमें अभियुक्ता को कमीशन मिलता है। यह कोकीन भी वह दिल्ली से देहरादून लेकर आई थी, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# आतंकियों की तलाश जारी, कई को हिरासत में लिया गया

- इलाके की निगरानी के लिए सेना ने हेलीकॉप्टर भी लगाया
- जम्मू के एडीजी और सैन्य अफसरों ने किया क्षेत्र का दौरा

मेंढर/जम्मू, एजेंसी

**वायुसेना के काफिले पर हमले का मामला**



घटना में शामिल आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाते सेना के जवान।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में वायुसेना (आईएएफ) के काफिले पर हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा और कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन और सेना तथा खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरनकोट क्षेत्र में हमला स्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि सेना ने एक हेलीकॉप्टर के जरिये हवाई निगरानी भी की। शाहसितार के पास शनिवार शाम हुए हमले में वायुसेना के पांच कर्मी घायल हो गए और उनमें से एक ने बाद में एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया।

अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों का सफाया करने के लिए शाहसितार, गुरसाई, सनाई और शीनदारा टॉप समेत कई इलाकों में सेना व पुलिस का संयुक्त अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि हमला करने के बाद हमलावर जंगल में भाग गए। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने अधिकाधिक लोगों को हताहत करने के लिए एके असॉल्ट राइफलों के अलावा अमेरिका में निर्मित एम4 कार्बाइन और स्टील की गोलियों का भी इस्तेमाल किया।

वायुसेना ने शहीद नायक की पहचान कॉरपोरल विक्की पहाड़े के रूप में की है और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

**सेना के पैरा कमांडों भी अभियान में लगे**

अधिकारियों ने कहा कि सेना के पैरा कमांडो की अलग-अलग टीम को भी तलाशी अभियान में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में अभी कुछ पता नहीं चला है। अधिकारियों ने कहा कि हमले के संबंध में पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह इस साल जम्मू क्षेत्र में पहली बड़ी आतंकवादी घटना है। सीमावर्ती पुंछ जिले के साथ निकटवर्ती राजौरी में पिछले दो वर्ष में बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं। वर्ष 2003 और 2021 के बीच यह क्षेत्र शांतिपूर्ण रहा था।

# नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जोगेंद्र सिंह बने प्रधान



**नानकमत्ता, अमृत विचार :** ऐतिहासिक गुरुद्वारा नानकमता साहिब प्रबंधक कमेटी के जोगेंद्र सिंह कार्यकारी प्रधान नियुक्त हुए हैं। डेराकार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के बाद प्रधान हरबंश सिंह चुघ ने बीती 16 अप्रैल को त्यागपत्र दे दिया था। चुघ बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में आरोपी हैं। आज चुघ का त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बहेड़ी हल्के के सदस्य जोगेंद्र सिंह नए कार्यकारी प्रधान बनाए गए। बाबा की हत्या को लेकर संगत में चुघ को लेकर नाराजगी थी। इसको लेकर तराई महासभा गुट और डेरा समर्थकों के बीच जमकर हंगामा हुआ।

# बीजेपी सरकार में किसानों का हुआ शोषण

संवाददाता, एटा

- सपा प्रमुख ने एटा के जलेसर में जनसभा को किया संबोधित



जलेसर में आयोजित जनसभा के दौरान मंच पर सपा मुखिया अखिलेश यादव व अन्य नेता।

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को जलेसर के एमजीएम इंटर कॉलेज के मैदान में जनसभा के दौरान भाजपा को घेरा। यादव ने सपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम के समर्थन में उत्साहवर्धक भाषण दिया।

सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने किसानों के लिए लाए गए तीन कानूनों पर भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि किसानों ने इन कानूनों का विरोध किया, जिस पर कई किसानों ने अपनी जान गंवानी पड़ी। किसानों की मेहनत रंग लाई और तीनों काले कानून वापस हो गए, लेकिन किसानों की जो मदद होनी थी वो नहीं हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मित्रों का कर्ज माफ किया, लेकिन किसानों का नहीं। भाजपा सरकार में किसानों का जो शोषण हुआ है वो किसी सरकार में नहीं हुआ। सरकार बनने पर हमारी सरकार द्वारा कानूनी अधिकार देकर किसानों को खुशहाल बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीर के लिए तो चार साल की नौकरी आई है। इंडिया गठबंधन बनेगा तो यह खत्म होगी। मगर खाकी वर्दी पहनने वाले भाइयों को बताना चाहता हूं कि बीजेपी वाले आ गए तो फौजी की तो चार साल की नौकरी की है, इन खाकी वालों की नौकरी तीन साल की हो जाएगी। यह बीजेपी वाले कुछ भी कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सभा में आई भीड़ को देख अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे ऐसा लगता है कि ये शहर इतिहास रच सकता है। जलेसर से आगरा के प्रत्याशी जीतने जा रहे हैं। पहले-दूसरे के बाद तीसरे चरण में यह जो हमारा परिवार है पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक, मुसलमान भाई, पिछड़ा दलित आदिवासी और हमारे अल्पसंख्यक आदिवासी भाई यह सब मिलकर इस बार परिवर्तन कर भारतीय जनता पार्टी को पलटने जा रहे हैं। मुझे महसूस हो रहा है कि जिन्होंने अच्छे दिन की बात कही थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के हारने के बाद खुशियों के दिन आने वाले हैं।

**टूटा पंडाल, मची अफरा-तफरी**

एटा। सपा मुखिया अखिलेश यादव अपने प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम के समर्थन में बोल रहे थे। उसी दौरान अचानक पंडाल टूट गया। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। बताते हैं कि जैसे ही अखिलेश यादव जनसभा में पहुंचे, तभी कुछ उत्साहित युवा पंडाल के पाइपों पर चढ़ गए। इस दौरान पाइप टूटने से पंडाल गिर गया।

**35 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण**

दंतेवाड़ा : छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को 35 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से तीन पर तीन-तीन लाख रुपये का इनाम था। इनमें 16 साल की एक लड़की और 18 साल का एक लड़का शामिल है।

# सपा कार्यकर्ताओं को उठा रही पुलिस : शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बूथ न जाने और एजेंट न बनने का पुलिसकर्मी डाल रहे दबाव
- सपा नेता ने चुनाव आयोग को भी भेजा शिकायती पत्र

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने डीएम-एसएसपी से शिकायत करके पुलिस पर सपा कार्यकर्ताओं को उठाने का आरोप लगाया है। कहा कि कई थानेदार चुनाव बाधित करना चाहते हैं। कार्यकर्ताओं के घरों पर दबिश दे रहे हैं। तोड़फोड़ तक की गई है। धमका रहे हैं कि बूथ नहीं जाओगे और न ही एजेंट बनोगे। उन्होंने चुनाव आयोग को भी शिकायती पत्र भेजा है।

राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि थाना मूसाझाग, बिनावर, कुंवरगांव, सहसवान, वजीरगंज, उघैती, इस्लामनगर, सदर कोतवाली और गुन्नौर के थाना रजपुरा की पुलिस सपा कार्यकर्ताओं के घर दबिश दे रही है। सपा कार्यकर्ताओं को धमकाया और थानों पर 40 से ज्यादा लोगों को बैठाया गया है। जो जनता में भयभीत कर वोटिंग को बाधित करने का प्रयास है। भाजपा के पक्ष में कार्य करने का दबाव बनाया जा रहा है। सपा कार्यकर्ताओं का शांतिभंग में चालान किया जा रहा है। लाल कार्ड दिया जा रहा है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षकों को रात में उनके सीयूजी पर फोन किया लेकिन उठा नहीं। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव कराने और थाने पर बैठाए गए लोगों को छोड़ने की मांग की है। कहा कि अगर कार्यकर्ताओं को थाने से नहीं छोड़ा गया तो पूरब से लेकर पश्चिम तक यूपी के हर थाने के बाहर सपा के कार्यकर्ता पहुंचेंगे। बता दें बदायूं लोकसभा सीट पर शिवपाल के बेटे आदित्य यादव सपा प्रत्याशी हैं।

# पत्नी ने पति के साथ दरिंदगी की पार की हदें

संवाददाता, स्योहारा (बिजनौर)

- दूध में नशा देकर पति के हाथ पैर बांधे, शरीर को सिगरेट से दागा

**अमृत विचार :** महिला ने पति-पत्नी के रिश्तों को शर्मसार करते हुए पहले दूध में नशा देकर पति के हाथ-पैर बांध दिए और पीटने के बाद सिगरेट से उसके शरीर को दागा। इतना ही नहीं आरोपी पत्नी ने चाकू से उसके प्राइवेट पार्ट को काटने का प्रयास किया। पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पत्नी के अत्याचारों से परेशान पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम चक महदूद सानी निवासी मन्नान जैदी पुत्र उसमान जैदी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 17 नवम्बर 2023 को प्रेम प्रसंग के चलते ग्राम शफियाबाद थाना स्योहारा निवासी स्व. खुर्शीद अहमद की पुत्री से हुई थी। शादी के बाद वह पत्नी की जिद पर अपने परिवार से अलग होकर किराए के मकान में रहने लगा। शादी के बाद उसे पता चला कि उसकी पत्नी का चरित्र ठीक नहीं है। वह शराब, सिगरेट आदि का सेवन करती है। ऐसा करने से मना किया तो वह उसके साथ झगड़ा करने लगी और उसे जान से मारने की कोशिश में लग गई। आरोप है कि 29 अप्रैल 2024 की रात को पत्नी ने दूध में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। जब वह बदहवास हो गया तो उसने हाथ-पैर बांधकर उसे जान से मारने की नीयत से उसका गला दबाया। जलती सिगरेट से उसके शरीर को कई जगहों पर दागा। इतना ही नहीं चाकू से उसका प्राइवेट पार्ट काटने का प्रयास किया। यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। युवक का कहना है कि पत्नी उसे कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दे रही है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपी पत्नी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए कर्रवाई की गुहार लगाई है।

> तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। —धर्म सिंह मार्छाल, एसपी पूर्वी

# कपाट खुलने पर होगी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से वर्चुअली बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम के 300 सेवादारों की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि धामों के कपाट जिस दिन खुलेंगे, उस दिन वहां हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री धामी ने टीम लीडर हिमांशु जोशी समेत टीम में शामिल युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगामी 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है, इस यात्रा का एक बहुत बड़ा उत्सव उत्तराखंड के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए होता है। इस अवसर पर सभी अलग-अलग ढंग से पुण्य पाना चाहते हैं, इस पुण्य में भंडारे का अलग ही महत्व है। पिछले वर्ष हुए मुख्य सेवक के भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

उन्होंने कहा कि जिस दिन धामों के कपाट खुलेंगे, उस दिन हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी।

# राहुल गांधी ने बताया सफेद टी-शर्ट पहने का राज

नयी दिल्ली, एजेंसी



- सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में बताई खास बातें

राहुल गांधी हमेशा ही सफेद टी-शर्ट क्यों पहनते हैं? कांग्रेस नेता के पास इसकी एक नहीं, बल्कि दो वजह हैं-यह पारदर्शिता और सादगी का संदेश देती है। राहुल, कांग्रेस के सोशल मीडिया चैनलों द्वारा जारी दो मिनट से अधिक के एक वीडियो में इस तरह के हल्के-फुल्के सवालों का जवाब देते देखे जा सकते हैं।

कर्नाटक में प्रचार का एक दिन। कुछ हल्के-फुल्के सवाल और कुछ बहुत शानदार जवाब शीर्षक वाले वीडियो में राहुल ने विचारधारा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये हैं। उन्होंने कहा कि मेरे विचार से, विचारधारा की स्पष्ट समझ के बिना आप एक बड़े संगठन के रूप में सत्ता की ओर नहीं बढ़ सकते। हमें लोगों को अपनी विचारधारा को समझाना होगा जो गरीब समर्थक और महिला समर्थक है तथा सभी के साथ समान व्यवहार करने का समर्थन करती है। राहुल ने कहा 'इसलिए संगठनात्मक स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर लड़ाई हमेशा से विचारधारा को लेकर रही है।' कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के समय से सफेद टी-शर्ट राहुल की विशेष वेशभूषा रही है। यह पूछे जाने पर कि वह हमेशा इसे क्यों पहनते हैं, राहुल ने कहा कि पारदर्शिता और सादगी...और मैं कपड़ों के बारे में ज्यादा परवाह नहीं करता। मैं इसे साधारण रखना चाहता हूं। चुनाव प्रचार के सर्वश्रेष्ठ क्षणों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जब यह समाप्त होता है! राहुल ने कहा कि वह 70 दिनों तक सड़क पर थे, जिसकी शुरूआत भारत जोड़ो यात्रा से हुई थी। उन्होंने इस बारे में स्पष्ट किया कि यह प्रचार अभियान नहीं था बल्कि यह कहीं अधिक कठिन कार्य था। उन्होंने वीडियो में कहा कि वह चुनाव प्रचार के दौरान भाषण देना पसंद करते हैं क्योंकि यह लोगों को इस बारे में सोचने के लिए प्रेरित करता है कि देश को किस चीज की जरूरत है। वीडियो में, राहुल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से पूछा कि चुनाव प्रचार में उन्हें क्या पसंद या नापसंद है। खरगे ने कहा कि कुछ भी बुरा नहीं है। यह अच्छा है क्योंकि हम देश के लिए यह कर रहे हैं। जो लोग देश को बर्बाद कर रहे हैं, उन्हें जब हम रोकने का काम करते हैं तो हमें अच्छा लगता है। कम से कम, हम देश के लिए कुछ तो कर रहे हैं।

## वर्ग पहेली-61

**बाएं से दाएं**

1\. 1. कटाक्ष, उक्ति, वाक्य, जुमला 2. किसी उद्देश्य का विधान करने वाला पदसमूह, कथन 3. व्यंग्यपूर्ण बात 4. धोखा

2\. 1. निडर, निर्भय 2. जिसे ख़ौफ़ या भय न हो।

5\. 1. किसी विषय का पूरा विवरण सोद्देश्य लिखना या दर्ज़ करना, दस्तावेज़ीकरण, (रिकॉर्डिंग) 2. किसी चीज़ पर खोदने या उत्कीर्ण करने का कार्य।

6\. तांगा, एक प्रकार की सवारी जिसको घोड़े खींचते हैं, टम-टम, इक्का।


7\. मैना जाति की एक चिड़िया

**ऊपर से नीचे**

3\. फ़कीरों जैसा, फ़कीरों की तरह।

4\. (बाग) जहां लाखों की संख्या में वृक्ष हों, वृक्ष संपत्ति से समृद्ध।

5\. 1. पारसी जाति वालों में पाप और अंधकार का देवता 2. शैतान।





**वर्ग पहेली -60 का हल**





## सुडोकू -140

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | | 7 | 5 | | | | | 4 |
| | | 9 | | 2 | | 8 | | |
| 4 | | | | | | 7 | | 8 |
| | | | 3 | | 7 | | | |
| 5 | | 8 | | | | | | 2 |
| | | 4 | | 6 | | 3 | | |
| 8 | | 3 | | | 9 | 4 | | 6 |
| | 1 | | | | | 9 | 8 | |

**सुडोकू -139 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मई सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 14.40 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**आज का पंचांग**





दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 17.43 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** — आज अचानक लाभ की आशा करेंगे तो निराश होना पड़ेगा। शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ सकता है। लोग स्वार्थ की भावना से आपको धोखा दे सकते हैं। आपको कानूनी विवादों में उलझना पड़ सकता है। मेहनत का संतोषजनक परिणाम प्राप्त होगा।

**वृष** — आज सामाजिक गतिविधियों में आप व्यस्त होने वाले हैं। संतान के सहयोग से लाभ मिलेगा। आर्थिक रूप से सक्षम रहेंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध मिल सकते हैं। मीडिया और लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन** — आज आय और व्यय में उचित समन्वय बना रहेगा। शोध कार्यों के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। आत्म निरीक्षण के लिए दिन उत्तम है। जॉब में आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। घर के सदस्यों के बीच वैचारिक सामंजस्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कर्क** — आज अधिकारियों की बातों का बुरा न मानें। बच्चों की गतिविधियों के कारण शर्मिंदा होना पड़ सकता है। कार्यशैली में कुछ बदलाव ला सकते हैं। नया व्यापार शुरू करने में आसानी होगी। किसी पर भी अत्यधिक विश्वास न करें। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**सिंह** — आज पति-पत्नी के बीच अहम में टकराव हो सकता है। तनाव का नकारात्मक असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय सावधानी रखें। प्रेम संबंधों में थोड़ी प्रतिकूलता रहेगी। अनजान लोगों से विवाद न करें।

**कन्या** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जॉब में आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएंगे। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करेंगे। रुका हुआ सरकारी काम हल हो सकता है। पारिवारिक मामलों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटा लें।

**तुला** — आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। तनाव की वजह से शरीर में शिथिलता रहेगी। अधिकारियों के विभाग में परिवर्तन हो सकता है। अनैतिक कार्यों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। उच्चाधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज दांपत्य जीवन में परस्पर सम्मान बनाए रखें। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। शेयर मार्केट से धन लाभ होने के प्रबल योग बन रहे हैं।

**धनु** — आज सहयोगी आपके काम में टोका-टाकी न करें इसका ध्यान रखें। घर में धार्मिक गतिविधियां हो सकती हैं। स्वभाव में गुस्सा और चिड़चिड़ापन हो सकता है। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद उठाएंगे।

**मकर** — आज छोटे बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। उलझनों के बावजूद सभी काम के अनुसार ही पूर्ण होंगे। दोस्तों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। यदि आप किसी इंटरव्यू में बैठ रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है।

**कुंभ** — आज छोटी सी गलती बड़ी समस्या का कारण बन सकती है। कर्मचारियों के बीच टकराव होने की आशंका है। मानसिक दुविधाओं को दूर करने में सफल रहेंगे। आपकी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पाएंगे।

**मीन** — आज अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग करेंगे। काम के प्रति समर्पण होने से आपको सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। मित्रों की जरूरतों का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कीमत — सुबह : 09.55
- जान से प्यारा — रात : 07.00

SONY PIX
- द डार्क नाईट राइजेस — सुबह : 10.24
- 2012 — रात : 08.05

&pictures
- लिंगा — सुबह : 11.25
- पुलिस पावर — शाम : 05.05

ZEE CINEMA
- शहंशाह — सुबह : 09.50
- जानवर — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- ज़ोंबी रेड्डी — सुबह : 11.08
- चेन्नई एक्सप्रेस — शाम : 06.24

**आज की सुपरहिट फिल्म**





एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति ने पत्नी का फोन काटते हुए कहा-मैं मीटिंग में हूं,बाद में बात करता हूं।
थोड़ी देर बाद पड़ोसन का फोन आया।
पड़ोसन-क्या आप फ्री हैं,आपको डिस्टर्ब तो नहीं किया।
पति-अरे नहीं, आप हुकुम कीजिए।
पड़ोसन-मुझे कोई काम नहीं है,आपकी पत्नी को कुछ बात करनी है,लो बात करो।
पत्नी-शाम को घर आना तो आयोडेक्स लेते आना।

टीचर- बहुवचन किसे कहते हैं?
छात्र-जब बहू अपने ससुराल वालों को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहुवचन कहते हैं।
अध्यापक जी बेहोश होते-होते बचे।



# चुनावी चक्कर

**जब इंदिरा ने विपक्षी उम्मीदवार का कराया नामांकन :**

चुनावों का एक दौर ऐसा भी था जब कुछ उम्मीदवार कई सीट से एक साथ और बार-बार लोकसभा व विधानसभा चुनाव लड़ने और हारने के लिए देश भर में प्रसिद्ध थे। इस सूची में ग्वालियर के मदन लाल धरती पकड़, कानपुर के भगवती प्रसाद दीक्षित घोड़े वाला और बरेली के काका जोगिंदर सिंह की प्रसिद्धी किसी लोकप्रिय राजनेता से कम नहीं थी। ये तीनों विधानसभा और लोकसभा ही नहीं राष्ट्रपति तक के चुनाव में ताल ठोकते और हारते थे। एक साथ कई सीटों से नामांकन करते थे। मदन लाल धरती पकड़ ने तो ग्वालियर में माधवराव सिंधिया के खिलाफ कई बार चुनाव लड़ा। दरअसल, घोडे पर चलने वाले कानपुर के भगवती प्रसाद दीक्षित रायबरेली से कई बार इंदिरा गांधी के खिलाफ चुनाव लडे। उन्होंने अपने जीवन में लगभग 300 बार चुनाव लड़ा। ऐसे में इंदिरा गांधी भी उन्हें अच्छी तरह जानने-पहचानने लगीं। एक बार जब रायबरेली से भगवती प्रसाद दीक्षित ने लोकसभा चुनाव में नामांकन नहीं किया तो इंदिरा गांधी को भी आश्चर्य हुआ। वे कानपुर से चुनाव प्रचार करके सड़क मार्ग से जा रही थीं तभी भगवती प्रसाद रास्ते में मिल गए। उन्होंने अपनी कार रुकवाई और दीक्षित जी से पर्चा दाखिल न करने का कारण पूछा। दीक्षित जी ने इस बार जमानत राशि का जुगाड़ न हो पाने की मजबूरी बतायी। इसके बाद जो हुआ वो काफी दिलचस्प था। इंदिरा गांधी ने अपने पास से उन्हें 250 रुपए देते हुए कहा कि वे उनके मुकाबले मैदान में नहीं होंगे तो अच्छा नहीं लगेगा। दीक्षित जी ने इसके बाद रायबरेली से भी नामांकन दाखिल कर दिया था।

## बूथ अध्यक्षों के पसीने की एक एक बूंद से ही कमल खिलेगा

**लखनऊ :** लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख व जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बीते 10 वर्षों के कामों को जनता तक ले जाने और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बूथ अध्यक्षों के कंधों पर है। आप सभी बूथ अध्यक्षों के पसीने की एक-एक बूंद से ही कमल खिलेगा। उन्होंने यह बात रविवार को फूलपुर में बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कही।



स्वतंत्र देव सिंह

स्वतंत्र देव ने कहा कि जब भी हमारे देश में चुनावी शंखनाद होता है तब भाजपा के बूथ अध्यक्ष सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर लड़ाई लड़ते हैं और विजयी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि एक-एक मतदाता को बूथ तक पहुंचाकर बीते सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करने का समय आ गया है। वहीं दुसरी ओर वाराणसी में भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को मछली शहर लोकसभा के पिंडारा विधानसभा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में सहभागिता की।

# उत्तराधिकार को लेकर अंसारी परिवार में दरार

## उमर कर रहे थे चुनाव की तैयारी अफजाल ने बेटी को किया आगे

## सुनियोजित तरीके से नुसरत गई थीं मंदिर फिर वायरल कराया वीडियो

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** गाजीपुर लोकसभा सीट से अफजाल अंसारी चुनाव लड़ पाएंगे अथवा नहीं यह फैसला 13 मई को हाईकोर्ट के निर्णय के बाद होना है। लेकिन अफजाल ने सजा की आहट को भांपते हुए वैकल्पिक रूप से अपनी बेटी को बिना पारिवारिक सलाह के मैदान में उतार दिया है।

वहीं दूसरी ओर मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी स्वयं मैदान में उतरने की ख्वाहिश में थे, लेकिन नुसरत के अचानक मैदान में उतरने से परिवार के अंदर ही राजनीति शुरू हो गई है। पुख्ता सूत्रों के मुताबिक उमर को अफजाल का लड़ना तो स्वीकार है, लेकिन उनकी अनुपस्थित में वह स्वयं अंसारी परिवार के राजनैतिक उत्तराधिकारी बनना चाहते हैं। अब ऐसे में नुसरत के अचानक मैदान में उतरने से अंसारी परिवार में ही दरार पड़ गई है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट को तीन मई को ही अफजाल अंसारी के भविष्य पर फैसला करना था। इसीलिए अफजाल अंसारी ने तीन मई से पहले ही अपनी बेटी नुसरत को उतार दिया था। बताया जा रहा है कि नुसरत अंसारी सिर्फ एक मंदिर में जाकर दर्शन नहीं किया बल्कि उस दिन कई मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन किए। इस वीडियो को जानबूझकर अफजाल अंसारी कैंप से ही वायरल कराया गया, ताकि सजा से पहले ही अफजाल का उत्तराधिकारी घोषित हो जाए। इसी बीच हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 13 मई कर दी।

उधर, मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे इस विचार में थे कि अगर अफजाल अंसारी को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया जाता है तो वही अंसारी परिवार के राजनैतिक उत्तराधिकारी बनेंगे। संभवतः उन्हें यह नहीं पता था कि नुसरत के प्रत्याशी बनने की घोषणा अचानक कर दी जाएगी। अब यह दरार अंसारी परिवार में धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। उमर अंसारी कैंप के कुछ लोगों ने बताया कि परिवार में ही बगावत की स्थित आ गई है। उधर, इंडी गठबंधन उम्मीदवारी को लेकर नजर गड़ाए हुए है। इसी बीच गाजीपुर से भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय ने इस दरार को मीडिया के सामने रखकर आग में घी डाल दिया है।

अंसारी परिवार में दरार की भनक भाजपा को भी लग चुकी है, ऐसे में भाजपा के रणनीतिकार अंसारी परिवार की प्रत्येक गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। खासबात ये है कि उमर अंसारी की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।







## अपनी ढपली अपना राग



सपा पीडीए की बात करती है लेकिन पिछड़ों-दलितों के मान सम्मान के संरक्षण के लिए काम करने वाले मोदी जी से नफ़रत करती हैं। - भूपेन्द्र चौधरी



भाजपा कैसे परिवारवाद पर सवाल कर सकती है? परिवार का कोई सदस्य इलेक्शन में जाता है, तब जनता डिसाइड करती है कि उसे चुनना है या नहीं। - डिंपल यादव



हमारी पार्टी को सिर्फ वादों की नहीं, कर्मों की भी पहचान है, सोच ईमानदार, काम दमदार, लखनऊ बोले 5 लाख पार। - नीरज सिंह



गांधी परिवार की नौकरी नहीं कर रहा। मैं शुद्ध रूप से नेता हूं। स्मृति ईरानी को भी हराऊंगा। -किशोरी लाल शर्मा


# सपा की प्रतिष्ठा से जुड़ीं सीटों पर मायावती ने उतारे मुस्लिम प्रत्याशी

## सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले से भाजपा समेत अन्य दल उलझे

पद्माकर पाण्डेय ,लखनऊ

**अमृत विचार:** बदायूं लोकसभा सीट पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव के खिलाफ बसपा ने मुस्लिम खां को टिकट दिया है। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव के खिलाफ चौधरी बशीर को चुनाव मैदान में उतारा है। यहीं नहीं, आजमगढ़ लोकसभा सीट से साहीबा अंसारी को बदलकर मशहूद अहमद को उतारा है, सपा के धर्मेन्द्र यादव को कड़ी टक्कर देने के लिए सीट पर तीसरी बार प्रत्याशी बदला है।

इसी तरह तमाम लोकसभा सीटें हैं जिन पर अखिलेश यादव के परिवार से या सपा की प्रतिष्ठा से जुड़ी हैं, बसपा ने करीब 20 मुस्लिम प्रत्याशियों को उतारकर सपा के लिए चुनौती खड़ी की है। इसे सपा के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी के रूप में देखा जा रहा है। इसके लिए बसपा को किसी किसी सीट पर तो दो से तीन बार प्रत्याशी बदलने पड़े हैं।



एकला चलो की रणनीति पर चुनाव लड़ने वाली बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा से न केवल भाजपा के लिए चुनौती पेश की है, बल्कि इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल सपा की मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। गत लोकसभा चुनाव 2019 में मात्र छह मुस्लिम प्रत्याशी उतारने वाली बसपा ने इस चुनाव में मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर सपा की हाई प्रोफाइल सीटों पर त्रिकोणिय मुकाबला बना दिया है। गत लोकसभा चुनाव में बसपा के 10 सांसदों में तीन मुस्लिम प्रत्याशियों ने जीत भी दर्ज की थी। पिछले इतिहास को दोहराने के लिए इस बार भी मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर दांव चला है।

मुस्लिम प्रत्याशियों पर केन्द्रीय सीटों की बात करे तो रामपुर में 50.10 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं, वहीं मुरादाबाद में 45.50 फीसदी, बिजनौर में 41.7 फीसदी, सहारनपुर में 39.1 प्रतिशत और मुजफ्फर नगर में 38.1 प्रतिशत आबादी है। इसी तरह बसपा ने अधिकांश उन सभी सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी दिये हैं, जहां मुस्लिम मतदाताओं के पक्ष में आने से सीट के परिणाम बदल सकते हैं।

दूसरी तरफ पार्टी की चुनावी सभाओं में बसपा सुप्रीमो मायावती और नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, बताते भी हैं कि मुस्लिमो की बात तो अन्य दल भी करते हैं, मगर किसी भी दल ने सरकार में रहते हुए मुस्लिमों के लिए कुछ अलग से नहीं किया है, केवल बसपा ही है जो कहने के साथ करती भी है। मुस्लिमों को पार्टी में बहुत सम्मान है।

वहीं दूसरी ओर बसपा ने कई लोक सभा क्षेत्रों में ऐसे प्रत्याशियों को टिकट दिया है जो कि सीधे तौर पर सपा के परंपरागत वोटों को काट सकते है, जिसका सीधा नुकासान इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को होगा और फायदा भाजपा प्रत्याशी को। ऐसे में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी और शीर्ष नेतृत्व बसपा की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि उन्हें कम से कम नुकसान हो।

### 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी'

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना है कि प्रदेश में बसपा दूसरे नंबर की पार्टी है, बीते लोकसभा चुनाव में बसपा के 10 सांसद थे, जबकि सपा के पास मात्र पांच ही थे। इस लिहाज से प्रदेश में बसपा ही भाजपा से मुकाबला कर रही है। मुस्लिम प्रत्याशियों को ज्यादा टिकट देने के संबन्ध में उनका कहना है कि बसपा में किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होता है। पार्टी, 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी' के सिद्धांत पर अमल करती है। पार्टी में मुस्लिम को सम्मान है उतना ही सवर्ण, ओबीसी व अनुसूचित वर्ग को मिला है। यहीं वजह है कि पार्टी ने सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला अपनाया है, करीब करीब सभी वर्गो को बराबर की हिस्सेदारी मिली है।

### ये हैं बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी

1-सहारनपुर- माजिद अली
2- मुरादाबाद से इरफान सैफी
3 -रामपुर से जीशान खां
4- संभल से शौलत अली
5 - अमरोहा से मुजाहिद हुसैन
6 -आंवला से आबिद अली
7-पीलीभीत से अनीस अहमद खां फूल बाबू
8- कन्नौज से इमरान बिन जफर
9- लखनऊ से सरवर मलिक
10- गोरखपुर - जावेद सिमनानी
11- एटा से मो .इरफान एडवोकेट
12- वाराणसी से अतहर जमाल
13- बदायूं से मुस्लिम खान
14- डुमरियागंज से मो . नदीम मिर्जा
15- फिरोजाबाद से - चौधरी बशीर
16- महाराजगंज से मो . मौसमे आलम
17- अंबेडकर नगर से कमर हयात अंसारी
18 - संत कबीर नगर से नदीम अशरफ
19- आजमगढ़ से मशहूद अहमद
20- श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन खान

# मतदान में बचे सिर्फ सात दिन, नहीं दिख रहा उत्साह

## सपा- भाजपा के प्रत्याशी पूर्व में रह चुके हैं सांसद, बसपा प्रत्याशी पर थी जनता की नजर

विरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचार:** हरदोई लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी बहुत पहले से ही घोषित थे। चुनाव नजदीक आते ही सपा ने भी अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया, लेकिन बसपा का प्रत्याशी सबसे देर में घोषित हुआ। लोग इस बात का अंदाजा लगा रहे थे कि शायद किसी रणनीति के तहत बसपा अपना प्रत्याशी देर में घोषित करे।

सपा, भाजपा के प्रत्याशी पूर्व में सांसद रह चुके हैं। इनसे क्षेत्र की जनता भली भांति परिचित थी, लोगों को उम्मीद थी कि शायद बसपा कोई जोरदार प्रत्याशी खड़ा करे। जनता भी बसपा के प्रत्याशी का इंतजार कर रही थी, क्योंकि अन्य दोनों दलों के प्रत्याशी का कार्यकाल कई बार जनता देख चुकी है। इसीलिए चुनाव में लोगों को कोई रुचि नहीं दिखी। उम्मीद थी कि बसपा का दमदार प्रत्याशीआने के बाद जनता भी अपना रुख चुनाव की ओर करेंगी, लेकिन बसपा ने जिसे प्रत्याशी को घोषित किया। उन्होंने जनता को और भी निराश कर दिया। नतीजतन चुनाव को मात्र सात दिन बचे हैं, लेकिन किसी के चुनाव के प्रति कोई उत्साह नहीं है।

गौरतलब हो कि भाजपा ने यहां कई बार सांसद रहे वर्तमान सांसद जयप्रकाश को अपना प्रत्याशी बनाया। सबसे पहले भाजपा ने ही अपना प्रत्याशी घोषित किया। हालांकि इससे पूर्व कई महीनों से जयप्रकाश सक्रिय थे। उनका टिकट लगभग फाइनल माना जा रहा था। जयप्रकाश कई बार यहां सांसद रह चुके हैं। चुनाव के बाद अधिकांश वह जिले से दूरी ही बनाए रखते हैं। हरदोई के अलावा उन्नाव जिला भी उनका राजनैतिक क्षेत्र है। उनकी पत्नी वहां जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। जब हरदोई की जनता ने महत्व नहीं देती है, तब वह उन्नाव में जाकर राजनीतिक करने लगते हैं। हालांकि जनता ने उन्हें कई बार यहां से मौका दिया, लेकिन चुनाव के बाद वह कभी भी जनता के अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। 1991 में वह यहां से लोकसभा पहुंचे, उसके बाद 1996 में सांसद बने। 1999 में भी वह यहां से सांसद रहे। वर्तमान में भी वह यहां से सांसद है। लगभग 33 साल से वह हरदोई में राजनीति कर रहे हैं, लेकिन जनता का जुड़ाव उनसे कभी भी नहीं रह पाया। हैं। उनकी कार्यप्रणाली से जनता अच्छी तरह वाकिब है, इसलिए जनता का कोई विशेष झुकाव उनकी ओर नहीं है। यहां के लोग सिर्फ पार्टी को ही वोट करेंगे। लगभग यही स्थिति सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा की भी है। वह कई बार सांसद रहीं।

प्रदेश सरकार ने भी वह मंत्री रहीं, लेकिन न तो उन्होंने कभी जनता से विशेष जुड़ाव किया और न ही जिले को कोई विशेष सौगात दिला पाईं। वह हरदोई की जनता के लिए नई नहीं हैं, उनके ससुर परमाई लाल प्रदेश सरकार में मंत्री रहे। सास जदुरानी विधायक रहीं। उनकी ननद अनीता वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष रहीं। जेठानी राजेश्वरी देवी भी विधायक रहीं। यह सब परमाई लाल के जनता के स्नेह व उनके कार्यों की वजह से भिन्न पदों पर सुशोभित रहे, लेकिन जनता का जुड़ाव परमाई लाल के बाद इनके परिवार के किसी सदस्य से नहीं हो पा रहा। आज भी लोग परमाई लाल की वजह से उनके परिवार वालों को वोट करते हैं। ऊषा वर्मा से यहां की जनता भली भांति परिचित है, इसलिए जनता उनकी ओर भी विशेष उत्साहित नहीं है। सपा के परंपरागत वोट व परमाई लाल के वोट के अलावा ऊषा वर्मा का खुद का कोई वोट बैंक नहीं है, जबकि वह कई बार सांसद व मंत्री भी रहीं। ऊषा वर्मा को लेकर भी कोई उत्साहित नहीं है।

इस चुनाव में लोग 33 साल से इन चेहरों को देखकर बदलाव का मन बना रहे थे, उन्हें उम्मीद बसपा से थी कि बसपा कोई नया प्रत्याशी लाएगी, जो सक्रिय होगा। जनता बड़ी उम्मीदों से बसपा की ओर देख रही थी, जब तक बसपा का प्रत्याशी नहीं घोषित हुआ, तब तक सपा व भाजपा के प्रत्याशी व उनके समर्थक भी चिंतित थे, उन्हें डर था कि कोई दमदार प्रत्याशी न आ जाए। लोग से बसपा की रणनीति बता रहे थे। बसपा का टिकट घोषित होने से पहले कई नामों की चर्चा हो रही थी। अगर उन नामों में से किसी को टिकट मिलता तो शायद चुनाव का स्वरूप दूसरा होता, लेकिन बसपा ने दूसरे जिले के भीमराव अंबेडकर को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। चुनाव को अब सात दिन शेष बचे हैं। नामांकन से लेकर अब तक बसपा प्रत्याशी की ओर जनता का कोई झुकाव नहीं हुआ। बसपा के प्रत्याशी ने भी जनता को निराश किया। यही वजह है कि जिले में कहीं पर भी चुनाव का कोई माहौल नहीं दिखाई पड़ रहा है।

### हार-जीत को लेकर कोई चर्चा नहीं


इस बार के चुनाव में जनता के बीच कोई न चर्चा है और न ही किसी प्रत्याशी को लेकर हार-जीत को लेकर अटकल लगाई जा रही है। चुनाव सिर्फ भाजपा और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के बीच सिमट कर रह गया है। चुनाव में जनता की बेरुखी भांप प्रशासन चिंतित है। यही वजह है कि लगातार स्वीप कार्यक्रमों के तहत मतदान की अपील गांव से लेकर शहर तक की जा रही है। अब देखना है कि 13 मई को जनता चुनाव में कितना रुचि दिखाती है।

### भाजपा हैट्रिक लगाने की जुगत में

भाजपा 2014 और 2019 में यहां से लोकसभा चुनाव जीत चुकी है और 2024 में हैट्रिक लगाने के लिए जुगत लगा रही है, 2014 के चुनाव में मोदी लहर में हरदोई सीट भी भाजपा के खाते में आ गई, भाजपा के उम्मीदवार अंशुल वर्मा ने शानदार जीत हासिल करते हुए 81,343 मतों के अंतर से बसपा के शिव प्रसाद वर्मा को हरा दिया। हालांकि 2019 के चुनाव में बीजेपी ने अंशुल वर्मा का टिकट काट दिया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में हरदोई सदर सीट पर भाजपा के उम्मीदवार जय प्रकाश रावत और समाजवादी पार्टी की उषा वर्मा के बीच चुनावी मुकाबला हुआ, जिसमें बीजेपी के प्रत्याशी को जीत मिली, जय प्रकाश रावत के खाते में 568,143 वोट आए तो ऊषा वर्मा को 435,669 वोट ही मिले, ऐसे में जय प्रकाश ने 1,32,474 मतों के अंतर से चुनाव जीत गए और सांसद चुन लिए गए।

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा


| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | जय प्रकाश रावत | 5,68,143 |
| सपा | उषा वर्मा | 4,35,669 |
| कांग्रेस | वीरेन्द्र कुमार | 19,972 |




2019 नोटा 11,024

### 2014 चुनाव का लेखा जोखा

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अंशुल वर्मा | 3,60,501 |
| बसपा | शिव प्रसाद | 2,79,158 |
| सपा | उषा वर्मा | 2,76,543 |
| कांग्रेस | सर्वेश कुमार | 23,298 |




2014 नोटा 7,660

## इलेक्शन बायस्कोप




बड़े लोगों के बड़े अभियानों में जब बच्चे उत्साहित करने के लिए आगे आते हैं तो उनसे सभी का प्रेरित होना स्वाभाविक है। फिर, अभियान लोकसभा चुनाव जैसा हो तो मतदान के प्रति बच्चों के जागरुकता अभियान से कौन भला नहीं आकर्षित होगा। कुछ इसी कवायद में लखनऊ के ऐशबाग टरेहटा स्थित नया शिव मंदिर में बच्चों संग मतदाता जागरुकता अभियान चलाते आदिज्योति सेवा समिति के सदस्य। -अमृत विचार

# 47 वर्षों में चौथी बार चुनावी मैदान में नहीं उतरा गांधी परिवार


## राजीव गांधी की मृत्यु के बाद 1991 1996 व 1998 में नहीं लड़ा चुनाव


नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार:** देश की सबसे चर्चित सीट अमेठी में गांधी परिवार के पदार्पण के बाद ये चौथा चुनाव है जब गांधी परिवार से कोई प्रत्याशी चुनावी मैदान में नहीं उतरा है। इसके पहले राजीव गांधी की मौत के बाद 1991, 1996 व 1998 के चुनाव में गांधी परिवार के करीबी सतीश शर्मा चुनाव लड़ चुके हैं। राहुल गांधी के रायबरेली जाने से ये चौथा चुनाव है जब अमेठी में गांधी परिवार से अलग कोई प्रत्याशी चुनाव लड़ने जा रहा है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी कांग्रेस का गढ़ मानी जाती रही है। अमेठी में 47 वर्षों तक कांग्रेस का सांसद रहा है जिसमें 31 वर्षों तक सिर्फ गांधी परिवार ने प्रतिनिधित्व किया है। 1977 के चुनाव में संजय गांधी के आने पर अमेठी से गांधी परिवार के रिश्ते की शुरुआत हुई थी। 1977 के चुनाव में उन्हें हार मिली लेकिन 1980 में वे जीतने में कामयाब रहे। उनकी विमान दुर्घटना में मौत के बाद 1981 से 1991 तक राजीव गांधी ने लगातार चार बार चुनाव जीता। लेकिन 1991 में 20 मई को मतदान के बाद 21 मई को राजीव गांधी की तमिलनाडु में हत्या कर दी गई।

सोनिया गांधी के राजनीति में आने से इंकार करने से 1977 में अमेठी पदार्पण के बाद ये पहला मौका था जब गांधी परिवार से अलग राजीव गांधी के करीबी सतीश शर्मा को 1991 के उपचुनाव में उतारा गया था। वे 1991 का चुनाव जीतने में सफल भी रहे। 1996 व 1998 में भी गांधी परिवार से किसी ने चुनाव नहीं लड़ा। सतीश शर्मा ने 1996 में भी विजय पताका फहराई लेकिन 1998 में उन्हें भाजपा के संजय सिंह से पराजय का सामना करना पड़ा था। करीब 08 वर्षो के ब्रेक के बाद 1999 के चुनाव में गांधी परिवार से सोनिया गांधी का अमेठी आगमन हुआ। 1999 में जहां सोनिया गांधी को बड़ी जीत मिली वहीं उनके रायबरेली जाने के बाद अमेठी आए राहुल गांधी ने 2004, 2009 व 2014 में जीत दर्ज कर हैट्रिक भी लगाई लेकिन 2019 में उन्हें भाजपा की स्मृति इरानी से पराजय का सामना करना पड़ा।





वायनाड का चुनाव संपन्न होने के बाद राहुल गांधी के अमेठी आने के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन नामांकन के अंतिम दिन किशोरी लाल शर्मा को टिकट मिलने से ये चौथा चुनाव है जब अमेठी की चुनावी रणभूमि में गांधी परिवार नहीं उतरा है।

### गांधी परिवार के करीबी रहे हैं दोनों प्रत्याशी

1991, 1996 व 1998 के चुनाव में गांधी परिवार से अलग चुनावी मैदान में उतरे सतीश शर्मा हो या 2024 में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा। दोनों ही गांधी परिवार के काफी करीबी रहे हैं। किशोरी लाल शर्मा अभी तक सोनिया गांधी के प्रतिनिधि रहे हैं। किशोरी लाल शर्मा ने हालांकि इसके पहले कोई चुनाव नहीं लड़ा है लेकिन उन्हें गांधी परिवार को अमेठी और रायबरेली में चुनाव लड़ाने के लिए मजबूत रणनीति बनाने का काफी अनुभव है।

# वोट की लड़ाई अब आरक्षण पर आई

**चुनावी मुद्दे की पड़ताल**

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा के 400 पार नारे के बाद सुलगी चिंगारी ने चुनावी अभियान में दोनों तरफ बयानबाजी की जबर्दस्त आग लगाई
- इंडिया गठबंधन के नेता चुनावी रैलियों में भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के लगातार लगा रहे आरोप
- पीएम मोदी ने कांग्रेस से लिखित गारंटी तक मांगी कि संविधान बदलकर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देगी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मतदान के साथ इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता है कि वोटों की लड़ाई संविधान के रास्ते से होती हुई आरक्षण के मुद्दे पर टिकती नजर आ रही है। भाजपा के 400 पार नारे के बाद विपक्ष की तरफ से सुलगाई गई इस चिंगारी ने धीरे-धीरे दोनों तरफ बयानबाजी की ऐसी आग लगा दी है कि शायद ही कोई दिन होगा जब सत्तापक्ष और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों की ओर से आरक्षण पर बयान नहीं दिया जा रहा हो। आरक्षण पहले भी कई चुनावों में अहम मुद्दा बनता रहा है। सभी पार्टियां इस मुद्दे पर राजनीतिक रोटियां सेकती रही हैं। चुनाव चाहे विधान सभा का रहा हो या लोकसभा का। इस मुद्दे पर सत्ताधारी और विपक्षी दल आमने-सामने होते रहे हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जिस तरह इस बार भाजपा और कांग्रेस के साथ सपा, राजद और बसपा जैसे दल साल 2024 के चुनाव में आरक्षण को लेकर आर-पार के मूड में दिख रहे हैं, उससे आरक्षण कहीं सबसे बड़ा मुद्दा बनने की तरफ तो नहीं बढ़ रहा है। अब जनता के वोट इस मुद्दे पर पड़ेंगे या नहीं, या कितने और कहां पड़ेंगे, इस बारे में तो कोई भी पक्के यकीन से कुछ नहीं सकता, लेकिन इतना साफ है कि विपक्ष को आरक्षण के दांव से भाजपा पर हमला करने का एक बड़ा हथियार हाथ लग गया है, जबकि भाजपा इस मुद्दे के चलते 2019 के चुनाव में हाथ आया दलित और अति पिछड़ा वोट बैंक आसानी से निकलने नहीं जाने देना चाहती है।

## दोनों गठबंधन आरक्षण समर्थक तीर चुनावी, निशाना वोट बैंक

देश में लोकसभा चुनाव के समय वोट लेने के लिए दोनों प्रमुख गठबंधनों की तरफ से तमाम बातें और मुद्दे उछाले जा रहे हैं, लेकिन संविधान से छेड़छाड़ और आरक्षण हटाने को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का तो जैसे हंगामा सा बरपा है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दल यह आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब का बनाया संविधान और लोगों के पास से वोट की ताकत खत्म करना चाहती है। वह दलित, पिछड़े और शोषित समाज से आरक्षण का अधिकार छीनना चाहती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, आप नेता संजय सिंह जैसे तमाम नेताओं ने पिछले एक पखवाड़े में ऐसे तमाम बयान या चुनावी सभाओं में भाषण दिए हैं, कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में आरक्षण खत्म करने का मन बना रही है। राहुल गांधी अपनी रैलियों में लगातार भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर संविधान और आरक्षण को लेकर निशाना साध रहे हैं। इसी कारण संघ प्रमुख मोहन भागवत को आगे आकर कहना पड़ा है कि उनका संगठन आरक्षण का पूरी तरह समर्थन करता है। मुद्दे को बढ़ता देखकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह को बार-बार यह कहने के लिए बाध्य होना पड़ा है कि देश में कोई भी सरकार आ जाए आरक्षण नहीं खत्म कर सकती है। भाजपा यह उदाहरण भी दे रही है कि प्रमोशन में आरक्षण खत्म करने के कोर्ट के आदेश के खिलाफ भाजपा ने ही कानून बनाया है, वह भी तब जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल कई दलों ने इसका विरोध किया था। प्रधानमंत्री अपनी चुनावी सभाओं में कई बार कर्नाटक का उदाहरण दे चुके हैं कि किस तरह वहां मुसलमानों को ओबीसी का आरक्षण देने के लिए पिछड़ों का हक मारा गया है। बात आगे निकलने पर उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों से इस बात की लिखित गारंटी तक मांगी है कि वे सत्ता में आने पर संविधान बदलकर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे। मोदी चुनावी रैलियों में बार-बार यह बात दोहरा रहे हैं कि कांग्रेस आरक्षण पर डाका डालकर उसे मुसलमानों को देने जा रही है।



### फेक वीडियो, फ़र्ज़ी प्रचार, ध्रुवीकरण भी बना हथियार

- आरक्षण को लेकर वोट हथियाने की चुनावी लड़ाई में मामला इतना बिगड़ा कि गृहमंत्री अमित शाह का फेक वीडियो तक जारी कर दिया गया। मामला इतना संवेदनशील है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ फर्जी वीडियो जारी करने का मामला दर्ज हो गया। अमित शाह को सामने आकर कहना पड़ा कि सबसे पहले कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को रिजर्वेशन दिया, उसकी वजह से ओबीसी का आरक्षण कटा। इसके बाद कर्नाटक में सभी मुसलमानों को चार प्रतिशत का कोटा रिजर्व कर दिया, इससे भी ओबीसी का आरक्षण कटा है। कांग्रेस की हताशा और निराशा यहां तक पहुंच गई है कि उन्होंने मेरा और कुछ भाजपा नेताओं का फेक वीडियो बनाकर फॉरवर्ड करने का काम किया है।

### वोट हथियाने की चुनावी चाल ज्यादा

- विपक्ष के आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने के मुद्दों में भले ही कोई सच्चाई नहीं हो, यह चुनावी चाल देश की बड़ी आबादी को गुमराह करके उनके वोट हथियाने के लिए चली गई हो, लेकिन भाजपा को जिस तरह इस मुद्दे पर में सफाई देने पड़ रही है, उससे यही नजर आ रहा है कि इंडिया गठबंधन इस मुद्दे पर उसे घेरने में सफल रहा है।

### कर्नाटक में पिछड़ा वर्ग के अधिकार मुस्लिमों में बांटे

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर यह कह रहे हैं कि कांग्रेस दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के आरक्षण में मुस्लिमों को हिस्सा देना चाहती है तो बात बेवजह भी नहीं है। कांग्रेस अगर पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देती तो बात समझ में आती। कांग्रेस ने तो कर्नाटक में सभी मुस्लिमों को ओबीसी में डाल दिया। इस बारे में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का कहना है कि मुसलमानों को ओबीसी के दायरे में लाकर सरकारी नौकरियों और शैक्षिक संस्थानों में आरक्षण देना वास्तविक पिछड़ी जातियों के साथ नाइंसाफी है। कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों की सभी 37 जातियों को आरक्षण का लाभ देने के लिए अल्पसंख्यक अन्य पिछड़ा वर्ग की नई श्रेणी बनाई और उन्हें ओबीसी में शामिल कर लिया।

### भाजपा का कहना कांग्रेस शुरू से आरक्षण के खिलाफ

- भाजपा का कहना है कि कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण की विरोधी रही है। आजादी के बाद संविधान निर्माताओं ने अनुसूचित जाति-जन जाति के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था। लेकिन कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को यह पसंद नहीं था। उन्होंने मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था कि उन्हें आरक्षण की व्यवस्था पसंद नहीं है। लेकिन आज राहुल गांधी अपने नाना की विचारधारा के उलट वादा कर रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो वे जाति सर्वेक्षण कराएंगे। जिसकी जितनी आबादी निकलेगी, उसे उस हिसाब से आरक्षण का लाभ देंगे।

### पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कांग्रेस ने की थी आनाकानी

- भाजपा नेता कांग्रेस के समय में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने के लिए बने काका कालेलकर मंडल आयोग का जिक्र करते हुए कह रहे हैं कि दोनों आयोगों ने रिपोर्ट दी लेकिन केंद्र की कांग्रेस सरकार ने उसे रद्दी की टोकरी के हवाले कर दिया। वीपी सिंह जब प्रधानमंत्री बने तो 1990 में उन्होंने मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। इसलिए राहुल गांधी या कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया अलायंस अगर अपने को आरक्षण समर्थक और भाजपा को आरक्षण विरोधी साबित करना चाहता है, तो यह बात बेमानी है। यही नहीं, 2014 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद ही लंबित पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक स्वरूप प्रदान किया गया।



मतदाताओं से संवाद करतीं गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो उम्मीदवार कल्पना सोरेन। अमृत विचार

# गांडेय सीट पर जीतेंगी कल्पना या दिलीप वर्मा खिलाएंगे कमल

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड प्रांत की गांडेय विधानसभा सीट भी हॉट सीट बन गई है। लोकसभा चुनाव के साथ ही इस सीट पर उप चुनाव हो रहा है। कल्पना सोरेन इस सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार हैं और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं। उन्हें मुख्यमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन पार्टी में आंतरिक कलह की वजह से हेमंत सोरेन ने यह सीट चंपई सोरेन को दी थी। यहां के मतदाता उन्हें भावी मुख्यमंत्री के रूप में देख रहे हैं। पार्टी के चुनाव प्रचार की कमान भी पूरे राज्य में वही संभाल रही हैं।

2019 में जब विधानसभा चुनाव हुआ था तो इस सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के डॉ. सरफराज अहमद जीते थे। लेकिन जब मुख्यमंत्री रहते हुए हेमंत सोरेन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी तो उन्होंने नाटकीय ढंग से त्यागपत्र दे दिया। तब कहा गया कि कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद इस सीट से उप चुनाव लड़ेंगी। गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन ने विधायक दल की बैठक की थी लेकिन पारिवारिक सदस्यों के विरोध के कारण उन्होंने कल्पना की जगह चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया। अब यह सीट खाली है तो कल्पना सोरेन चुनाव लड़ रही हैं। उन्हें भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा कड़ी टक्कर दे रहे हैं। यहां भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्रियों के साथ ही कई बड़े नेता प्रचार कर रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा के डॉ. सरफराज अहमद ने भाजपा के प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा को हराया था।तीसरे नंबर पर






एजेएसयू के अर्जुन बैठा थे। कल्पना सोरेन मतदाताओं को यह बताने में लगी हैं कि झारखंड के विकास को रोकने के लिए उनके पति को जेल भेजा गया है। वह पति के द्वारा कराए गए विकास कार्यों को भी गिनाती हैं। इस क्षेत्र में मुस्लिम और आदिवासी मतदाताओं का जबरदस्त प्रभाव है। विधायक पद से त्यागपत्र देने वाले सरफराज अहमद इस वक्त झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज्यसभा सदस्य हैं। वे कल्पना सोरेन के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और उनकी जीत सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। यह सीट डॉ. सरफराज की प्रतिष्ठा से भी जुड़ी हुई है क्योंकि त्यागपत्र देने पर ही उन्हें राज्यसभा भेजा गया था।

**पाला बदल**



दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं नार्थ ईस्ट लोकसभा सीट से उम्मीदवार मनोज तिवारी ने आप के हरियाणा के सह-प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह समेत कई नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# चिराग पासवान के लिए विरासत बचाने की चुनौती

**हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिहार की हाजीपुर संसदीय सीट पर हर किसी नजर है। यहां लोजपा रामविलास के मुखिया चिराग पासवान जहां पिता और चाचा की विरासत बचाने के लिए मैदान में हैं तो उनके सामने राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ताल ठोक रहे हैं। मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के करीबी शिवचंद्र राम इस सीट जीतने के लिए पशुपति कुमार पारस के समर्थकों को भी अपने पाले में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। 2019 में इस सीट से जीते पशुपति कुमार पारस ने लोजपा को तोड़कर अलग पार्टी बनाई थी। इस सीट पर उन्होंने दावा ठोका था लेकिन न सिर्फ उन्हें भतीजे के लिए यह सीट छोड़नी पड़ी बल्कि उनकी पार्टी को एनडीए के



चिराग पासवान।

- राष्ट्रीय जनता दल ने पूर्व मंत्री शिव चंद्र राम को इस सीट से बनाया है उम्मीदवार
- 2019 में मिली हार का बदला लेने के प्रयास में लगे शिवचंद्र राम, कई पूर्व मंत्री कर रहे प्रचार

घटक दल के रूप में कोई सीट भी नहीं मिली। पहले उन्होंने एनडीए से अलग होने की बात की बाद में मान गए अब भतीजे के लए वोट मांग रहे हैं पर यह माना जा रहा है कि उनकी नाराजगी दूर नहीं हुई है। इसी का फायदा राजद और उसके सहयोगी दल यहां उठाना चाहते हैं। हालांकि कितना उठा पाते हैं यह वक्त बताएगा।

हाजीपुर लोकसभा सीट 1957 से 1971 तक कांग्रेस पार्टी लगातार जीती। इस सीट पर कांग्रेस को हराने के लिए कोशिशें तो खूब हुईं पर सफलता किसी को नहीं मिली, लेकिन 1977 के चुनाव में समाजवादी आंदोलन से जुड़े रामविलास पासवान यहां जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे और उन्होंने ने जीत दर्ज की। उन्हें जनता का अपार समर्थन दिया था। जब 1980 में चुनाव हुआ तो रामविलास पासवान जनता पार्टी सेक्युलर के टिकट पर मैदान में आए। मतदाताओं ने फिर उन्हें सांसद बनाया। लेकिन 1984 में यह सीट कांग्रेस ने फिर से जीत ली। इस सीट पर कब्जे के लिए विरोधी दलों ने कोशिश तो खूब की लेकिन मतदाताओं ने उनके दावों को नकार कर कांग्रेस को अपना लिया था। हालांकि जब 1989 में चुनाव हुआ तो रामविलास पासवान इस सीट पर जनता दल के टिकट पर मैदान में आए और जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। उन्होंने इस क्षेत्र में ढेरों काम कराए। हालांकि जनता दल ने इस सीट पर 1991 में श्याम सुंदर दास को मौका दिया और वे जीते भी। रामविलास पासवान 1996, 1998 ,1999 में जनता दल से जीते। 2004 में लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर भी जीते थे। 2009 में यहां से जदयू के श्याम सुंदर जीत गए थे। 2014 में रामविलास पासवान फिर यहां लोजपा से जीत दर्ज करने में सफल हुए थे।

### पशुपति के समर्थकों पर राजद की नजर

- 2019 में रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर इस सीट जीते थे। हालांकि 2020 में रामविलास पासवान के निधन के बाद वे भतीजे चिराग पासवान से अलग हो गए और कई सांसदों के साथ उन्होंने अलग पार्टी बना ली और केंद्र में मंत्री भी बने। इस चुनाव में उनकी पार्टी को एक भी एनडीए की तरफ से नहीं दी गई है। पहले वे इसी सीट से दावेदारी ठोक रहे थे। भतीजे चिराग ने उन्हें यहां मात दे दी थी। ऐसे में इस चुनाव में वे भी एक फैक्टर हैं। भले ही एनडीए के साथ हैं पर उनके समर्थकों की चुप्पी चिराग पासवान और उनके समर्थकों को भी अखर रही है। राजद नेता और कई पूर्व मंत्री लगातार इस क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं।

### शिवचंद्र राम 2019 में भी हारे थे

- 2019 के लोकसभा चुनाव में लोजपा के पशुपति कुमार पारस ने 5,41,310 वोट पाकर राजद के शिवचन्द्र राम को हराया था। शिवचंद्र राम को तब 3,35,861 वोट प्राप्त हुए थे। इस बार शिवचंद्र राम फिर मैदान में हैं। बस फर्क इतना है कि उनके सामने पशुपति कुमार पारस की जगह उनके भतीजे चिराग पासवान हैं। शिवचंद्र राम बिहार सरकार में मंत्री रहे हैं। उनका नाम बड़े दलित नेताओं की सूची में शामिल है।

# गीता कोड़ा और जोबा मांझी के बीच कड़ी टक्कर

**सिंहभूम संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड की सिंहभूम संसदीय सीट हॉट सीट कही जा रही है। इसी संसदीय क्षेत्र में आने वाली सरायकेला विधानसभा सीट से ही मुख्यमंत्री चंपई सोरेन विधायक जो हैं। इस सीट को झारखंड मुक्ति मोर्चा की झोली में डाला उनके लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न है। भाजपा ने यहां से कांग्रेस से बगावत कर आईं सांसद गीता कोड़ा को मैदान में उतारा है तो उनके मुकाबले में झारखंड मुक्ति मोर्चा की वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री जोबा मांझी समर में हैं। जोबा मांझी अपनी जीत का आधार बनाने के लिए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बना रही हैं। यह बताने की कोशिश कर रही हैं कि राज्य के विकास को रोकने के लिए उन्हें गलत तरीके से ईडी ने गिरफ्तार किया। उनकी गिरफ्तारी से सहानुभूति बटोरेने की कोशिश कर रहीं जोबा के समर्थन में कांग्रेस



गीता कोड़ा।



जोबा माझी।

- झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य सरकार में मंत्री जोबा मांझी पर जताया है विश्वास
- कांग्रेस की बागी गीता कोड़ा भाजपा की खेवनहार बनने को कर रही हैं मशक्कत

### पांच सीटों पर काबिज है झामुमो

इस लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की छह सीटें हैं। इनमें से पांच पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का कब्जा है जबकि एक सीट पर कांग्रेस काबिज है। इसी क्षेत्र की मनोहरपुर विधानसभा सीट से जोबा मांझी विधायक हैं। सरायकेला विधानसभा सीट से ही मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी मुख्यमंत्री हैं। गिरफ्तारी से पूर्व जब हेमंत सोरेन ने त्यागपत्र दिया तो चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद संभाला था।

और राष्ट्रीय जनता दल के नेता भी दिन रात एक किए हुए हैं।

सिंहभूम की गिनती झारखंड की चर्चित सीटों में होती है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर 2019 में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को उम्मीदवार बनाया था। तब उन्होंने भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा को पटखनी दी थी। लक्ष्मण गिलुवा उस समय इसी सीट से 2014 में जीते थे तब उन्होंने गीता कोड़ा को हराया था। उस समय गीता जय भारत समानता पार्टी की उम्मीदवार थीं। गीता को पता था कि इस चुनाव में उनका टिकट कांग्रेस काट सकती है क्योंकि सीट समझौते के आधार पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में जाएगी। ऐसे में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी ने भी उन्हें निराश नहीं किया और टिकट थमा दिया। गीता कोड़ा की मजबूत चुनौती को देखते हुए ही झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उनसे मुकाबले की जिम्मेदारी जोबा माझी को दी। जोबा वर्तमान में मंत्री तो हैं हीं भाजपा और राबड़ी देवी की सरकार में भी मंत्री रह चुकी हैं। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की कोशिश तो झारखंड की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन को जीत दिलाने की है लेकिन इस सीट पर उनका कुछ ज्यादा ही फोकस नजर आ रहा है। सरायकेला से विधायक चंपई सोरेन की टीम रात दिन एक कर जोबा की जीत सुनिश्चित करने में लगी हुई है। संविधान को बदलने और आरक्षण को खत्म करने का भय दिखाकर यहां भाजपा के खिलाफ वोटा मांगा जा रहा है तो गीता कोड़ा इसी सीट से 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीते अपने पति एवं पूर्व सीएम मधु कोड़ा के कार्य, मोदी की गारंटी और 2019 से अब तक कराए गए खुद के कार्यों के दम पर वोट मांग रही हैं।

### 1996 में पहली बार जीती थी भाजपा

- इस सीट पर 1957 से 1977 तक झारखंड पार्टी का कब्जा रहा। लगातार पांच चुनावों में पार्टी के उम्मीदवार जीते। इसके बाद 1980, 1984 और 1989 में यहां कांग्रेस जीती। 1991 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने यहां परचम लहराया लेकिन 1996 में जब चुनाव हुआ तो भाजपा के चित्रसेन सिंकू जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। हालांकि यह जीत अगले चुनाव में बरकरार नहीं रही। 1998 के चुनाव में कांग्रेस के विजय सिंह सोय ने यहां जीत दर्ज की और फिर 1999 में यहां भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा जीते पर 2004 के चुनाव में कांग्रेस के खाते में यह सीट गई। 2009 में मधु कोड़ा निर्दलीय जीते। 2014 में लक्ष्मण गिलुवा को जीत मिली तो 2019 में कांग्रेस से गीता कोड़ा यहां से सांसद बनीं।

**मांगे वोट**



पश्चिम बंगाल के बर्धमान लोकसभा सीट से टीएमसी उम्मीदवार कीर्ति आजाद के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कीर्ति आजाद की जीत के लिए मतदाताओं से समर्थन मांगा।

# शुरुआती दो चरण के बाद मोदी लगा चुके शतक : शाह

## गृह मंत्री ने आंध्र प्रदेश में जताया भरोसा, कहा-तीसरे चरण के बाद 400 सीट के आंकड़े की ओर बढ़ेंगे

धर्मवरम (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आंध्र प्रदेश में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान रविवार को दावा किया कि देश में आम चुनाव के शुरुआती दो चरण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शतक लगा चुके हैं और 400 से ज्यादा सीट पाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। अमित शाह ने के आंकड़े की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले दो दौर के मतदान के बाद भाजपा को मिली सीट की संख्या 100 से अधिक हो गई होगी। अमित शाह ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की एक रैली को संबोधित करते हुए आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन के सहयोगियों का मजाक उड़ाते हुए कहा कि राहुल गांधी सहित इस गठबंधन का कोई भी नेता देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं है, जबकि दूसरी ओर पूरे देश ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला कर लिया है। शाह ने मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना ने गुंडों और अपराधियों के कथित शासन, राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और रेत माफिया को समाप्त करने के लिए गठबंधन किया है। उन्होंने कहा, ''देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है। आंध्र प्रदेश में लोकसभा चुनाव के



साथ विधानसभा चुनाव भी हो रहा है। आम चुनाव के पहले दो चरण समाप्त हो चुके हैं। पहले दो चरण में मोदी 100 सीट पाकर आगे हैं। तीसरे चरण में वह 400 से ज्यादा सीट हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं।'' गृह मंत्री ने कहा कि वह राज्य में भ्रष्टाचार, अपराध, माफिया और धर्मांतरण के खिलाफ भाजपा, तेदेपा और जनसेना गठबंधन की लड़ाई को ताकत देने के लिए आंध्र प्रदेश आए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी आरक्षण विरोधी हैं, वह आपका आरक्षण छीनना चाहते हैं : राहुल



**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और वह आरक्षण छीनना चाहते हैं। तेलंगाना के आदिलाबाद (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने दावा किया कि मौजूदा आम चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है, जिसमें कांग्रेस संविधान की रक्षा करने की कोशिश कर रही है जबकि भाजपा-आरएसएस मिलकर इसे और जनता के अधिकारों को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा-नरेन्द्र मोदी जी आरक्षण के खिलाफ हैं। वह आपसे आरक्षण छीनना चाहते हैं। देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा आरक्षण को 50 फीसदी से बढ़ाना है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में वादा किया है कि अगर पार्टी की केंद्र में सरकार बनती है, तो वह 50 प्रतिशत की सीमा को समाप्त कर देगी और आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ा देगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के अन्य नेता भी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। यह आरोप लगाते हुए कि मोदी ने सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर दिया है, गांधी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लागू की गई अनुबंध प्रणाली आरक्षण को हटाने के समान है। उन्होंने कहा-हम सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक क्षेत्र में अनुबंध प्रणाली को हटा देंगे। अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी नौकरियां मिलेंगी।




नई दिल्ली में इस समय तापमान बढ़ने से भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में राजधानी के कर्तव्य पथ पर घूमने वाले पर्यटक छाता लेकर निकल पड़े। ● एजेंसी

## एक नजर

### दरभंगा में राजद एवं भाजपा प्रत्याशी से मांगा गया स्पष्टीकरण

**दरभंगा।** दरभंगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर दरभंगा लोकसभा क्षेत्र के दो प्रत्याशियों से स्पष्टीकरण पूछा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी ललित कुमार यादव एवं भाजपा के गोपाल जी ठाकुर से चुनाव प्रचार संबंधी खर्चे का ब्यौरा व्यय लेखा पंजी में अंकित नहीं होने के कारण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, दरभंगा राजीव रौशन द्वारा 48 घंटे के अन्दर उनसे लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। उल्लेखनीय है कि व्यय प्रेक्षक ओम प्रकाश तिवारी द्वारा लेखा पुस्तिका के प्रथम जांच में यह पाया गया कि उक्त दोनों प्रत्याशियों के व्यय लेखा पंजी में चुनाव प्रचार संबंधी खर्चे का ब्यौरा व्यय लेखा पंजी में अंकित नहीं किया गया है।

### मणिपुर में ओलावृष्टि से मची तबाही

**इंफाल।** मणिपुर में रविवार को भारी बारिश और ओलावृष्टि से बड़ी संख्या में मकान क्षतिग्रस्त हो गये और पेड़ उखड़ गये। बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई और कई घरों की बिजली उड़ गयी। सड़कों पर मलबा बिखरने से यातायात बाधित हो गया। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि सभी डीएम को रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

# रोहित वेमुला की मौत की जांच में थीं कई विसंगतियां : वेणुगोपाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव ने किया दावा

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रहे रोहित वेमुला की मौत के मामले में पहले की गई जांच में कई विसंगतियां थीं और तेलंगाना में उसकी सरकार वेमुला के परिवार के लिए न्याय सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। तेलंगाना पुलिस ने वेमुला की मौत के मामले में एक अदालत के समक्ष 'क्लोजर रिपोर्ट' दायर की है जिसमें दावा किया गया है कि वह दलित नहीं था और 2016 में उसने इस डर से आत्महत्या कर ली कि कहीं उसकी वास्तविक जाति के बारे में सबको पता न चल जाए।

कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि रोहित वेमुला की मौत ने भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को पूरी तरह से उजागर कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-राहुल गांधी जी समेत कांग्रेस इस कठिन समय में रोहित वेमुला के परिवार के साथ खड़ी है। वेणुगोपाल ने कहा कि तेलंगाना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संबंधित 'क्लोजर रिपोर्ट' जून 2023 में तैयार की गई थी। उन्होंने कहा-पहले की गई जांच में कई विसंगतियां थीं। तेलंगाना में



कांग्रेस सरकार रोहित के परिवार के लिए न्याय सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कांग्रेस पिछले साल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को हराकर राज्य में सत्ता में आई थी। उन्होंने कहा-इतना ही नहीं, जब हम केंद्र में सरकार बनाएंगे तो हम एक 'रोहित वेमुला अधिनियम' पारित करेंगे जो विशेष रूप से परिसरों में जाति और संप्रदाय के आधार पर होने वाले अत्याचारों की समस्या से निपटेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछली पृष्ठभूमि के किसी भी छात्र को कभी उस दुर्दशा का सामना न करना पड़े जो रोहित ने झेली। रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने का उनसे अनुरोध किया था।

# केरल के युवकों को दी गई सामुदायिक सेवा की सजा

अलाप्पुझा, एजेंसी

**लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला**

केरल के अलाप्पुझा जिले में लापरवाही और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने का एक वीडियो वायरल होने के बाद राज्य के मोटर वाहन विभाग ने इस सिलसिले में पांच युवाओं को सजा के रूप में सामुदायिक सेवा करने को कहा है।

वीडियो में युवक चलती हुई कार की खिड़कियों पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। मावेलिक्कारा संयुक्त सड़क परिवहन अधिकारी ने कार चालक का लाइसेंस निलंबित कर दिया है और आरोपी युवकों को सामुदायिक सेवा में भाग लेने के लिए सोमवार से चार दिनों के लिए अलाप्पुझा मेडिकल कॉलेज में रिपोर्ट करने को कहा है। संयुक्त आरटीओ एम जी मनोज ने कहा-दुर्घटना पीड़ितों की पीड़ा को समझाने के लिए आरोपी युवकों को अलाप्पुझा मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग में सेवा का काम सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि इसके बाद युवकों को सामुदायिक सेवा गतिविधि के हिस्से के रूप में गांधी भवन भी भेजा जाएगा।

# अग्निकांड मामले में एनजीटी ने सीपीसीबी एमसीडी और अन्य से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पिछले महीने गाजीपुर लैंडफिल स्थल पर आग लगने की घटना पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों से पांच सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। अधिकरण 21 अप्रैल को पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थल पर भीषण आग लगने की घटना के संबंध में एक अखबार की रिपोर्ट पर मामले की सुनवाई कर रहा था। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि समाचार रिपोर्ट ने पर्यावरण मानदंडों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है।

### कांग्रेस के अंतरिम प्रमुख देवेंद्र यादव ने औपचारिक रूप से पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में रविवार को औपचारिक रूप से पदभार संभालने वाले देवेंद्र यादव ने कहा कि आज देश को कांग्रेस की जरूरत है। यादव ने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद दिया। यादव ने कहा-मुझे इस पद के लिए नामित करने को लेकर मैं कांग्रेस को धन्यवाद देता हूं। मैं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अजय माकन का आभारी हूं। कांग्रेस नेता ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने भी एक कार्यकर्ता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया और बहुत अधिक संघर्ष और कठिनाइयां देखी हैं।

# कोलकाता पुलिस के पत्राचार को नजरअंदाज करें: बोस

कोलकाता, एजेंसी

- राज्यपाल ने राजभवन के सभी कर्मचारियों को दिया निर्देश
- महिला कर्मचारी के साथ छेड़छाड़ का मामला

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने रविवार को राजभवन के सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे उनके खिलाफ एक महिला कर्मचारी की छेड़छाड़ की शिकायत के संबंध में कोलकाता पुलिस के किसी भी पत्राचार को नजरअंदाज करें। यह निर्देश कोलकाता पुलिस द्वारा राज्यपाल के खिलाफ महिला के आरोप की जांच के लिए एक जांच दल गठित करने के बाद आया है।

बोस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-यह स्पष्ट है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 361(2) और (3) के मद्देनजर, राज्य पुलिस किसी भी तरह से माननीय राज्यपाल के खिलाफ पूछताछ/जांच/किसी भी प्रकार की कार्यवाही



शुरू नहीं कर सकती है।" उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति या किसी राज्य के राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी। राजभवन के कर्मचारियों के लिए एक विज्ञप्ति के रूप में तैयार किए गए पोस्ट में राज्यपाल ने कहा-उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत से गिरफ्तारी या कारावास की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी।

### संदेशखालि प्रकरण के पीछे भाजपा का हाथ : ममता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा पर राज्य को बदनाम करने के लिए संदेशखालि की घटनाओं को अंजाम देने का आरोप लगाया, जहां तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं। तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि यह उसके उस रुख की पुष्टि करता है कि संदेशखालि प्रकरण के पीछे भाजपा का हाथ था। बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं लंबे समय से कह रही हूं कि भाजपा संदेशखालि घटना को अंजाम देकर बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। स्टिंग ऑपरेशन से 'बांग्ला-विरोधियों' का असली चेहरा सामने आया, क्योंकि उन्होंने मेरी माताओं और बहनों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की थी। 13 मई को, राणाघाट के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि 'बांग्ला-विरोधियों' को बंगाल से बाहर कर दिया जाए।'' तृणमूल कांग्रेस ने कथित वीडियो जारी किया, जिसमें संदेशखालि में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मंडल अध्यक्ष होने का दावा करने वाले गंगाधर कायल को यह कहते सुना जा सकता है कि पूरी साजिश के पीछे पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का हाथ है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स को मिलीं रिकॉर्ड पेटेंट मंजूरियां

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख घरेलू कंपनियों- महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) और टाटा मोटर्स को पिछले वित्त वर्ष में उत्पाद और प्रक्रिया नवोन्मेषण से संबंधित रिकॉर्ड संख्या में पेटेंट मंजूरियां मिली हैं। एमएंडएम को 674 मंजूरियां मिलीं, जो उसका किसी एक साल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं, टाटा मोटर्स को भी वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 333 पेटेंट मंजूरियां मिली हैं। एमएंडएम ने कहा कि उसे पिछले वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 674 पेटेंट मिले हैं। एमएंडएम के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजेश जेजुरिकर ने कहा-हम भविष्य के लिए तैयार रहने के महत्व को समझते हैं, इसलिए हमने आगे रहने के लिए शोध में निवेश सुनिश्चित किया है।

### भारत-घाना में भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** भारत और घाना अपनी भुगतान प्रणालियों - यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को आपस में जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। दोनों देशों ने डिजिटल रूपांतरण पर समझौता ज्ञापन की संभावनाओं, स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) से मिलने वाले अवसरों पर भी चर्चा की है। वाणिज्य विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-वे छह महीने के भीतर इस दिशा में तेजी से काम करने के लिए सहमत हुए हैं।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले दो वित्तीय वर्षों की रिपोर्ट जारी करके किया खुलासा

# 2 साल में 10 लाख करोड़ बढ़ा आवास ऋण बकाया

नई दिल्ली, एजेंसी

आवास क्षेत्र के लिए बकाया ऋण पिछले दो वित्त वर्षों में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये बढ़कर इस साल मार्च में रिकॉर्ड 27.23 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आरबीआई के 'बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण' आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। बैंकिंग और रियल एस्टेट क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने बताया कि कोविड महामारी के बाद आवासीय संपत्ति बाजार में दबी मांग सामने आने के चलते आवास ऋण बकाया में वृद्धि हुई।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मार्च, 2024 के लिए बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण पर आंकड़ों के अनुसार आवास (प्राथमिकता क्षेत्र आवास सहित) के लिए बकाया ऋण मार्च, 2024 में 27,22,720 करोड़ रुपये था। यह आंकड़ा मार्च,



2023 में 19,88,532 करोड़ रुपये और मार्च, 2022 में 17,26,697 करोड़ रुपये था।

आंकड़ों से यह भी पता चला कि वाणिज्यिक अचल संपत्ति के लिए बकाया ऋण मार्च 2024 में 4,48,145 करोड़ रुपये था। यह मार्च, 2022 में 2,97,231 करोड़ रुपये था। विभिन्न संपत्ति सलाहकारों की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो वित्त वर्षों में घरों की बिक्री और कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण में उच्च वृद्धि आवासीय क्षेत्र के सभी खंडों में तेजी के चलते है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से किफायती आवास खंड में सरकार के प्रयासों के कारण तेजी देखी गई है। सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण की वृद्धि मजबूत बनी रहेगी, लेकिन उच्च आधार के कारण यह घटकर 15-20 प्रतिशत रह सकती है।

### सरकार रैंकिंग बढ़ाने के लिए कर रही है काम

विश्व बैंक अपनी पहली बिजनेस रेडी (कारोबार के लिए तैयार) रिपोर्ट इसी साल सितंबर में जारी करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने भारत की रैंकिंग बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कारोबार विषय पर काम शुरू कर दिया है। बिजनेस रेडी (बी-रेडी) विश्व बैंक की नई प्रमुख रिपोर्ट है जो दुनियाभर की अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में कारोबारी माहौल और निवेश माहौल का मापन करती है। रिपोर्ट कंपनियों पर निर्देशित नियामकीय ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं को मापने का काम करती है। पहली बी-रेडी रिपोर्ट 25 सितंबर, 2024 को जारी की जाएगी। बिजनेस रेडी रिपोर्ट विश्व बैंक समूह के पूर्व के 'डूइंग बिजनेस इंडेक्स' की जगह लेगी। विश्व बैंक ने पिछली रिपोर्टों में आंकड़ों में बदलाव के संबंध में कई अनियमितताओं के बाद 2020 में अपनी 'डूइंग बिजनेस रिपोर्ट' के प्रकाशन को रोकने का फैसला किया था। नई रिपोर्ट में 10 विषयों को केंद्र में रखा गया है जो किसी फर्म की गतिविधियों को शुरू करने, संचालित करने, बंद करने या पुनर्गठित करने के दौरान उसके जीवनचक्र को कवर करते हैं। ये विषय- कारोबार प्रवेश, कारोबार स्थान, उपयोगिता सेवाएं, श्रम, वित्तीय सेवाएं, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, कराधान, विवाद समाधान, बाजार प्रतिस्पर्धा और कारोबार के दिवालिया होने से संबंधित हैं।

### देश में 1.85 लाख नई कंपनियों का हुआ गठन

**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष (2023-24) में देश में 1.85 लाख से अधिक कंपनियों का पंजीकरण हुआ। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में पंजीकृत कंपनियों की संख्या से कहीं अधिक है। इस साल मार्च में लगभग 16,600 कंपनियां स्थापित की गईं। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में 18,132.16 करोड़ रुपये की सामूहिक चुकता पूंजी के साथ 1,59,524 कंपनियां पंजीकृत हुई थीं। मार्च, 2024 के अंत में देश में कुल 26,63,016 कंपनियां थीं और इनमें से 16,91,495 या 64 प्रतिशत कंपनियां सक्रिय थीं। आंकड़ो से पता चलता है कि इनमें से कम से कम 9,31,644 पंजीकृत कंपनियां बंद हो गईं, 2,470 निष्क्रिय थीं और 10,385 कंपनियां परिसमापन के तहत थीं। कुल 27,022 कंपनियों को आधिकारिक रिकॉर्ड से हटाने की प्रक्रिया जारी थी।

# प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने से पहले निर्वाचन आयोग की ली गई अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने से पहले निर्वाचन आयोग की अनुमति ली है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग ने 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क और 550 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की शर्तों के तहत प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति ली है। सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटा दिया था। इस फैसले से बड़ी संख्या में किसानों को मदद मिलेगी। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जबकि महाराष्ट्र सहित कई प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में



लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने वाला है। सरकार 550 डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) के साथ ही 40 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया है। इस शुल्क को देखते हुए 770 डॉलर प्रति टन या 64 रुपये प्रति किलोग्राम से कम भाव पर प्याज निर्यात की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटाने का निर्णय उपभोक्ता मामलों के विभाग की सिफारिश पर लिया गया है। विभाग देश में प्याज की उपलब्धता और कीमत की स्थिति पर नजर रखता है।

### एफआईयू ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** भारत की वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने देश के आर्थिक चैनलों में धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) और आतंकवाद के वित्तपोषण जैसे अपराधों की जांच के लिए अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली को बेहतर बनाया है। इसके तहत एफआईयू ने कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग को अपनाते हुए अत्याधुनिक 2.0 संस्करण को चालू किया है। ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी ढांचे को बेहतर बनाने की जरूरत थी, क्योंकि बैंकों और विभिन्न अन्य वित्तीय संस्थानों की तरफ से विश्लेषण और जांच के लिए डेटा की मात्रा निरंतर बढ़ रही है।

# भारत का एडीबी से वृद्धि, साझा समृद्धि को नजरअंदाज न करने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने रविवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से आग्रह किया कि वह एशिया प्रशांत क्षेत्र में सदस्य देशों के लिए सतत वृद्धि को बढ़ावा देने के साथ-साथ शेष गरीबी को कम करने को नजरअंदाज न करे।

एडीबी की 57वीं वार्षिक बैठक में 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स बिजनेस सत्र' में हस्तक्षेप करते हुए भारत के अस्थायी वैकल्पिक गवर्नर विकास शील ने कहा कि बैंक ने वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं की चुनौतियों और वितरण को प्रभावी ढंग से संबोधित करते हुए तेजी से आर्थिक वृद्धि के उपायों को मजबूती देने, गरीबी को कम करने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा-हम चिंता के साथ देखते हैं कि आर्थिक वृद्धि और शेष गरीबी से निपटने को अपनी रणनीति 2030 की समीक्षा में एडीबी के बढ़े हुए फोकस क्षेत्रों में जगह नहीं मिली है। हम एडीबी से आग्रह करते हैं कि विकास और साझा समृद्धि पर एडीबी के चार्टर जनादेश को नजरअंदाज न करें। उन्होंने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में त्वरित समावेशी और सतत वृद्धि की दिशा में काम करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया है।

### सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में आई कमी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 68,417.14 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। पिछला सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का रहा। बुधवार को 'महाराष्ट्र दिवस' पर बाजार में अवकाश था। सप्ताह के दौरान जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), इन्फोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई।

# आम चुनाव की वजह से एफपीआई सतर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- मई में अब तक शेयरों में 1,156 करोड़ रुपये डाले

भारत में आम चुनाव की वजह से विदेशी निवेशक 'देखो और इंतजार करो' की नीति अपना रहे हैं। चालू महीने के पहले दो कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों में सिर्फ 1,156 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के कारण अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं मार्च में एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 35,098



करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, मई में पहले दो कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने शेयरों में 1,156 करोड़ रुपये का निवेश किया है और ऋण या बॉन्ड बाजार से 1,727 करोड़ रुपये निकाले हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-भारत में आम चुनाव पूरे जोरों पर हैं। विदेशी निवेशकों ने चुनाव नतीजे आने तक 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाया है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-अमेरिका में नौकरियों के ताजा आंकड़े अर्थव्यवस्था में सुस्ती का संकेत देते हैं। वेतन बढ़ोतरी चार प्रतिशत से कम है, जो श्रम बाजार की कमजोरी का संकेत हैं। शेयर बाजार की दृष्टि से यह अच्छी खबर है। यही वजह है कि शुक्रवार को अमेरिकी बाजारों में जोरदार उछाल आया था।

## आज का मुकाबला

मुंबई इंडियंस
बनाम
हैदराबाद सनराइजर्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| सुनील नारायण (केकेआर) | 11 | 461 |

## ओलंपिक कोटे से चूकी भारतीय पुरुष व महिला रिले टीमें

**नासाउ।** भारतीय पुरुष, महिला और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले 24 में संबंधित स्पर्धाओं में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहने के कारण पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा सुरक्षित करने से चूक गई। शनिवार को बहामास के नासाउ में राजेश रमेश, रूपल, अविनाश कृष्ण कुमार और ज्योतिका श्रीदंडी की मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी थॉमस ए रॉबिन्सन स्टेडियम में ट्रैक पर उतरने वाली पहली भारतीय टीम थी। अनस याहिया, राजेश रमेश, अजमल और जैकब की भारतीय पुरुष टीम 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम हीट 4 में अपनी रेस पूरी नहीं कर पाई।

# जीत की राह पर लौटी चेन्नई

## धर्मशाला में जडेजा के हरफनमौला खेल से चेन्नई ने पंजाब किंग्स को 28 रन से हराया

**धर्मशाला, एजेंसी**

रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने पंजाब किंग्स को 28 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। जडेजा ने 26 गेंद में 43 रन बनाने के बाद चार ओवर में महज 20 रन खर्च कर तीन विकेट झटके जिससे पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद सीएसके ने जीत का स्वाद चखा।

सीएसके ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 167 रन बनाए और फिर पंजाब की पारी को नौ विकेट पर 139 रन पर रोककर टीम के खिलाफ चार दिन पहले मिली हार का बदला चुकता किया। सीएसके ने 11 मैच में छठी जीत के बाद तालिका में शीर्ष चार में अपनी वापसी की जबकि 11 मैचों में सातवीं हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। जडेजा को टीम के अन्य गेंदबाजों का भी अच्छा साथ मिला जिससे पंजाब की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह ने दो-दो जबकि मिचेल सेंटनर और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाया।





धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ 28 रन से जीत दर्ज करने के बाद पवेलियन जाते चेन्नई के खिलाड़ी। ● एजेंसी

पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंद में 30 जबकि शशांक सिंह ने 20 गेंद में 27 रन पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंद में 53 रन जोड़े। राहुल चाहर ने चार ओवर में 23 तो वहीं मध्यम तेज गति के गेंदबाज हर्षल ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन-तीन विकेट लिये। अर्शदीप सिंह को दो जबकि कप्तान सैम कुरेन को एक सफलता मिली। सीएसके के लिए जडेजा के अलावा शानदार लय में चल रहे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 32 जबकि डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 30 रन का बल्ले से अच्छा योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। लक्ष्य का बचाव करने अपने तीन मुख्य तेज गेंदबाजों के बिना मैदान में उतरी सीएसके को देशपांडे ने दूसरे ओवर में जॉनी बेयरस्टो (सात) और रिली रोसेयु (शून्य) को बोल्ड कर शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे छोर से बायें हाथ के स्पिनर सेंटनर ने अपने शुरुआती दो ओवर में सिर्फ चार रन खर्च किये। शानदार लय में चल रहे शशांक और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने देशपांडे और रिचर्ड ग्लीसन के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी करते पावरप्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 47 रन हो गया, लेकिन पंजाब के पुछल्ले बल्लेबाजों ने 15वें ओवर में 90 रन पर आठवां विकेट गिरने के बाद भी टीम को 139 रन तक पहुंचाने में सफल रहे। हरप्रीत बराड़ ने नाबाद 17, चाहर ने 16 और कागिसो रबाडा ने नाबाद 11 रन का योगदान दिया।

### सीएसके 167/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 6

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का रबाडा बो अर्शदीप | 9 | 7 | 1/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ का जितेश बो चाहर | 32 | 21 | 4/1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा हर्षल | 30 | 19 | 2/1 |
| शिवम दुबे का जितेश बो चाहर | 0 | 1 | 0/0 |
| मोईन अली का बेयरस्टो बो कुरेन | 17 | 20 | 2/0 |
| रविंद्र जडेजा का कुरेन बो अर्शदीप | 43 | 26 | 3/2 |
| मिचेल सेंटनर का कुरेन बो चाहर | 11 | 11 | 1/0 |
| शारदुल ठाकुर बो हर्षल | 17 | 11 | 2/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी बो हर्षल | 0 | 1 | 0/0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |
| रिचर्ड ग्लीसन नाबाद | 2 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 3-0-24-0, अर्शदीप 4-0-42-2, कुरेन 4-0-34-1, बराड़ 1-0-19-0, चाहर 4-0-23-3, हर्षल 4-0-24-3

### पंजाब 139/9

20 ओवर, अतिरिक्त : 9

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन का (रिजवी) बो जडेजा | 30 | 23 | 2/2 |
| जॉनी बेयरस्टो बो देशपांडे | 7 | 6 | 1/0 |
| रिली रोसेयु बो देशपांडे | 0 | 3 | 0/0 |
| शशांक सिंह का सिमरजीत बो सेंटनर | 27 | 20 | 4/0 |
| सैम कुरेन का सेंटनर बो जडेजा | 7 | 11 | 0/0 |
| जितेश शर्मा का धोनी बो सिमरजीत | 0 | 1 | 0/0 |
| आशुतोष शर्मा का सिमरजीत बो जडेजा | 3 | 10 | 0/0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 17 | 9 | 2/0 |
| हर्षल का (रिजवी) बो सिमरजीत | 12 | 13 | 1/1 |
| राहुल चाहर बो शारदुल | 16 | 10 | 2/1 |
| कागिसो रबाडा नाबाद | 11 | 10 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** सेंटनर 3-0-10-1, देशपांडे 4-0-35-2, ग्लीसन 4-0-41-0, जडेजा 4-0-20-3, सिमरजीत 3-0-16-2, शारदुल 2-0-12-1

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.371 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |

## महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए में भारत और ऑस्ट्रेलिया



**दुबई।** भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली। भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे।

आईसीसी द्वारा घोषित नौवें महिला टी-20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी जबकि छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम तीसरा मैच नौ अक्टूबर को पहले क्वालीफायर से खेलेगी जिसका अभी फैसला नहीं हुआ है। टीम को अपना अंतिम ग्रुप मैच 13 अक्टूबर को छह बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 20 अक्टूबर को ढाका में होने वाले फाइनल से पहले 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। ढाका और सिलहट में 19 दिन में कुल मिलाकर 23 मैच खेले जाएंगे, जरूरत पड़ने पर सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं। मेजबान बांग्लादेश को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दूसरे क्वालीफायर के साथ रखा गया है।

## खेल डायरी



### चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप फाइनल में इंडोनेशिया को हराया

**चेंगडू (चीन)।** चीन ने रविवार को यहां अपनी बादशाहत जारी रखते हुए इंडोनेशिया को हराकर 16वीं बार उबेर कप अपने नाम किया। चीन दो साल पहले बैंकॉक में दक्षिण कोरिया से फाइनल में हार गया था। उसने रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर खिताब जीता। इंडोनेशिया 2008 के बाद पहला उबेर कप फाइनल खेल रहा था। चीन के लिए ओलंपिक चैंपियन चेन यु फेई ने ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजंग को 21-7, 21-16 से हराकर शानदार शुरूआत की। चीन ने 16वीं बार उबेर कप जीत लिया।

### विवान शूटऑफ में हारे, भारतीय ट्रैप निशानेबाजों ने किया निराश

**नई दिल्ली।** विवान कपूर को शूटऑफ में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कोवार्ड-होली के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे भारत का कोई भी ट्रैप निशानेबाज बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बना पाया। विवान ने क्वालीफाइंग दौर में 120 अंक जुटाए थे और वह कोवार्ड-होली के अलावा आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ सुलिवान के साथ फाइनल में छठे और अंतिम स्थान के लिए शूटऑफ का हिस्सा थे। विवान को सातवें स्थान के साथ संतोष करना पड़ा। महिला ट्रैप में राजेश्वरी (108 अंक) 23वें जबकि श्रेयसी और मनीषा क्रमश: 29वें और 38वें स्थान पर रहीं।

### चेतेश्वर पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक

**लंदन।** काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन टू के मैच में दूसरे दिन ससेक्स के लिए खेलते हुए भारतीय दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद (104) रनों की शतकीय पारी खेली। यह तीन सत्र में ससेक्स के लिए उनका नौवां शतक है। मैच में पुजारा के अलावा टॉम हेंस, टॉम एल्सॉप और जेम्स कोल्स ने भी अर्धशतक लगाए। ससेक्स ने डर्बीशायर के साथ खेले जा रहे मुकाबले में अब तक पांच विकेट पर 357 रन बना लिया है और उन्हें पहली पारी में 111 रनों की बढ़त मिल चुकी है। दिन के आखिर में लुईस रीस ने ससेक्स के दो विकेट लेकर डर्बीशायर को मैच में बनाए रखा है। शाम के सत्र में ससेक्स ने मैच में अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू कर दी थी।

### तेजस्विन ने एरिजोना एथलेटिक्स मीट में ऊंची कूद स्पर्धा जीती

**एरिजोना।** भारत के तेजस्विन शंकर ने यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल फेस्टिवल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में 2.23 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीत हासिल की। शनिवार को एरिजोना विश्वविद्यालय के रॉय पी. ड्रैचमैन स्टेडियम में हुई स्पर्धा में संयोग से शीर्ष तीन एथलीटों ने समान 2.23 मीटर का मार्क दर्ज किया। अमेरिका के अर्नेस्ट सियर्स दूसरे और मैक्सिको के रॉबर्टो विल्चेस तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर को पहले प्रयास में ही क्लियरेंस हासिल करने के कारण विजेता घोषित किया।

## मुंबई के खिलाफ जीत से स्थिति मजबूत करने उतरेंगे सनराइजर्स


**मुंबई, एजेंसी**



आत्मविश्वास से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। दस मैच में छह जीत और चार हार से 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स की टीम ऑलराउंड प्रदर्शन करने और विशेष रूप से अपने गेंदबाजी विभाग में सुधार करने के लिए बेताब होगी।

वानखेड़े की पिच अगर बल्लेबाजी के अनुकूल होती है तो सनराइजर्स के बल्लेबाजों के एक बार फिर बड़ा स्कोर खड़ा करने की उम्मीद है जो वे मौजूदा सत्र में कई बार कर चुके हैं। सनराइजर्स की टीम पिछले मैच में शीर्ष पर चल रहे रॉयल्स को एक रन से हराकर आत्मविश्वास से भरी होगी।

## स्वियातेक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता



**मैड्रिड।** इगा स्वियातेक ने पिछले साल के फाइनल में एरिना सबालेंका के खिलाफ हार का बदला चुकता करते हुए शनिवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की स्वियातेक ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका को तीन सेट तक चले फाइनल में 7-5, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। स्वियातेक 2012 में कैरोलिन वोजनियाकी के बाद 20 खिताब के आंकड़े को छूने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। स्वियातेक तीसरे सेट में जब 5-6 के स्कोर पर सर्विस कर रहीं थी तो उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाए। उन्होंने टाईब्रेक में तीसरा मैच प्वाइंट बचाया और फिर सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।

## केकेआर ने एलएसजी को 98 रनों से हराया, जीत के साथ केकेआर अंकतालिका में शीर्ष पर

# सुनील के तूफान में उड़ा लखनऊ


लखनऊ के कप्तान केएल राहुल का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते केकेआर के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** सुनील नारायण (81 रन, 39 गेंद, 6 चौके, 7 छक्के) और फिल सॉल्ट (32 रन, 14 गेंद) विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत किंग खान की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर ने लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 98 रनों के अंतर से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में पहली बार खेलने पहुंची केकेआर ने यहां पर जीत के साथ जहां, इतिहास रचा वहीं अब वह अंक तालिका में वह शीर्ष पर पहुंच गई। कोलकाता के 235 रनों के जवाब में लखनऊ टीम 16.1 ओवर में 137 रनों पर ढह गई। कोलकाता के हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 विकेट चटकाए। लखनऊ की ओर से मार्कस स्टोइनिस ने सबसे अधिक 36 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलएसजी टीम की शुरुआत खराब रही। टीम को पहला झटका दूसरे ओवर में अर्शिन कुलकर्णी के रूप में लगा। कप्तान केएल राहुल भी आज विस्फोटक प्रदर्शन नहीं कर सके और 21 गेंद पर 25 रन बना कर आउट हो गए। स्टोइनिस ने जरूर 21 गेंदों में 36 रन की पारी खेली लेकिन वह मैच नहीं जिता सके। निकोलस 10 और टर्नर 9 रन बना कर पवेलियन लौट गए।

इससे पहले आज एलएसजी ने टॉस जीत कर कोलकाता नाइटराइडर्स को जीत का न्यौता दिया। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 235 रनों का विशाल स्कोर बोर्ड पर टांगा। सलामी जोड़ी फिल सॉल्ट (32) और सुनील नारायण (81) ने टीम को मजबूत शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 61रनों की साझेदारी हुई। शानदार बल्लेबाजी कर रहे साल्ट को नवीन उल हक ने रोका। विस्फोटक बल्लेबाज सुनील नारायण ने महज 27 गेंदों पर अपना सातवां पचासा पूरा किया। लखनऊ के स्पिनर रवि बिश्नोई ने उन्हें आउट किया। लखनऊ की ओर नवीन को तीन, यश ठाकुर, रवि और युद्धवीर सिंह को एक-एक विकेट मिला। आंद्रे रसल 12 और रघुवंशी 32 रन बना कर आउट हो गए। रिंकु सिंह ने 11 गेंदों में 16 रन बना कर आउट हुए। केकेआर के रमनदीप सिंह ने तूफानी पारी खेली और उन्होंने 6 गेंदों में नाबाद 25 रन बनाए।

### कोलकाता 235/6

20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सॉल्ट कैच के एल राहुल बोल्ड नवीन | 32 | 14 | 5/1 |
| नारायण कैच पड़िक्कल बोल्ड बिश्नोई | 81 | 39 | 6/7 |
| रघुवंशी कैच के एल राहुल बोल्ड युद्धवीर | 32 | 26 | 3/1 |
| रसल कैच गौतम बोल्ड नवीन उल हक | 12 | 8 | 1/1 |
| रिंकू कैच स्टॉयनिस बोल्ड नवीन उल हक | 16 | 11 | 2/0 |
| श्रेयस कैच के एल राहुल बोल्ड ठाकुर | 23 | 15 | 3/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 25 | 6 | 1/3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टॉयनिस 2-0-29-0 मोहसिन 2-0-28-0 नवीन 4-0-49-3 यश ठाकुर-4-0-46-1 क्रुणाल 2-0-26-0 बिश्नोई 4-0-33-1 युद्धवीर 2-0-24-1

### लखनऊ 137/10

16.1 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच रमनदीप बोल्ड हर्षित | 25 | 21 | 3/0 |
| अर्शीन कैच रमनदीप बोल्ड स्टार्क | 9 | 7 | 2/0 |
| मार्कस स्टॉयनिस कैच हर्षित बोल्ड रसल | 36 | 21 | 4/2 |
| दीपक हुड्डा पगबाधा चक्रवर्ती | 5 | 3 | 1/0 |
| निकोलस पूरन कैच सॉल्ट बोल्ड रसल | 10 | 8 | 0/1 |
| आयुष बदोनी कैच स्टार्क बोल्ड नारायण | 15 | 12 | 0/1 |
| एशटन टर्नर कैच आउट चक्रवर्ती | 16 | 9 | 0/2 |
| क्रुणाल पंड्या कैच सॉल्ट बोल्ड हर्षित | 5 | 6 | 0/0 |
| युद्धवीर कैच रसल बोल्ड चक्रवर्ती | 7 | 7 | 0/1 |
| रवि बिश्नोई पगबाधा हर्षित | 2 | 3 | 0/0 |
| नवीन उल हक नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** वैभव अरोड़ा 2-0-21-0, मिचेल स्टार्क 2-0-22-1, नारायण 4-0-22-1, हर्षित राणा 3.1-0-24-3, वरुण चक्रवर्ती 3-0-30-3, आंद्रे रसल 2-0-17-2


## डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार करने पर 23 अप्रैल को नाडा ने सौंपा था बजरंग को अस्थायी निलंबन

# डब्ल्यूएफआई ने लगाया नाडा पर अंधेरे में रखने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे 'अंधेरे में' रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है। बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था।

बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद मूत्र का नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से



चले गये थे। बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो एक्सपायर किट लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिये और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे।

बजरंग अगर तय समय में अपना जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने कहा, यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। मैंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था।

## रियल मैड्रिड ने जीता स्पेनिश लीग खिताब




**बार्सीलोना।** रियल मैड्रिड ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से पहले शनिवार को यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सीलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लीगा का खिताब जीता। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सीलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। बार्सीलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक हैं। गिरोना की टीम अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल-**amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

